3 | राजधानी
नरेला में नाबालिग की चाकू घोंपकर हत्या

6 | अभिमत
पंजाब में उद्योगों की समस्याएं

10 | विदेश
दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध हुआ तेज

12 | स्पोर्ट्स
भारत ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया

RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 261
नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



मणिपुर मुद्दे का समाधान होगा

राष्ट्रीय-11

# भ्रष्टाचारियों-वंशवादियों की जमात है विपक्षी गठबंधन

### ● मोदी ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस पर साधा निशाना

**भाषा।** राजकोट

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने नए विपक्षी गठबंधन इंडिया पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भ्रष्ट और वंशवादी लोगों ने अपनी जमात का नाम बदल दिया है, लेकिन उनका व्यवहार और लक्ष्य वही है। उन्होंने कहा कि वे (विपक्षी दल) नाराज हैं क्योंकि उनकी सरकार के तहत आम लोगों के सपने पूरे हो रहे हैं। गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे प्रधानमंत्री ने शहर के लिए एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और विभिन्न अन्य विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राजकोट के रेस कोर्स ग्राउंड में एक सभा को संबोधित करते हुए 26-दलों वाले विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा, जब देश प्रगति कर रहा है तो कुछ लोगों का परेशान होना स्वाभाविक है। जिन्होंने लोगों को (विकास से) वंचित रखा और हमारे नागरिकों की जरूरतों एवं आकांक्षाओं के बारे में कभी कोई चिंता नहीं की, वे अब नाराज हैं क्योंकि आम लोगों के सपने अब पूरे हो रहे हैं। मोदी ने विपक्ष पर नागरिकों से जुड़े मुद्दे उठाते समय दोहरे मानदंड अपनाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, इन वंशवादी और भ्रष्टाचारियों ने अपनी जमात का नाम बदल लिया है, लेकिन इनका चेहरा, आचरण और इरादे वही पुराने हैं। जब मध्यम वर्ग को कुछ सस्ता मिलता है, तो वे दावा करते हैं कि किसानों को (उनके उत्पादों के लिए) उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। जब किसानों को अच्छी कीमतें मिलती हैं, तो वे दावा करते हैं कि महंगाई बढ़ रही है। यह दोहरा मापदंड उनकी राजनीति की पहचान है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी सरकार 2014 में सुशासन देने की गारंटी के साथ आई थी और केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली (शेष पेज 9)



## लाल डायरी में छिपे हैं कई राजः प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के बर्खास्त मंत्री राजेंद्र गुढ़ा की कथित लाल डायरी के हवाले से राज्य सरकार पर निशाना साधा और इसे कांग्रेस की लूट की दुकान का सबसे नया उत्पाद करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस लाल डायरी का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। सीकर में एक आम सभा में मोदी ने विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कभी इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा का नारा दिया गया था और अब यूपीए इज इंडिया, इंडिया इज यूपीए की बात की जा रही है, लेकिन इनका जनता फिर से एक बार वही हाल करेगी जो पहले किया (शेष पेज 9)

## जयशंकर का विपक्ष पर निशाना, पूछा-आप किस तरह के इंडिया हैं

### ● सदन में विदेश मंत्री के बयान पर विपक्ष का हंगामा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में उनके बयान के दौरान हंगामा करने और सदन की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे इंडिया (विपक्षी गठबंधन का नाम) होने का दावा करते हैं, अगर वे भारत के राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने के लिए तैयार नहीं हैं तो वे किस तरह के इंडिया हैं।

जयशंकर ने सदन में विपक्षी सदस्यों के लगातार हंगामे के बीच भारत की विदेश नीति की सफलताओं तथा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया विदेश यात्राओं के बारे में सदस्यों को जानकारी देने के लिए सदन में स्वतः संज्ञान लेते हुए एक बयान दिया। उन्होंने बयान देना शुरू ही किया था विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर हिंसा पर प्रधानमंत्री मोदी के बयान और इस विषय पर चर्चा कराने की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। जयशंकर ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण राजनीति को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ सरकार की (शेष पेज 9)

## सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं भाजपा और आरएसएसः राहुल

### ● कहा- विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने के कारण हिंदुस्तान को बुरा-भला कह रहे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन का नाम इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) रखे जाने की वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब देश को ही बुरा-भला कह रहे हैं। उन्होंने बेंगलुरु में भारतीय युवा कांग्रेस के अधिवेशन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए यह दावा भी किया कि भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के सीकर में (शेष पेज 9)

# ईडी निदेशक का कार्यकाल 15 सितंबर तक आगे बढ़ा

### ● सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रहित में दी इजाजत, साथ ही स्पष्ट किया कि इसके बाद कोई कार्यकाल विस्तार नहीं दिया जाएगा

### ● केंद्र ने शीर्ष अदालत से किया था अनुरोध कि संजय कुमार मिश्रा को एफएटीएफ की समीक्षा प्रक्रिया के दौरान पद पर बने रहना जरूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संजय कुमार मिश्रा

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख संजय कुमार मिश्रा को 15 सितंबर की मध्य रात्रि तक कार्यकाल विस्तार दे दिया है। केन्द्र सरकार ने अदालत से मिश्रा को 15 अक्टूबर तक का कार्यकाल विस्तार देने का अनुरोध करते हुए कहा था कि एफएटीएफ की समीक्षा प्रक्रिया के दौरान उनका पद पर बने रहना आवश्यक है और भारत के पड़ोसी देश लगातार प्रयास कर रहे हैं कि देश ग्रे सूची में चला जाए। केन्द्र के इस अनुरोध पर सुनवाई करते हुए शुरुआत में शीर्ष अदालत ने बेहद तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि क्या हम यह छवि पेश नहीं कर रहे हैं कि और कोई नहीं है तथा पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है। हालांकि, बाद में न्यायालय ने नरम रुख अपनाते हुए मिश्रा के कार्यकाल विस्तार संबंधी केन्द्र के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। अदालत ने केन्द्र द्वारा किए गए अनुरोध (15 अक्टूबर तक) के मुकाबले एक महीने कम, 15 सितंबर तक का कार्यकाल विस्तार दिया है। उच्चतम न्यायालय के 11 जुलाई के एक फैसले के कारण मिश्रा का कार्यकाल 31 जुलाई को समाप्त हो रहा था और केन्द्र सरकार ने इसे 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि वह व्यापक जनहित और राष्ट्रहित में कार्यकाल विस्तार प्रदान कर रही है, लेकिन मिश्रा 15 सितंबर की मध्य रात्रि के बाद ईडी के प्रमुख नहीं रहेंगे। पीठ ने (शेष पेज 9)

# स्टेपल वीजा देने पर भारत ने चीन से जताई आपत्ति

### ● अरुणाचल के कुछ खिलाड़ियों को बीजिंग द्वारा जारी किए गए इस तरह के वीजा को नई दिल्ली ने अस्वीकार्य बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी किए जाने को अस्वीकार्य बताया और कहा कि वह ऐसे कदमों का समुचित उत्तर देने का अधिकार रखता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि भारत पहले ही इस मामले पर चीनी पक्ष के समक्ष अपना कड़ा विरोध दर्ज करा चुका है और भारतीय नागरिकों के लिए वीजा व्यवस्था में अधिवास या जातीयता के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए।

इस मामले से अवगत लोगों ने कहा कि विश्व-विश्वविद्यालय खेलों (वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम) में प्रतिस्पर्धा करने के लिए चीन के चेंगदू की वुशु खिलाड़ियों की 12 सदस्ईय टीम की यात्रा बुधवार रात को रद्द कर दी गई क्योंकि समूह में अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा दिया गया था। सरकार द्वारा मामले की जांच किए जाने के बाद टीम की यात्रा पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया। बागची ने कहा कि यह सरकार के संज्ञान में आया है कि उन कुछ भारतीय नागरिकों को स्टेपल वीजा जारी किया गया, जिन्हें चीन में एक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन में देश का प्रतिनिधित्व करना था।

उन्होंने कहा, यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है और हमने चीनी पक्ष के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है तथा भारत ऐसे कदमों का समुचित जवाब देने का अधिकार रखता है। उन्होंने एक मीडिया ब्रीफिंग में यह बात तब कही जब उनसे पूछा गया कि क्या अरुणाचल प्रदेश के कई खिलाड़ियों को स्टेपल वीजा जारी किया गया है। बागची ने कहा, हमारी दीर्घकालिक और स्पष्ट स्थिति यह है कि वैध भारतीय पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों के लिए वीजा व्यवस्था में अधिवास या जातीयता के आधार पर कोई भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं होना चाहिए। यदि आव्रजन अधिकारी किसी पासपोर्ट पर वीजा की मोहर न लगाते हुए अलग से कागज पर मोहर लगाकर देते हैं और मोहर लगाकर पासपोर्ट के साथ नत्थी कर देते हैं, तो उसे स्टेपल वीजा कहा जाता है।

इस मामले से अवगत लोगों ने बताया कि जहां टीम के अन्य सदस्यों को सामान्य वीजा मिला, वहीं अरुणाचल प्रदेश के खिलाड़ियोंको स्टेपल वीजा दिया गया। चीन द्वारा पहले भी अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी करने के मामले सामने आए थे, जिस पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। चीन अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर उस पर दावा करता रहा है। भारत ने अप्रैल में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का नाम बदले जाने को सिरे से खारिज किया था और कहा था कि राज्य भारत का अभिन्न अंग है।

# अलकायदा के निशाने पर जम्मू-कश्मीरः संरा

### ● अफगान तालिबान संग बना रहा नया आतंकी संगठन, बांग्लादेश और म्यांमार में अपने अभियान को दे रहा विस्तार, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**जम्मू-कश्मीर** को निशाना बनाने के लिए आतंकी संगठन अलकायदा तैयारी कर रहा है। इसके लिए वह अफगान तालिबान व अन्य संगठनों के साथ हाथ मिला रहा है। इसका खुलासा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक रिपोर्ट में हुआ है।

अल-कायदा बांग्लादेश और म्यांमार में अपने अभियान का विस्तार करने के लिए क्षेत्रीय सहयोगी को आकार दे रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड ए सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम द्वारा अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट के ग्लोबल ऑपरेशन पर रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि अल-कायदा के अफगानिस्तान में अनुमानित 400 लड़ाके हैं, जबकि भारतीय उप महाद्वीप में सक्रिय उसके सहयोगी अल-कायदा (एक्यूआईएस) में लगभग 200 लड़ाके हैं। एक्यूआईएस का नेतृत्व ओसामा महमूद कर रहा है।

संयुक्त राष्ट्र के एक अनाम सदस्य देश के आकलन का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि अल-कायदा जम्मू-कश्मीर, बांग्लादेश और म्यांमार मेंअपने अभियानों को फैलाने के लिए एक्यूआईएस को आकार दे रहा है। इस सदस्य (शेष पेज 9)

# ज्ञानवापी मामले में निर्णय 3 अगस्त को

### ● तब तक सर्वेक्षण पर रोक जारी रहेगीः उच्च न्यायालय

**भाषा।** प्रयागराज



**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को ज्ञानवापी सर्वेक्षण मामले में सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया। अदालत तीन अगस्त को निर्णय सुनाएगी। तब तक एएसआई सर्वेक्षण पर लगी रोक बरकरार रहेगी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अदालत में बृहस्पतिवार को अपराह्न तीन बजकर 15 मिनट पर सुनवाई शुरू हुई।

चूंकि मुख्य न्यायाधीश की अदालत में नियमित कार्य पूरा हो गया था, इसलिए न्यायमूर्ति दिवाकर ने दोनों पक्षों के वकीलों को बहस करने के लिए कहा। सुनवाई शुरू होने पर भारतीय पुरात्व विभाग (एएसआई) के अपर निदेशक ने अदालत को बताया कि एएसआई किसी हिस्से में खुदाई कराने नहीं जा रही है। वह मुख्य न्यायाधीश के सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि आपका का उत्खनन (एक्सकेवेशन) से क्या आशय है? एएसआई के अधिकारी ने कहा कि काल निर्धारण और पुरातत्विक गतिविधियों से जुड़ी किसी गतिविधि को उत्खनन कहा जाता है, लेकिन हम स्मारक के किसी हिस्से की खुदाई (डिगिंग) करने नहीं जा रहे।

मस्जिद कमेटी के वकील ने दलील दी कि वाद की पोषणीयता स्वयं उच्चतम न्यायालय में लंबित है और यदि उच्चतम न्यायालय बाद में इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि यह वाद पोषणीय नहीं है तो संपूर्ण कवायद बेकार जाएगी। इसलिए सर्वेक्षण उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद किया जाना चाहिए। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने फैसला सुरक्षित किए जाने के बाद अदालत के बाहर संवाददाताओं को बताया, मुस्लिम पक्ष के वकील ने दलील दी थी कि साक्ष्य एकत्रित करने के लिए विशेषज्ञ नहीं भेजा जा सकता, लेकिन हमने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के कई फैसलों का हवाला दिया जिसमें कहा गया है कि विशेषज्ञ भेजा जा सकता है।

उन्होंने कहा, हमने दलील दी कि एएसआई को राम मंदिर मामले में पैरा 361 में विशेषज्ञ निकाय माना गया है। इसके बावजूद मुस्लिम पक्ष कह सकता है कि इसकी स्क्रूटनी की जाए, लेकिन वह (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### आईएनएस विक्रांत पर नौसेना का नाविक मृत पाया गया

**कोच्चि।** नौसेना के 19 वर्षीय एक नाविक को बृहस्पतिवार तड़के आईएनएस विक्रांत पर फंदे से लटकता हुआ पाया गया। एक रक्षा विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है और इसकी सांविधिक बोर्ड से जांच कराने के आदेश दिए जा रहे हैं। अविवाहित नाविक बिहार के मुजफ्फरपुर का था। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### मुंबई में 25-26 अगस्त को होगी इंडिया की बैठक

**नई दिल्ली।** विपक्ष के 26 दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक मुंबई में 25 और 26 अगस्त को होगी। सूत्रों का कहना है कि यह बैठक शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जाएगी तथा इसमें कांग्रेस का भी सहयोग होगा। ऐसा पहली बार होगा कि इंडिया के घटक दलों की बैठक ऐसे किसी राज्य में होने जा रही है जहां इनमे से कोई भी पार्टी सत्ता मे नही है।

## सीबीआई करेगी महिलाओं को निर्वस्त्र किए जाने की जांच

**नई दिल्ली( भाषा )।** मणिपुर में भीड़ द्वारा दो महिलाओं को निर्वस्त्र करके घुमाए जाने की घटना की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जाएगी और सरकार इस मामले में मुकदमे की सुनवाई राज्य से बाहर कराने का अनुरोध करेगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुनवाई पड़ोसी राज्य असम की अदालत में कराने का अनुरोध किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय मेइती और कुकी समुदायों के संपर्क में है तथा मणिपुर में शांति बहाली के लिए बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। मणिपुर में करीब तीन महीने से जारी जातीय हिंसा के कारण अभी तक 160 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। चार मई को महिलाओं के साथ हुई उत्पीड़न की इस घटना का वीडियो इस महीने सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद देश भर में आक्रोश व्याप्त हो गया था।

# राम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए मोदी को न्योता

**भाषा।** अयोध्या

### ● पत्र में समारोह के लिए 15 से 24 जनवरी के बीच की दी गई हैं तिथियां

**श्री** राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अगले साल जनवरी में अयोध्या में भव्य मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को औपचारिक निमंत्रण भेजा है। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण करा रहे इस ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने प्रधानमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण भेजा है।

पत्र में कहा गया है कि अगर प्रधानमंत्री इस समारोह में शामिल होते हैं तो दुनिया भर में देश की छवि और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि निमंत्रण पत्र में इस समारोह के लिए 15 से 24 जनवरी के बीच की तारीख दी गई हैं लेकिन कार्यक्रम की तिथि प्रधानमंत्री की उपलब्धता पर निर्भर करेगी। राय ने बताया कि समारोह के लिए 10 हजार लोगों को निमंत्रण भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री ने अगस्त 2020 में राम मंदिर का भूमि पूजन भी किया था। उच्चतम न्यायालय ने नौ नवंबर 2019 को राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाते हुए अयोध्या में संबंधित स्थल पर राम मंदिर का निर्माण कराने के आदेश दिए थे।

मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री समेत बड़ी संख्या में देश के अति-विशिष्ट अतिथियों के आने की संभावना के मद्देनजर सुरक्षा एजेंसियों ने राम जन्मभूमि परिसर में होने वाले समारोह के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां समारोह के दिन आम श्रद्धालुओं की आमद को नियंत्रित करना चाहती हैं क्योंकि भीड़ बढ़ने से



राम मंदिर निर्माण का फाइल फोटो

सुरक्षाकर्मियों को परेशानी हो सकती है। इस बीच, ट्रस्ट ने इस साल दिसंबर तक मंदिर का निर्माण पूरा करने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए श्रमिकों और तकनीशियनों की संख्या बढ़ा दी है। अब निर्माण कार्य चौबीसों घंटे अलग-अलग पालियों में किया जा रहा है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि पहले राम मंदिर परिसर में 550 कर्मचारी काम कर रहे थे, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में ट्रस्ट ने यह संख्या बढ़ाकर करीब 1,600 कर दी है। उन्होंने कहा कि जो काम पहले 18 घंटे होता था, वह अब चौबीसों घंटे होने लगा है।

राय ने कहा कि ट्रस्ट ने दिसंबर तक भूतल का काम पूरा करने की समयसीमा तय की है ताकि जनवरी 2024 तक मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोला जा सके। उन्होंने बताया कि राम मंदिर की ओर जाने वाले मार्गों पर 22 करोड़ रुपए की लागत से पौधे लगाए जाएंगे तथा वन विभाग मौसमी फूलों के अलावा विभिन्न प्रकार के सजावटी पौधे लगाकर राम पथ, धर्म पथ और भक्ति पथ की सुंदरता बढ़ाएगा। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि राम पथ में सड़क के दोनों किनारों पर फुटपाथ के साथ 500-500 मीटर की श्रृंखला में ताइबेबुया अर्जेंटिया (पीला रंग), ताइबेबुया रसिया (गुलाबी), ताइबेबुया की सजावटी श्रृंखला में लगभग 4,750 पौधे लगाए जाएंगे।

दयाल ने वन विभाग को लगभग 17,000 पौधे लगाकर इन सड़कों की सुंदरता बढ़ाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को आस्था के शहर के साथ-साथ एक प्रदूषणमुक्त वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा और आस्था के भाव के साथ जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ जैसे मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। दयाल ने कहा कि इसके साथ ही धर्म पथ, पंच कोसी तथा चौदह कोसी परिक्रमा मार्गों के सौंदईकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

## स्टार निशान वाले नोट पूरी तरह वैध हैंः रिजर्व बैंक

**मुंबई ( भाषा )।** भारतीय रिजर्व बैंक ने स्टार निशान वाले नोट की वैधता को लेकर जताई जा रही तमाम आशंकाएं खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि ए नोट किसी भी दूसरे वैध नोट के ही समान हैं। आरबीआई ने बयान में कहा कि गलत छपाई वाले नोट की जगह जारी किए जाने वाले नोट पर अंकित संख्या वाले पैनल में स्टार का निशान जोड़ा गया है। सीरियल नंबर वाले नोटों की गड्डी में गलत ढंग से छपे नोट के बदले स्टार निशान वाले नोट जारी किए जाते हैं। बैंक ने यह स्पष्टीकरण नोटों के नंबर पैनल में स्टार निशान होने पर उनकी वैधता को लेकर कुछ सोशल मीडिया पोस्ट में आशंकाएं जाहिर किए जाने के बाद दिया है। आरबीआई ने कहा, स्टार निशान वाला बैंक नोट किसी भी दूसरे वैध नोट की ही तरह है। उसका स्टार निशान बस यह दर्शाता है कि उसे बदले गए या दोबारा प्रिंट किए गए नोट की जगह जारी किया गया है। स्टार का यह निशान नोट के नंबर और उसके पहले दर्ज होने वाले अक्षरों के बीच में लगाया जाता है।

# पानी उतरने लगा मगर अब बढ़ा संक्रमण का खतरा

## करहेड़ा और अटोर-नंगला गांव में बड़ी संख्या में कीड़े उत्पन्न, नालियों का पानी सड़क पर

● बिजली घर से आपूर्ति पूरी तरह से बहाल होने में अभी तीन से चार दिन का समय लगेगा, मकान खाली होने से इलाके में बढ़ रही है चोरियां

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



बाढ़ पीड़ितों को गाजियाबाद प्रशासन खाने पीने की चीजे मुहैया करा रहा है।



हिंडन नदी के आसपास की कालोनियों की सड़कों पर अभी पानी भरा है।

करहेड़ा और अटोर-नंगला गांव में पानी कम हो गया है। लेकिन पानी कम होने के बाद क्षेत्र में संक्रमित बीमारियों से निबटने की चुनौती खड़ी हो गई है। सिटी फॉरेस्ट में अभी भी दो ढाई फुट पानी जमा है जहां बडी संख्या में कीड़े उत्पन्न हो गए हैं। हालांकि सिटी फॉरेस्ट के आसपास की कॉलोनियों को पानी आने के बाद खाली करा लिया गया था।

नालियां गंदगी से ओवर फ्लो होने के कारण गंदा पानी भी सड़कों पर फैला हुआ है। इसकी वजह से यहां वापस आने पर लोगों को बीमारियों से बचाव के लिए जूझना पड़ेगा। पूरी तरह से पानी उतरने के बाद घरों की सफ ाई से लेकर कॉलोनियों में सफाई कराना एक बड़ा काम होगा, जो अगर समय से नहीं हुआ तो हजारों लोग बीमारियों की चपेट में आ जाएंगे। इसके कारण लोगों को बीमारियों से बचाना स्वास्थ्य विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगा। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में कैंप लगाकर स्वास्थ्य जांच की जा रही हैं। पानी की अगर बात करें तो सिटी फॉरेस्ट के अलावा करहेड़ा के शिव चौक पर पानी कम हो गया है पूरी तरह से पानी निकाले जाने में अभी एक से दो दिन का समय लग सकता है। अटोर नंगला की भी यही स्थिति है। करहेडा में पानी का स्तर कम हुआ है लेकिन अभी भी करहेडा स्थित बिजली घर में पानी भरा हुआ है। पानी को पम्प सेट के जरिए निकालने का काम किया जा रहा है।

लेकिन इस बिजली घर से आपूर्ति पूरी तरह से बहाल होने में अभी तीन से चार दिन का समय लग जाएगा। बिजली न होने के चलते लोगों को पानी के संकट का भी सामना करना पड़ेगा। बाढ़ के पानी के साथ ही करहेड़ा में बड़ी संख्या में सांप और बिच्छु जैसे जीव भी आ गए हैं। करहेड़ा के प्रभावित क्षेत्रों से दूसरे स्थानों पर यह जीव पहुंच रहे हैं। ऐसी दर्जनों शिकायतें आ रही हैं कि लोगों के घरों से सांप आदि जीव निकल रहे हैं। जिसकी वजह से लोगों में भय का माहौल है।

पानी खत्म होने के बाद सांपों का खतरा और भी अधिक बढ़ने की उम्मीद है। लोनी की तरह करहेड़ा में भी बाढ़ का पानी कम होने के बाद दर्जनों घरों के ताले टूटे मिले हैं। पानी के चलते लोगों को अपने घर छोडकर अन्य जगहों पर जाना पड़ा। अब इन जगहों का पानी कम हुआ है तो कई घरों के ताले टूटे पड़े हैं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कुल कितने घरों के ताले टूटे हैं और कितना सामान चोरी हुआ है। अभी भी पानी पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है जिसकी वजह से लोग वापस नहीं लौटे हैं। लेकिन क्षेत्र में घूम रही राहत बचाव कार्य में लगी टीमों को कई घरों के ताले टूटे मिले हैं।




# वॉट्सऐप और मोबाइल लिस्ट से पता चलेगा सीमा हैदर का सच

● 2 दिन में मिल सकती है मोबाइल डाटा रिपोर्ट, पाकिस्तानी एंबेसी से अभी नहीं आया जवाब



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

पाकिस्तानी सीमा हैदर जासूस है या नहीं, यह पहेली जल्द ही सॉल्व होने वाली है। सीमा के टूटे हुए मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा गया था। बताया गया कि डेटा रिकवर किया जा रहा है। रिपोर्ट दो दिन में पुलिस को मिल सकती है। यही रिपोर्ट पुलिस जांच एजेंसियों को भी भेजेगी। इस रिपोर्ट में सीमा का वॉट्सऐप चैट, वीडियो, फ ोटो के अलावा पाकिस्तानी कॉन्टेक्ट और अन्य दस्तावेज हो सकते हैं। एक फ ोन सचिन के पास से भी मिला था। वो भी टूटा था। उसकी रिपोर्ट भी मिलेगी।

शुरुआती पूछताछ में सीमा ने पाकिस्तान के जो नंबर बताए थे वो या तो गलत थे या फिर नहीं मिल रहे थे। इसी के बाद जांच एजेंसियों को सीमा पर पाकिस्तानी जासूस होने का शक गहराने लगा था।

पुलिस को पाकिस्तानी एंबेसी से रिपोर्ट आने का इंतजार भी है। पाकिस्तानी सरकार सीमा को अपना नागरिक मानती है तो आगे की प्रक्रिया करते हुए एंबेसी को सौंपा जाएगा। कई एजेंसियों की जांच के चलते सीमा-सचिन को पुलिस सुरक्षा में ही रहना होगा। परिजनों व करीबियों की गतिविधियों पर भी कड़ी निगरानी रहेगी। किसी वक्त भी किसी से पूछताछ की जा सकती है। सचिन के घर पर पुलिस बल तैनात है। लोगों की नजरों से बचाने के लिए हर रोज उनके रहने का स्थान बदल दिया जाता है।

हालांकि दावा किया जा रहा है कि गुपचुप तरीके से देर.सबेर कुछ लोग अभी भी मुलाकात कर रहे हैं। उधर, बताया जाता है कि सीमा की तबीयत में अब सुधार है, लेकिन अब सीमा खुद मीडिया के सामने नहीं आना चाहती है।

सीमा बार-बार यही कह रही है कि अब बस करो, मैं थक चुकी हूं। पुलिस ने सीमा का फर्जी आधार बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, 24 जुलाई को थाना दादरी पुलिस इंटेलिजेंस की सूचना पर दादरी.बादलपुर बाईपास की तरफ जाने वाली फ्लोई ओवर के पास से 2 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इनके नाम पवन कुमार 34 और पुष्पेन्द्र कुमार 24 हैं। दोनों आरोपी बुलंदशहर के रहने वाले हैं।

आरोपियों के पास से 15 फ र्जी आधार कार्ड, 03 एचपी लैपटॉप, 03 प्रिन्टर, 02 की.बॉर्ड, 02 माउस, 02 छोटे.बड़े फि ंगर प्रिन्ट डिवाइस, 01 कनेक्टर, 02 लैपटॉप चार्जर बरामद किए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार



मणिपुर की घटना के विरोध में रालोद नेता ज्ञापन दिखाते हुए।

### मणिपुर की घटना के विरोध में रालोद ने किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** मणिपुर में दो महिलाओं के साथ हुई घटना के विरोध में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। रालोद ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। रालोद नेताओं ने कहा कि चार मई को मणिपुर में जो हुआ व मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। इस घटना ने दूसरे पूर्वोत्तर राज्यों में भी संकट खड़ा कर दिया है। मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक सकंट पर दोनों सदनों में कोई चर्चा हुई नहीं पीएम ने सदन की कार्रवाई में शामिल होकर अपना बयान दिया। रालोद नेताओं ने ज्ञापन में मांग की है कि मणिपुर सरकार को तत्काल बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाकर मणिपुर नरसंहार की जांच की जाए। महिलाओं, आदिवासी, दलितों व गरीब महिलाओं के उत्पीडन् पर कड़ी कार्रवाई करते हुए रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में अमरजीत सिंह बिड्डी, ओडी त्यागी, लोकेश चौधरी, अजयवीर सिंह, प्रदीप त्यागी, ऋषिपाल सिंह, तेजपाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह टीटू, रविन्द्र चौहान, केपी भार्गव, विरेन्द्र सिंह, अमित त्यागी, मनोज कुमार, सुशील कुमार, विनोद गौतम, सतपाल सिंह, राजेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मंत्री स्वतंत्र देव की टिप्पणी पर त्यागी समाज खफा

**गाजियाबाद।** मंत्री स्वतंत्र देव की समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में त्यागी समाज में आक्रोष है। अखिल भारतीय त्यागी ब्राहम्ण सभा के बैनर तले समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जाहिर की और डीएम के माध्यम से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नाम ज्ञापन सौंपा। सभा के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया है कि मंत्री स्वतंत्र देव ने त्यागी समाज की बेटियों व समाज को लेकर अशोभनीय बयान दिया है जिसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। त्यागी समाज अपनी बेटियों की सुरक्षा करने में सक्षम है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि त्यागी समाज सरकार का सहयोगी रहा है इसके बाद भी इस तरह के बयानबाजी से भाजपा को नही नुकसान होगा। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि मंत्री सार्वजनिक रूप से अपने बयानों के लिए माफी मांगे साथ ही संगठन भी मंत्री के खिलाफकार्रवाई करें। इसके विरोध में आज जगह.जगह समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष सुरेशचंद त्यागी, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, संजय त्यागी, अरूण त्यागी आदि समाज के लोग शामिल रहे।

### मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

**गाजियाबाद।** एसीपी नन्दग्राम के निर्देशन और एसएचओ सिहानी गेट नरेश कुमार शर्मा की अगुवाई में मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के लिये शासन के द्वारा चलाये जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी व गतिशील बनाने के लिये स्कूलों, कॉलेज, कंपनियों, मॉल्स, बाजारों व सार्वजनिकस्थलों कॉलोनियों, मौहल्लों और गांवों में जाकर महिलाओं, युवतियों, छात्राओं व बच्चियों को अपराध से बचने के कारगर उपायों से अवगत करवाया। इस अभियान के दौरान कई टीम ने महिला अपराध से बचाव करने वाले उपायों को बताने के लिये गली.गली जाकर प्रचार व प्रसार किया। यह जानकारी देते हुए एसीपी नन्दग्राम रवि कुमार सिंह ने बताया कि मिशन शक्ति को पूरी तरह से सफ ल बनाने के लिये सजग एवं तत्पर कमिश्नरेट पुलिस ने महिलाओं का जागयक करने वाले पंपलेटस भी बांटे।

# कार की खिड़की पर लटककर बनवाई रील

● पुलिस ने मामले तीन लोगों को किया गिरफ्तार, चौथा साथी फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



गाजियाबाद में पुलिस की तमाम सख्ती के बावजूद स्टंटबाजी खूब हो रही है। बुधवार रात भी ऐसा ही हुआ। लिंक रोड थाना क्षेत्र में दौड़ रही बलैनो कार की खिड़कियों पर दो लड़के लटककर रील शूट करवाते दिखाई दिए।

वीडियो वायरल हुई तो गाजियाबाद पुलिस हरकत में आई और कार नंबर के आधार पर पुलिस ने 3 लोगों को अरेस्ट किया है। पकड़े गए युवकों ने बताया कि रात में वो बर्थडे पार्टी मनाकर लौट रहे थे। ये वीडियो लिंक रोड थाना क्षेत्र में बनाई गई, जब कार साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन की तरफ बढ़ रही थी।

सफेद रंग की कार की स्पीड काफी तेज थी। इसके लेफ्ट वाली दोनों खिड़कियों पर दो लड़के बाहर निकलकर खड़े थे। बैकग्राउंड में कोई हरियाणवी म्यूजिक चल रहा था। पीछे दूसरी कार से चल रहे लड़कों ने ये रील शूट की और फि र वायरल कर दी।

वीडियो वायरल होने के कुछ घंटे बाद ही गाजियाबाद कमिश्नरेट पुलिस ने ट्वीट करके बताया, सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो जिसमें कुछ लड़के खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए दिख रहे हैं।

उक्त संबंध में थाना लिंक रोड पुलिस द्वारा गाड़ी को सीज कर एक अभियुक्त को पकड़ लिया गया है। स्टंटबाजी की वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना लिंक रोड पुलिस ने एक को अरेस्ट किया था। उससे पूछताछ के बाद दो आरोपी बाद में पकड़े गए। इनकी पहचान प्रियांशु सिंह, अर्जुन त्यागी और राहुल आहूजा के रूप में हुई है। चौथा साथी सत्यम फरार है।

# मोदीनगर में विधायक पति के साथ तीस लाख रुपये की धोखाधड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में भाजपा विधायक पति व भाजपा नेता से प्लॉट दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है।

पुलिस ने तहरीर के अनुसार एक महिला समेत दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोदीनगर से भाजपा विधायक डॉ मंजू शिवाच के पति डॉ देवेन्द्र शिवाच नगर के जानेमाने सर्जन हैं। बताया जा रहा है कि नगर की किदवईनगर कॉलोनी निवासी प्रॉपर्टी डीलर बाबू और मेरठ के भूडबराल निवासी इकबाल के माध्यम से कादराबाद की रामवाटिका में 500 वर्ग गज के प्लॉट का सौदा 35 लाख रुपये में तय हुआ।

विधायक पति ने विक्रेता के खाते में मई 2022 में आरटीजीएस के माध्यम से तीन बार में 30 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। निर्धारित तिथि आने पर विक्रेता ने बैनामा नहीं किया और कई महीनों तक टालने के बाद बैनाम करने से इंकार कर दिया। आरोपी ने कुछ माह बाद रकम लौटाने का वादा किया।

# बाहुबली डीपी यादव सहित तीन बरी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● नीतीश कटारा हत्याकांड के गवाह को मारने का हुआ था प्रयास

गाजियाबाद के नीतीश कटारा हत्याकांड के मुख्य गवाह को जहर देकर मारने का प्रयास करने के मामले में पूर्व मंत्री डीपी यादव समेत तीन लोगों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि इनके खिलाफ पुलिस पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध नहीं करा पाई। इसी केस में बीजेपी विधायक सहित चार आरोपी पहले बरी हो चुके हैं।

थाना साहिबाबाद में अजय कटारा ने 18 जुलाई 2007 को इस संबंध में एक शिकायत कराई थी। अजय कटारा के मुताबिक, मेरा पत्नी तनु चौधरी से विवाद चल रहा था। 11 जुलाई 2007 की शाम इस केस में समझौता कराने के नाम पर मेरे घर पर अनुज शर्मा और मनोज शर्मा नामक व्यक्ति आए।

वे समझौता कराने के लिए अपनी गाड़ी में डालकर मुझे मोहन नगर स्थित मंदिर पर ले गए, वहां पहले से नंदकिशोर गुर्जर वर्तमान भाजपा विधायक, यतेंद्र नागर और सलीम खान मौजूद थे। उन्होंने मुझे आलू की टिक्की थी। खाने में कड़वाहट लगने पर मैंने वो टिक्की फेंक दी।

# नाले से शव मिलने से फैली सनसनी, हत्या की आशंका

**नोएडा।** सेक्टर-37 के नाले से एक व्यक्ति का शव मिलने से गुरुवार की सुबह सनसनी फैल गई।

आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त व्यक्ति की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नाले में फैंका गया है। थाना सेक्टर-39 प्रभारी ने बताया कि गुरुवार सुबह किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि सेक्टर-37 के नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन सफ लता नहीं मिल पाई। शव करीब 2 दिन पुराना है। शव पर कोई चोट के निशान नहीं हैं।

# ग्रेटर नोएडा में जुटेंगे देश के बड़े उद्यमी

● पहला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 21 से 25 सितंबर तक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




उत्तर प्रदेश सरकार और इंडिया एक्सपो मार्ट के संयुक्त प्रयास से आगामी 21 से 25 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जाएगा।

इसी उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और इंडिया एक्सपो मार्ट की तरफ से एक्सपो मार्ट में पहला रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें नोएडा-ग्रेटर नोएडा के तमाम उद्यमी शामिल हुए।

,इस रोड शो में उद्यमियों व व्यापारियों को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के बारे में पीपीटी के जरिए जानकारी दी गई। दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रति वर्ष होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो की तर्ज पर उत्तर प्रदेश के व्यापारियों और उद्यमियों को बृहद स्तर पर प्लेटफ ॉर्म उपलब्ध कराने के मकसद से इस ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। रोड शो में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी व उद्योग विभाग के प्रभारी विशु राजा ने ट्रेड शो के बारे में जानकारी साझा की। इंडिया एक्सपोमार्ट के सीईओ सुदीप सरकार ने बताया कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में एमएसएमई, पर्यटन, स्वास्थ्य, कपड़ा, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण, खिलौना संघ और शिल्प क्लस्टर और कपड़ा, सूक्ष्म और अति सूक्ष्म उद्योग आदि से जुड़े लोग शामिल होंगे।

# पीएम मोदी के भाई की गाजियाबाद में डायलिसिस

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाई प्रह्लाद मोदी गुरुवार को गाजियाबाद के संजयनगर सेक्टर-23 स्थित संयुक्त जिला अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने डायलिसिस कराई।

वे साधारण मरीज की तरह डायलिसिस वार्ड में भर्ती हुए और इलाज कराया। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर विनोद चंद्र पांडे ने कहा हमारे यहां पर डायलिसिस की सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं। आज प्रह्लाद मोदी अपना डायलिसिस कराने के लिए आए थे। उनका शेडयूल पहले से तय था। सामान्य मरीजों की तरह उपचार कराने के बाद जरूरी दवाएं लेकर वे चले गए। दरअसल, प्रह्लाद मोदी किडनी की समस्या से जूझ रहे हैं और एक निर्धारित वक्त के बाद उनकी डायलिसिस होती है।

# योजनाओं की सफलता के लिए सही सर्वेक्षण हो: जिलाधिकारी

● मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रैट सभागार में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




कार्यशाला में डीएम मनीष कुमार वर्मा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाये जाने की कल्पना को साकार करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रैट सभागार में संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि भारत को एक विकसित राष्ट्र एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री की संकल्पना को पूर्ण किये जाने के लिए भारत सरकार के कार्यान्वयन मंत्रालय एवं प्रदेश सरकार के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा विभिन्न सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य कराया जा रहा है। सरकार द्वारा किसी भी योजना को बनाने व लागू करने के लिए यह जानना अति आवश्यक होता है कि आम नागरिक की उस योजना के सापेक्ष क्या स्थिति है।

डीएम ने कहा कि सरकार योजनाओं को बनाने में आम जन की आवश्कताओं व अपेक्षाओं को ध्यान में रखती है। इसके लिये भारत सरकार व राज्य सरकार समय समय पर विभिन्न प्रकार के सर्वेक्षण कराती रहती है। इन सर्वेक्षणों के माध्यम से ही कई अहम जानकारियाँ एकत्रित की जाती हैं, जिससे भविष्य में सरकार द्वारा जनहित में नीतियाँ बनाई जाती हैं, इसलिए यह अति आवश्यक हो जाता है कि हम सरकार को सही आँकड़े उपलब्ध कराएं ताकि भविष्य में ऐसी योजनाएं लागू हो सकें, जिससे जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सके। सर्वेक्षण में जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम सदैव गुप्त रखा जाता हैं।

सर्वेक्षण से प्राप्त समस्त आंकड़ों का इस्तेमाल सदैव सामाजिक स्तर पर ही किया जाता है, किसी व्यक्ति विशेष या संस्था विशेष के लिए नहीं। उन्होने कहा कि जनपद में चल रहे सर्वेक्षणों में ज्यादा से ज्यादा सही जानकारी देने का प्रयास करें।

उन्होंने उपस्थित विभिन्न अधिकारियों को निर्देशित किया कि आप सभी अपने स्तर से भी सभी को इस विषय पर जागरूक करें, जिससे आमजनमानस द्वारा दी गई जानकारी सरकार द्वारा बनाई जाने वाली योजनाओं में कारगर साबित हो सके। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या मेरठ मण्डल मेरठ जितेन्द्र कुमार ने भी अपने विचार रखे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# सेंट स्टीफंस, जीसस एंड मेरी कॉलेज को कोर्ट से राहत




● हाई कोर्ट ने अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सीयूईटी स्कोर के लिए 85 प्रतिशत और साक्षात्कार के लिए 15 प्रतिशत वेटेज देने की दी अनुमति



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफंस और जीसस एंड मेरी कॉलेज में दाखिला नियमों को लेकर उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत मिली है ।

अदालत ने इन कॉलेजों को इस साल भी सामान्य श्रेणी में दाखिले के लिए सीयूईटी के स्कोर को ही 100 फीसदी वरीयता देने की अनुमति दी है। लेकिन, माइनॉरिटी कैटेगरी में 85 फीसदी वेटेज सीयूईटी के रिजल्ट और 15 फीसदी माइनोरिटी वेटेज के साथ साक्षात्कार के आधार पर दाखिला ले सकते हैं।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने इसी तरह जीसस एंड मैरी कॉलेज को भी अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित सीटों को लेकर साक्षात्कार आयोजित करने की अनुमति दी है। अदालत का आदेश दो अल्पसंख्यक कॉलेजों द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कार्यकारी परिषद के आठ दिसंबर, 2022 के फैसले पर रोक लगाने के आवेदनों पर आया।

फैसले में अल्पसंख्यक आरक्षण के तहत दाखिले के लिए विश्वविद्यालई सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2023 में प्राप्त अंकों को 100 प्रतिशत वरीयता के आधार पर दाखिला देने पर जोर दिया गया था। अधिसूचना को चुनौती देते हुए कॉलेजों ने याचिकाएं दायर की थीं। दोनों कॉलेजों की याचिकाओं के अलावा अदालत ने सेंट स्टीफंस कॉलेज में अल्पसंख्यक छात्रों के लिए सीयूईटी से इतर साक्षात्कार आयोजित करने के खिलाफ शेरोन एन जॉर्ज नामक महिला की याचिका पर भी आदेश पारित किया।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पूर्व के फैसले में वह पहले ही इस बात पर चर्चा कर चुकी है कि डीयू किस हद तक अल्पसंख्यक छात्रों के प्रवेश को नियमित कर सकता है और फैसला सुनाया कि सेंट स्टीफंस अल्पसंख्यक छात्रों को सीयूईटी में प्राप्त अंकों के 85 प्रतिशत और साक्षात्कार से प्राप्त अंकों के 15 प्रतिशत के आधार पर दाखिला दे सकता है। लेकिन गैर-अल्पसंख्यक छात्रों के लिए यह सुविधा नहीं होगी।

# पशुओं के लिए कल्याण बोर्ड का गठन

● गोपाल राय की अध्यक्षता में बोर्ड की पहली बैठक में इलाज के लिए 5 मोबाइल वैन तैनात करने के निर्देश


पशु कल्याण बोर्ड की पहली बैठक में विकास मंत्री गोपाल और अधिकारीगण।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पशु कल्याण बोर्ड की पहली बैठक हुई।

इस बैठक के बाद मंत्री ने बताया कि नव गठित पशु कल्याण के मुद्दों को लेकर दिल्ली पशु कल्याण बोर्ड का गठन किया गया है। 19 वर्गों में विभाजित विधायक सोमदत्त और बन्दना कुमारी समेत कुल 27 सदस्य पशु कल्याण बोर्ड में शामिल किए गए है। यह बोर्ड पशुओं के प्रति होने वाली क्रूरता की रोकथाम और उनकी बेहतरी के लिए कार्य करेगी। साथ ही पशुओं के इलाज के लिए 5 मोबाइल वैन लगाने के लिए निर्देश दिए गए है। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य जांच के लिए सभी सुविधाओं से लैस 5 डायग्नोस्टिक सेंटर्स बनाने के भी निर्देश दिए गए हैं। गोपाल राय ने बताया कि बैठक में पशुओं की बेहतरी के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान मुख्यत: आवारा पशुओं की समस्या सामने आई। उनके इलाज एवं अन्य तरह की व्यवस्थाओं के लिए 5 मोबाइल वैन लगाने के लिए निर्देश दिए गए है। पशुओं के हेल्थ चेक अप के लिए सभी सुविधाओं से लैस 5 डायग्नोस्टिक सेंटर्स बनाने के भी निर्देश दिए गए है। पशु कल्याण बोर्ड पशु कल्याण से संबंधित कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने, इस कार्य से जुड़ी संस्थाओं की मदद करने इस संबंध में परामर्श देने का कार्य करता है।

इस बोर्ड का मुख्य उद्देश्य है कि सभी प्रकार के जीवों की पीड़ा से बचाव करना और उनकी बेहतरी के लिए रोडमैप तैयार करना। यह बोर्ड पशु कल्याण से संबंधित कानूनों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने और इस कार्य से जुड़ी संस्थाओं की मदद करने का कार्य करेगा।

# महाराष्ट्र के सोना कारोबारी की चाकू मारकर हत्या

● कमरे से मिले 39.5 लाख, एक संदिग्ध पकड़ा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

करोल बाग इलाके में सोने का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

मृतक की पहचान प्रताप जाधव के रूप में हुई है। पुलिस को इस हत्याकांड में किसी करीबी के शामिल होने की शक जताया है। हालांकि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सुदीप और गणेश को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य दो की तलाश जारी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपियों ने लूट के मकसद से वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रताप जाधव के रूप में हुई।

वह मूल रूप से महाराष्ट्र के रहने वाले थे। पुलिस को बीडनपुरा में जिस कमरे में उनकी लाश मिली, वहीं से वह अपना कारोबार संभालते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त संजय सेन ने बताया कि बुधवार रात पौने 11 बजे वारदात की सूचना मिली थी। पुलिस बीडनपुरा कॉलोनी में एक मकान में तीसरी मंजिल पर पहुंची, जहां खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान प्रताप जाधव के रूप में हुई।

मौके पर क्राइम और एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। छानबीन में पता चला मृतक सोने का कारोबार करते थे।

वह सोने को गलाते और उसकी ईंट बनाकर ज्वेलर्स के पास डिलीवरी पहुंचाते थे। पुलिस को तफ्तीश के दौरान मौके से 39 लाख 50 हजार कैश मिला। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई। जिसमें चार संदिग्ध नजर आए। इनमें दो आरोपियों की पहचान गणेश और सुदीप के तौर पर हुई।

## सुदीप को डांटा तो दिया वारदात को अंजाम

पुलिस सूत्रों के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि मालिक प्रताप ने 10 दिन पहले सुदीप को डांटे थे। तभी सुदीप ने मालिक को आर्थिक रूप से चोट पहुंचाने की ठान ली थी। वही इस वारदात का मुख्य आरोपी है। करीब 4 महीने पहले ही प्रताप ने उसे नौकरी पर रखा था। आरोपियों ने प्रताप को पहले नशीला जूस पीने के लिए दिया था, लेकिन उसका असर नहीं हुआ तो चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी। जिसके बाद वहां से कुछ गोल्ड लेकर फरार हो गए थे। मौके से कितना सामान लूटा गया, इसका अभी खुलासा नहीं हो सका है।

## नरेला में नाबालिग की हत्या, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में दो भाइयों ने एक 17 वर्षीय किशोर की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी और पीड़ित दोनों एक ही इमारत में रहते थे और दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता रहता था।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया है और उसके कब्जे से चाकू समेत अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त कर ली गई है।

आरोपियों में एक नाबालिग है। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार सिंह के अनुसार, बुधवार देर रात करीब सवा दो बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली कि एक लड़के के गर्दन और पेट पर चाकू से हमला किया गया है। पीड़ित की पहचान नरेला के स्वतंत्र नगर निवासी राहुल के रूप में की।


अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2023 में अत्याधुनिक गोला-बारूद और ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। फोटो: रंजन डिमरी

# दिल्ली के किसान सरकारी लाभ से वंचित : भाजपा

● भाजपा किसान मोर्चा ने देहात में 62 स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित




पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम का दिल्ली भाजपा ने राजधानी में 62 स्थानों पर लाइव प्रसारण किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने देश भर में 8.5 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करने, 1.25 लाख नए प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों का आनलाइन उद्घाटन, और सल्फर कोटेड यूरिया गोल्ड खाद को किसानों को समर्पित किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मयूर विहार मेट्रो स्टेशन के पास प्रधानमंत्री का संदेश सुना और एकत्र जनों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार देश के अंतिम किसान तक सरकारी सम्मान योजनाओं का लाभ पहुंचाने में लगी है तब दिल्ली का किसान इस लाभ से वंचित है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने नीलवाल गांव में किसानों के साथ प्रधानमंत्री का संदेश सुना और किसानों से चर्चा की। पूसा संस्थान में मंत्री मीनाक्षी लेखी, आजादपुर में सांसद डॉ. हर्षवर्धन, बुराड़ी में सांसद मनोज तिवारी मौजूद रहे।

# बाढ़ प्रभावितों को सुविधा देने में केजरीवाल रहे नाकाम : कांग्रेस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर पीड़ितों को मदद पहुंचाई।

इस अवसर पर चौधरी अनिल कुमार ने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसानों को मदद पहुंचाने में हर मोर्चे पर नाकाम रही।

प्रदेश अध्यक्ष ने पूर्वी दिल्ली में यमुना समीप मयूर विहार फेस वन मेट्रो स्टेशन और दक्षिण दिल्ली के जैतपुर गांव विश्वकर्मा कॉलोनी, बदरपुर बार्डर का दौरा किया और बाढ़ प्रभावितों से बात की। इस अवसर चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में लगे राहत शिविरों में प्रभावित लोगों को शुरुआत से ही दो वक्त का खाना, पानी और सुबह की चाय उपलब्ध करा रही है। इसके अलावा जरुरतमंद लोगों को सूखा राशन, दवाईयां व अन्य जरुरी सामान भी उपलब्ध करा रही है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान लोगों को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में जरुरतमंद लोगों को पका हुआ खाना वितरित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस गरीबों को राशन वितरण करने का काम तब तक जारी रखेगी।

# हेरोइन की तस्करी करने वाले 9 गिरफ्तार

● एक करोड़ रुपये की 919 ग्राम हेरोइन जब्त

पीएनएस। नई दिल्ली

नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति काम करते हुए दिल्ली पुलिस ने नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 9 तस्करों को पकड़ा है।

इन लोगों के कब्जे से करीब एक करोड़ रुपये कीमत की 919 ग्राम हेरोइन जब्त की है। पुलिस का कहना है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ड्रग्स के खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और उन्होंने लगातार अंतर-राज्यीय और अंतर्राष्ट्रीय ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। विशेष पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि दिल्ली पुलिस नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का सफाया करने के लिए अभियान चला रही है।

विशेष पुलिस आयुक्त के अनुसार सहायक उप-निरीक्षक किरोड़ीमल को सूचना मिली थी कि पश्चिमी दिल्ली के ख्याला स्थित डब्ल्यूजेड ब्लॉक में रहने वाला इमरान खान उर्फ साहिल हेरोइन की आपूर्ति कर रहा है और वह केशवपुर मंडी से ख्याला, अंबेडकर पार्क के पास किसी को हेरोइन की खेप देने के लिए आएगा। इमरान खान गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 269 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पूछताछ में इमरान ने खुलासा किया कि उसने अनवर और महबूब नामक व्यक्ति से हेरोइन खरीदी थी, दोनों गांव विसारतगंज, बरेली, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

# उपराज्यपाल जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी सड़कों का रात में कर रहे निरीक्षण


उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सम्मेलन की तैयारियों के लिए धौला कुआं से 11 मूर्ति के बीच पैदल दौरा किया। साथ में अधिकारी।

● एलजी सक्सेना दिल्ली वालों को असुविधा से बचाने और सुचारू यातायात का रख रहे विशेष ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना देर रात दिल्ली की सड़कों पर निकल रहे हैं। एलजी मौके पर मुआयना और निरीक्षण करने की अपनी अनूठी शैली को जारी रखते हुए सड़कों पर पैदल घूमते हुए जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी सड़कों और उनसे जुड़े स्थानों के रखरखाव जायजा ले रहे हैं।

इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उनके दौरे और निरीक्षण से जनता को कोई असुविधा न हो। साथ ही यातायात भी बाधित नहीं हो। उपराज्यपाल रात साढ़े 9 बजे राज निवास से बाहर निकल रहे हैं और दो से तीन घंटे तक सड़कों पर सौंदर्यीकरण के काम को परख रहे हैं। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार एलजी विनय कुमार सक्सेना 25 जुलाई को धौला कुआं से सरदार पटेल मार्ग होते हुए 11 मूर्ति के बीच पैदल दौरा किया। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बुधवार को मदर टेरेसा क्रिसेंट पर 11मूर्ति से तीन मूर्ति मार्ग और अकबर रोड तक का भी दौरा किया। जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रतिनिधियों के आवागमन में उपयोग होने वाली लगभग 60 सड़कों का सौंदर्यीकरण जोर-शोर से हो रहा है। उपराज्यपाल, मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली नगर परिषद, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मिलकर 30 अगस्त तक इन सभी स्थानों का दौरा करेंगे, जिससे तय समय में फुटपाथों की मरम्मत की जा सके, सड़कों के किनारे हरियाली को बढ़ाया जा सके और सफाई सुनिश्चित की जा सके।

अपनी पिछले दोनों दौरों के दौरान उपराज्यपाल ने एनडीएमसी द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही सभी कार्यों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उपराज्यपाल द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों का मकसद जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए पूरी तरह से तैयार करने के अलावा यह भी सुनिश्चित करना है कि राष्ट्रीय राजधानी लंबे समय तक इस तरह के आयोजनों के लिए पूरी तरह से रहे। उपराज्यपाल के दौरे के दौरान फूल-पौधों के गमलों से भरी 3 गाड़ियां होती हैं जिससे उन्हें तुरंत उपयुक्त जगहों पर लगाया जा सके। इसके अलावा इस दौरान आवश्यकतानुसार छोटी-मोटी मरम्मत करने के लिए कर्मचारी और पेड़ों की छंटाई करने के लिए मशीन भी मौके पर ही मौजूद होती है।

मालूम हो कि विनय कुमार सक्सेना उपराज्यपाल का पदभार ग्रहण करने के साथ ही दिल्ली को हरी भरी और साफ-सुथरी बनाने के जमीनी प्रयास कर रहे हैं।

यही वजह है कि धौला कुआं और आईजीआई हवाई अड्डे के बीच खंड का पूरी तरह से कायाकल्प हो चुका है। इसी तरह एलजी ने हाल में आई बाढ़ से प्रभावित राजघाट पर परिचालन की निगरानी करते हुए और डब्ल्यूएचओ बिल्डिंग के सामने ढह गए रेगुलेटर नंबर 12 की साइट पर भी स्वयं उपस्थित रहे थे।

## निजामुद्दीन में गोलीबारी की घटने में दो घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन इलाके में गोलीबारी की एक घटना में एक राहगीर समेत दो व्यक्ति घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार उसे बुधवार रात करीब 11 बजे पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ने किट केयर रेस्तरां के पास किसी व्यक्ति पर तीन गोलियां चलाई हैं। पुलिस ने बताया कि गोली लगने से एक राहगीर भी घायल हो गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) राजेश देव ने बताया कि बस्ती हजरत निजामुद्दीन के रहने वाले मोहम्मद कमाल (35) को एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, अल्वी चौक निवासी राजू (45) को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# मच्छर का पता लगाने के लिए चलाया अभियान

● एमसीडी ने 219 हॉटस्पॉट, 1,08,729 परिसरों की जांच, 1769 स्थानों पर मच्छर उत्पत्ति पाई, 620 को भेजा नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बारिश के मौसम में मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और उन्हें काबू करने की कवायद तेज कर दिया है। इस सिलसिले में दिल्ली नगर निगम ने सभी जोन में हॉटस्पॉट क्षेत्रों में मच्छर की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए व्यापक अभियान चलाया। इस विशेष अभियान में 219 हॉटस्पॉट क्षेत्रों और 1,08,729 परिसरों की जाँच की गई है।

1769 स्थानों पर मच्छरों का प्रजनन पाया गया जिसे वहीं नष्ट कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए 620 लोगों को कानूनी नोटिस जारी किए और 432 कानूनी कार्रवाई की। दिल्ली नगर निगम के अनुसार, कुछ हॉटस्पॉट क्षेत्र जहां मच्छरों का प्रजनन पाया गया गौतम कॉलोनी नरेला, दीपविहार, बेगमपुर, डीब्लॉक जहांगीरपुरी, जगतपुर, अवंतिका, सेक्टर-1, रोहिणी, बी और सी ब्लॉक, सेक्टर-5, रोहिणी, ए और बी ब्लॉक सुल्तान पुरी, गली नंबर 3, अंबेडकर नगर, तिब्बती कैंप, मजनूं का टीला, टायरमार्केट, बाड़ा हिंदू राव, ओल्ड रणजीत नगर, बी-ब्लॉक मानसरोवर गार्डन, रघुवीर नगर, ई ब्लॉक टैगोर गार्डन, हस्तसाल गांव, प्रेमनगर, नजफगढ़, कापसहेड़ा, सी-ब्लॉक डिफेंस कॉलोनी, हौज रानी, ??बसंत गाँव, ई ब्लॉक प्रीत विहार, गगन विहार, पुरानी सीमापुरी, ई-1 ब्लॉक, ई2 ब्लॉक सोनिया विहार ।

सभी प्रजनन स्थलों पर एंटी लार्वा उपाय कार्य किए गए, साथ ही जनजागरूकता अभियान चलाए गए। निगम लोगों से अपील की है कि वे अपने आस पास पानी जमा ना होने दें ताकि मच्छर प्रजनन ना हो। कूलर, हौदी, टैंक, टिन, टायर, कबाड़, फूल के गमलों आदि में पानी ना जमा हो। पानी को हर हफ्ते बार-बार बदलना चाहिए।

# पर्यावरण संरक्षण से ही पृथ्वी की सुरक्षा: गोयल

● विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया, पर्यावरण विद सुंदरम तिवारी को किया सम्मानित



पर्यावरणविद सुंदरम तिवारी को सम्मानित करते विस अध्यक्ष रामनिवास गोयल।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने विधानसभा परिसर में पौधारोपण किया। इस दौरान उन्होंने पर्यावरणविद सुंदरम तिवारी को भी सम्मानित किया।

इस अवसर पर गोयल ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण से ही पृथ्वी की सुरक्षा होगी । आज पूरी दुनिया आधुनिकता की अंधी दौड़ में दौड़े जा रही है लेकिन पर्यावरण, प्रदूषण और जलवायु की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा। विस अध्यक्ष ने कहा कि कि यह सोचना होगा कि हम अपनी पृथ्वी को स्वच्छ बनाने के लिए क्या-क्या कर सकते हैं।

पर्यावरण दिवस पर प्रतीक के तौर पर पौधारोपण से कुछ नहीं होगा बल्कि जो पौधे लगाएं हैं उनकी सुरक्षा करना भी जरूरी है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए बच्चों को आगे लाना होगा, बच्चों को पर्यावरण दूत बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि पर्यावरण असंतुलित हुआ तो जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए भयंकर विनाशकारी साबित होगा।

कई देशों में देखा जा रहा है कि वह डूबने के कगार पर हैं। यदि समय रहते हम सचेत नहीं हुए तो भविष्य में और गंभीर स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। गोयल ने दिल्ली वालों से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं जिनमें औषधीय एवं फलदार पौधे भी शामिल हों।

अध्यक्ष तिवारी के इस प्रयास की भूरी भूरी प्रशंसा की और उम्मीद की कि सुंदरम अपने इस अभियान में पूर्णता सफल होंगे और लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत करने का उनका उद्देश्य भी सफल होगा।

पायनियर

नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 जुलाई, 2023



# अरावली के संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन व सीसीटीवी से होगी निगरानी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**डीसी की अध्यक्षता में हुई अरावली कायाकल्प बोर्ड की पहली बैठक**

**अरावली क्षेत्र में निगरानी का एक मजबूत इंफ्रा तैयार किया जाएगा**

**अरावली** पर्वत श्रृंखला में अवैध खनन की गतिविधियों को रोकने व पर्यावरणीय क्षति से पहाड़ियों की सुरक्षा के मद्देनजर हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम, फरीदाबाद व नूंह में सात सदस्यीय अरावली कायाकल्प (रिजूवनेशन) बोर्ड बनाया गया है। इन तीनों जिलों में वहां के डीसी बोर्ड के अध्यक्ष होंगे।

जिला के वन अधिकारी, प्रदूषण विभाग के अधिकारी, जिला राजस्व विभाग के अधिकारी, खनन अधिकारी, जिला परिषद के सीईओ और डीसी द्वारा नियुक्त एक अन्य सदस्य शामिल रहेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी अरावली कायाकल्प (रिजूवनेशन) बोर्ड की पहली बैठक में दी। डीसी ने बोर्ड के सदस्यों को बोर्ड द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि अरावली पर्वत श्रृंखला की सुरक्षा के लिए गठित यह बोर्ड अवैध खनन की शिकायतों और पर्यावरण पर उनके प्रभाव से निपटने के लिए प्रशासनिक एजेंसियों के बीच समन्वय सुनिश्चित करना, अवैध खनन पर रोक लगाने के साथ-साथ संरक्षण के लिए नीतियां बनाना व अरावली पहाड़ियों के क्षेत्र का प्रबंधन, एकीकृत पर्यावरण प्रबंधन और अरावली रेंज के सतत विकास के लिए कार्यक्रमों की योजना और कार्यान्वयन, अरावली पर्वत माला के क्षेत्र में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने और वनस्पतियों, जीवों और समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण, संवेदनशील क्षेत्रों सुरक्षित रखने सहित अरावली पहाड़ियों के प्रबंधन और सतत विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने जैसे कार्य शामिल है।




गुरुग्राम में अरावली कायाकल्प बोर्ड की पहली बैठक लेते डीसी निशांत कुमार यादव।

डीसी ने बताया कि बोर्ड के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति व अरावली की सुरक्षा को ओर प्रभावी बनाने के लिए अरावली क्षेत्र में निगरानी का एक मजबूत इंफ्रा तैयार किया जाएगा। जिसमें निगरानी के लिए ड्रोन के प्रयोग, संवदेनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्लान है। बैठक में सीटीएम दर्शन यादव अरावली में कुछ चिन्हित स्थानों पर प्रकृति प्रेमियों के लिए वॉकिंग और साइकिल ट्रैक तैयार करने का भी सुझाव दिया। जिसमें ट्रैक के साथ बाउंड्री वाल बनाने, ट्रैक के दोनों ओर सुगंधित पौधे लगाने सहित शौचालय व पीने की पानी जैसी सुविधाएं भी शामिल हो। बैठक में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, डीसीपी साउथ सिद्धांत जैन, मंडल वन अधिकारी राजीव तेजयान, सीईओ जिला परिषद अनु, जिला राजस्व अधिकारी मनबीर सांगवान, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ संदीप सिंह व कुलदीप सिंह, गुरुग्राम के एसडीएम रविन्द्र यादव सहित खनन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# देश के किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर: ओमप्रकाश धनखड़



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर के किसान समृद्धि केंद्र पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का स्वागत करते लोग।

**गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि मोदी सरकार की किसान हितैषी नीतियों से किसान आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं। मोदी सरकार ने पिछले नौ साल के सेवाकाल में पहले की सरकारों से कहीं अधिक कार्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किए हैं। वे गुरुवार को फरूखनगर की अनाज मंडी स्थित किसान समृद्धि केंद्र में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और किसानों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुना।

ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्र राष्ट्र को समर्पित करने और 8.5 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1.25 लाख किसान समृद्धि केंद्र खोले हैं उससे किसानों को खाद बीज, दवाई आदि की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। गांव और ब्लॉक लेवल पर बने इन केंद्रों से करोड़ों किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के 8.5 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त के तौर पर 17 हजार करोड़ से अधिक राशि किसानों के खातों में सीधे भेजी गई है। पीएम मोदी ने राजस्थान के सीकर से बटन दबाया और 17 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि सीधे साढ़े आठ करोड़ किसानों के खाते में पहुंच गई। उन्होंने कहा ये मोदी का बदला हुआ डिजिटल भारत है।

प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि देश में पहली बार सल्फर कोटेड यूरिया (यूरिया गोल्ड) की शुरूआत की गई है। यह वर्तमान में उपयोग होने वाली नीम कोटेड यूरिया से अधिक किफायती और बेहतर है। इससे किसान भाईयों के पैसे भी बचेंगे और उत्पाद भी बढ़ेगा। सल्फर युक्त गोल्ड यूरिया 85 प्रतिशत पोषक तत्व देगी। सामान्य यूरिया 33 प्रतिशत पोषक तत्व देती थी। यह मिट्टी में कमी को दूर करेगी और किसानों की इनपुट लागत भी बचाएगी और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ किसानों की आय भी बढेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र पर ही किसानों को बीज भी मिलेगा और खाद भी। इसके अलावा खेती से जुड़े औजारों और दूसरी मशीनें भी इस केंद्र पर मिला करेंगी। ये सेंटर खेती से जुड़ी हर आधुनिक जानकारी किसानों को देंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के 9 साल के शासनकाल में किसानों का जितना सशक्तिकरण हुआ है, वो अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि देश के किसान का आत्मविश्वास देश का सबसे बड़ा सामर्थ्य है। केंद्र सरकार किसानों की दशा सुधारने और कृषि नीतियों को किसान केंद्रित बनाने का कार्य कर रही है।

# विधायक सुधीर सिंगला की टीम ने सड़क निर्माण कार्य का लिया जायजा

**क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनकर निराकर का दिया आश्वासन**

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला की टीम द्वारा वजीराबाद इलाके में चल रहे काम और आ रही समस्याओं का जायजा लिया गया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सभी समस्याओं को दूर कर जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर विधायक सुधीर सिंगला की टीम से उनके निजी सचिव आरपी सिंह, कपिल अग्रवाल व अमित तंवर के अलावा क्षेत्र से पार्षद कुलदीप बोहरा, मनीष वजीराबाद, जगदीश यादव, राजपाल यादव (कालू), कुलदीप यादव, नवीन यादव, हरिराम यादव, अजय यादव, राजेंद्र यादव, राकेश मास्टर जी, राजीव यादव, विक्रम यादव, विनोद यादव, अनिल यादव, सचिन यादव, दीपक यादव, रघबीर यादव मौजूद रहे। आरपी सिंह व अन्य सदस्यों ने वहां पर चल रहे काम को लेकर जांच-पड़ताल की। क्षेत्र के लोगों द्वारा की जा रही समस्याओं को भी सुना।



गुरुग्राम के वजीराबाद क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य की जांच करने पहुंची विधायक की टीम।

उन्होंने अधिकारियों से इन समस्याओं को लेकर चर्चा की। साथ ही कहा कि जो भी दिक्कत यहां काम करने में आ रही है, उन्हें शीघ्र दूर किया जाए। किसी भी सड़क, गली के निर्माण के दौरान बाधा ना आए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बरसात में टूटी हुई या पुरानी हो चुकी सड़कों को बनाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है।

उन्होंने सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार और अधिकारियों से गुणवत्ता का भी ख्याल रखने को कहा। किसी भी सूरत में सामग्री में कोई कमी ना रखी जाए। सड़कें ऐसी बनें जो बार-बार ना टूटें। आरपी सिंह ने कहा कि विधायक सुधीर सिंगला सड़कों के निर्माण में उपयोग हो रही सामग्री की जांच भी कराएंगे। अगर कोई कमी मिली तो यह जिम्मेदारी ठेकेदार के साथ अधिकारियों की भी होगी। आमजन की सुविधा के लिए बनाई जा रही सड़कों को अच्छा बनाने पर अधिक फोकस होना चाहिए।

# खुदाई के दौरान जमीन में दबे दो मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला



सोहना के वार्ड-9 के गांव जखोपुर में गड्ढे में दबे मजदूर को बाहर निकालते हुए।

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड 9 के गांव जखोपुर में केवल दबाने के लिए गड्ढा खुदाई के दौरान दो मजदूर मिट्टी फिसलने से दब गए। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम की मदद से दोनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। जिन्हे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने उपचार देने के बाद छुट्टी दे दी। बुधवार की शाम 5 बजे शहर के वार्ड 9 के गांव जखोपुर में इंडरी जाने वाले मार्ग के साथ एयरटेल 5जी की केवल जमीन में दबाने का कार्य चल रहा है। जहां पर संजीव निवासी गांव गढ़ी बारौल व शौभाराम निवासी गांव वीरा मध्य प्रदेश करीब 8 फुट गहरे गड्ढे में खुदाई का काम कर रहे थे। उसी समय अचानक से गड्ढे की मिट्टी खिशक गई और गड्ढ़े में उतरे दोनों मजदूर मिट्टी के नीचे दब गए। जिसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी गई। पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी से मिट्टी हटाते हुए दोनों मजदूरों को करीब 2 से 3 घंटा का समय लग गया। लेकिन दोनों की मजदूरों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालने में सफलता हासिल की गई। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए जेसीबी की मदद ली गई।

# पायनियर में छपी खबर का हुआ असर, अनाज मंडी में गंदी के ढेर को उठाया




गुरुवार को ही अनाज मंडी में लगे कूडे के ढेरों को उठाते हुए। इनसेट में गुरुवार को अनाज मंडी में लगे कूड़े के ढेर पर प्रकाशित खबर।

**सोहना।** अनाज मंडी परिसर में लगे जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर पर पायनियर समाचार पत्र खबर प्रकाशित होने से मार्केट कमेटी प्रशासन में हुई बेचैनी। खबर छपने से गुरुवार से पांच दिन से पड़ा कूड़ा उठावाया गया। मंडी परिसर में साफ-सफाई कराई गई।

गुरुवार को पायनियर सामाचार पत्र ने मंडी परिसर में लगे गंदगी के ढेर पर खबर प्रकाशित की थी। जिससे मार्केट कमेटी प्रशासनिक अधिकारियों में हडकंप मच गया। मंडी परिसर में लगे-लगे जगह-जगह कूडा व कचरा के ढेरों को उठवाया गया। सुबह 7 बजे से सफाई कर्मियों को बुलाकर लाया गया। मंडी में लगे कूड़े के ढेरों से उठती बदबू के कारण मुनष्य दो मिनट उसके पास खड़ा नहीं हो सकता। लेकिन सब्जी दुकानदारों से लेकर रेहड़ी-ठेला लगाने वाले भी कूड़ा कचरा को खुले में फेंक देते है। मंडी परिसर में बना कूड़ा केन्द्र के अंदर न फेंककर खुले में फिकवा रहे है। यह एक बहुत ही बड़ी समस्या बनी हुई है। वहीं दूसरी तरफअनाज मंडी परिसर में सफाई करने का ठेका जल्द ही छोड़ा जाएगा। जिसका मात्र 50 हजार रुपये प्रति माह कम है। यही कारण है कोई भी ठेकेदार इतने पैसे में मंडी परिसर का सफाई ठेका लेने को तैयार नहीं है।

## खेल स्टेडियम में हरियाली तीज का मेला लगाने की कवायद शुरू हो गई

**सोहना।** स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में हरियाली तीज का मेला लगाने की कवायद शुरू हो गई है। मेले की शुरुआत 10 अगस्त से होनी है। हरियाली तीज के अवसर पर स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में लगने वाला मेला का ठेका रिकार्ड तोड़ बोली पर छोड़ा गया था। जिसे 93 लाख 81 हजार रुपये में प्रवीण गुप्ता ने नाम सबसे अधिक बोली लगाने पर छोड़ा गया था। मेला लगाने की तैयारी शुरू करते हुए ठेकेदार ने अपना सामान लाना शुरू कर दिया है। ताकि 10 अगस्त को तैयार करके चालू हो सके। यह मेला 10 सितम्बर तक चलेगा। खिलाड़ी रहेंग डेढ़ माह तक बाहर स्थानीय स्टेडियम में सुबह शाम अभ्यास करने के लिए आने वाले खिलाड़ियों को कम से कम डेढ़ माह तक बाहर रहेंगे। मेले लगाने के दौरान किलिंग की अभ्यास व खेलने के लिए प्रयाप्त मात्रा में मैदान नहीं मिल सकेगा। केवल तीरंदाजी और कुश्ती खिलाड़ी को किसी प्रकार से परेशानी नहीं आएगी। इसके अलावा क्रिकेट फुटबॉल और एथलेटिक्स का अभ्यास करने वाले खिलाड़ी को बाधा होगी।

# गुरुग्राम पुलिस शिकोहपुर गांव में मनाएगी तीज पर्व



गांव शिकोहपुर में पुलिस की ओर से तीज उत्सव मनाने को लेकर सिकंदरपुर बढ़ा में महिलाओं के साथ बैठक करने पहुंची मानेसर महिला थाना प्रभारी आरती।

**गुरुग्राम।** पुलिस-जनता के बीच परस्पर संबंध बेहतर हों, इस उद्देश्य से हरियाणा पुलिस पिछले काफी दिनों से आमजन के साथ मिलकर सामाजिक कार्य कर रही है। जनता को जागरुक कर रही है। इसी कड़ी में आगामी 12 अगस्त 2023 को शिकोहपुर गांव में पुलिस द्वारा तीज उत्सव मनाया जाएगा। गुरुग्राम पुलिस की यह ऐतिहासिक पहल है।

तीज उत्सव मनाने के संदर्भ में गुरुवार को महिला थाना मानेसर की एसएचओ आरती ने गांव सिकंदरपुर-बढ़ा में बैठक ली। इस दौरान सिकंदरपुर-बढ़ा के सरपंच सुंदर लाल यादव, महिला थाना से किशिका, नवदीप, एएसआई चरण सिंह समेत गांव की काफी महिलाएं मौजूद रहीं। सरपंच सुंदर लाल यादव ने सभी का स्वागत किया। एसएचओ आरती ने गांव की महिलाओं, बेटियों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस सिर्फ सुरक्षा के लिए नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों को भी जनता के बीच जाकर निभाती है। सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुकता, खेलों के माध्यम से प्रेम की भावना बढ़ाती है। सरपंच सुंदर लाल यादव ने महिला थाना प्रभारी आरती का स्वागत करते हुए कहा कि पुलिस की ओर से शिकोहपुर में मनाए जाने वाले तीज उत्सव में सिकंदरपुर-बढ़ा गांव की महिलाओं की भागीदारी अधिक रहेगी। आमतौर पर पुलिस जनता की सेवा में ड्यूटी पर तैनात रहती है। यह अच्छा अवसर है कि पुलिस भी तीज पर्व को जनता के साथ मिलकर मनाते हुए खुशियां सांझा करेगी।

# क्या 4 साल में इन स्वयंभू विकास पुरुष को बादशाहपुर में देखा है...

**बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद के बारे में बैनर लेकर जताया विरोध**

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**क्या** पिछले 4 वर्षों में गांव बादशाहपुर में आपने इन स्वयंभू विकास पुरुष को कभी देखा है या इनके द्वारा कराये गये किसी विकास कार्य को देखा है। एक बैनर पर यह बातें और नीचे बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद की तस्वीर के साथ विरोध में उतरे कांग्रेस के ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश यादव बादशाहपुर।

राजेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार व उसके समर्थक बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद के भ्रष्टाचार व नकारापन से मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे बादशाहपुर गांव के लोग 60 हजार की आबादी वाला ऐतिहासिक गांव बादशाहपुर जो कि विधानसभा क्षेत्र भी है। यह क्षेत्र आज बदहाल है। गांव के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे है। भाजपा सरकार के जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र की उपेक्षा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के संरक्षण में विधायक, निगम अधिकारी व ठेकेदार आपस में मिलकर इसे जमकर लूट रहे हैं। बादशाहपुर के विधायक गांव के लिए एक बोझ बन गए हैं, जो ना तो गांव में कभी दिखाई देते हैं। ना ही आज तक गांव में कोई विकास कार्य करवाया है। ना ही गांव में व्याप्त समस्याओं के बारे में उनका ध्यान है।




बादशाहपुर में विधायक राकेश दौलताबाद के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता राजेश यादव।

उन्होंने कहा कि गांव के विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये खर्च करने का दावा भाजपा सरकार कर रही है, इसके बावजूद गांव बदहाल है। राजेश यादव ने कहा कि गांव की गलियां टूटी हुई है, गंदा पानी गलियों में भरा हुआ है, लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, लेकिन निगम अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा। ठेकेदारों ने जो काम किया है, उसमें भी घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया गया है। राजेश यादव ने कहा कि गांव में निगम की सेंकड़ों एकड़ जमीन होने के बावजूद सरकारी स्वास्थ्य केन्द्र जिसके उपर बादशाहपुर व आसपास के गांवों के लोगों के इलाज की जिम्मेदारी है। वो मात्र 200 गज के किराए के भवन में चल रहा है। 175 एकड़ सरकारी जमीन होने के बावजूद गांव में कोई पार्क नहीं है। बादशाहपुर के सेक्टर-67 में सरकारी हस्पताल के लिए आठ एकड़ जमीन आरक्षित है। सीएम ने इस पर अस्पताल बनाने की घोषणा की व 2017 में तत्कालीन विधायक ने इसका शिलान्यास कर दिया था। आज तक वहां एक ईंट नहीं लगी, लेकिन विधायक को शायद ये पता ही नहीं है।

# मीरा बाई के कभी न व्यक्त किए गए पक्ष को जीवंत करती संगीतमयी प्रस्तुति ''वीर मीरा'' का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** के दर्शकों के लिए वे रोमांचित क्षण थे जब विदुषी सुमित्रा गुहा और उनकी वरिष्ठ शिष्या डॉ. सामिया मेहबूब अहमद ने कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी के साथ एक अभूतपूर्व प्रस्तुति के साथ मीरा बाई के कभी न व्यक्त किए गए पक्ष को जीवंत किया। ''वीर मीरा - महिलाओं को सशक्त बनाने पर एक संगीतमय प्रस्तुति'' नामक इस शो ने बहादुर मीरा बाई की विचारधारा और उनकी योद्धा भावना को प्रदर्शित करके महिला जागृति और मुक्ति का संदेश दिया।

''एक संत-कवयित्री जिसका पूरा जीवन भगवान कृष्ण की भक्ति के लिए समर्पित था, उसके बारे में हमेशा सामान्य वर्णन किया जाता रहा है जो हम सदियों से मीरा बाई के बारे में सुन रहे हैं। लेकिन जो बात हमें अक्सर भूल जाते हैं, वह यह है कि भगवान कृष्ण के प्रति अपनी अटूट भक्ति से कहीं अधिक उनका समाज के प्रति योगदान रहा।

वह एक सच्ची नारीवादी थीं जो 16वीं शताब्दी ईस्वी में पितृसत्तात्मक दुनिया के खिलाफ खड़ी हुई थीं। आज भी वह सभी उम्र की महिलाओं के लिए एक प्रेरणा हैं'', पद्मश्री और एसएनए पुरस्कार विजेता विदुषी सुमित्रा गुहा ने बताया।



सुमधुर हंसध्वनि ट्रस्ट द्वारा आयोजित और संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस शाम की संकल्पना और रचना पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार विजेता - हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका विदुषी सुमित्रा गुहा और उनकी वरिष्ठ शिष्या डॉ सामिया मेहबूब अहमद ने की थी। यह मीरा बाई और उनके भजनों का जश्न मनाने वाले गीतों का एक सुमधुर मिश्रण था। ''इसने महिला सशक्तीकरण के दृढ़ संकल्प और भावना को प्रदर्शित किया। शो का उद्देश्य मीरा की कम-ज्ञात विशेषताओं को उजागर करना और उनका उत्सव मनाना है।

वह राजस्थान की एक खूबसूरत राजकुमारी थीं, जिन्होंने 'सती सहगणमन समाज' और पूजा समारोहों के दौरान पशु बलि के खिलाफ विद्रोह किया था। कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ संकल्प से उन्होंने जो हासिल किया, उससे हर समाज में वीर नारियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए,'' विदुषी सुमित्रा गुहा ने बताया।

# आर्टेमिस हॉस्पिटल ने मनाया विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2023 : जागरूकता एवं बचाव पर दिया जोर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**आर्टेमिस** हॉस्पिटल वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर विश्व हेपेटाइटिस दिवस 28 जुलाई, 2023 मना रहा है। इस साल की थीम है 'हेपेटाइटिस कैन नॉट वेट' (हेपेटाइटिस किसी का इंतजार नहीं करता है)। यह थीम इस साइलेंट किलर को लेकर जागरूकता बढ़ाने और कदम उठाने की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करती है। लोगों की सेहत को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के तहत आर्टेमिस हॉस्पिटल का लक्ष्य लोगों को शिक्षित करना और हेपेटाइटिस का उन्मूलन करना है।

हेपेटाइटिस वायरल संक्रमणों का समूह है, जिनसे लिवर प्रभावित होता है। हेपेटाइटिस बी संक्रमित खून चढ़ाने, शारीरिक संबंध बनाने से या जन्म के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है। संक्रमण के बारे में कम जानकारी, असुरक्षित तरीके से इंजेक्शन लगाना और असुरक्षित यौन संबंध बनाना इसके प्रसार के प्रमुख कारणों में से हैं। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि अपना रेजर या टूथब्रश किसी से साझा न करें और मेडिकल डिवाइस को सही तरीके से स्टरलाइज करें। इसी तरह हेपेटाइटिस बी से बचाव में वैक्सीन बहुत कारगर रहती है। यदि संक्रमण हो गया हो तो आराम करने, स्वस्थ आहार लेने और शराब का सेवन न करने से फायदा मिलता है। इलाज के लिए और लक्षणों को गंभीर होने से रोकने के लिए कुछ एंटीवायरल दवाएं भी दी जाती हैं। स्थिति ज्यादा गंभीर हो जाए तो लिवर ट्रांसप्लांट करना पड़ सकता है। समय पर जांच हो जाए और इलाज मिल जाए तो समस्या से बचा जा सकता है। दुर्भाग्य से बहुत से लोगों को उनकी स्थिति के बारे में पता ही नहीं होता है, जिससे लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विश्व हेपेटाइटिस दिवस इस बीमारी की जल्दी जांच, इलाज एवं बचाव की रणनीतियों को बढ़ावा देने का मंच प्रदान करता है।




आर्टेमिस हॉस्पिटल ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस के पूर्व पूरे सप्ताह जन जागरूकता कार्यक्रम समेत कई पहल आयोजित की हैं। हॉस्पिटल ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाएगा, जांच एवं परामर्श पर छूट देगा, सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल कैंपेन चलाएगा और हेपेटाइटिस से पीड़ित लोगों के समर्थन में भी जागरूकता लाएगा। इस संक्रमण को लेकर जागरूकता की आवश्यकता हो ऐसे समझा जा सकता है कि दुनियाभर में दो अरब लोग यानी हर चौथा व्यक्ति हेपेटाइटिस बी वायरस से संक्रमित है।

# बिजली उपभोक्ताओं को सुविधाओं का लाभ देने के लिए समीक्षा जरूरी: अमित खत्री

**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक अमित खत्री ने गुरुवार को स्थानीय कैंप ऑफिस में गुरुग्राम सर्कल-1 की ऑपरेशनल रिव्यू कमेटी (ओआरसी) बैठक ली।

इस बैठक में गुरुग्राम सर्कल-1 में बिजली निगम द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें बिजली निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में विवरण दिया गया। इसमें निर्धारित कार्यों की स्थिति से अवगत होते हुए उनका निरीक्षण किया गया। बैठक में सिलसिले वार सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैंक में जमा की जाने वाली राशि, राजस्व लक्ष्य की स्थिति और लक्ष्य प्राप्ति की स्थिति तय की गई। एटीएंडसी/वितरण हानियों और संग्रह दक्षता की स्थिति, वितरण ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की स्थिति (क्षति दर), म्हारा गांव, जगमग गांव योजना के तहत स्थिति/प्रगति, कुल आरडीएस फीडर, कार्य पूर्ण, कार्य प्रगति पर/पूर्ण होने की संभावना, फीडर जहां कार्य अभी शुरू होना है, 24 घंटे चलने वाले फीडरों की हानि। एलआरपी (शहरी फीडर) की स्थिति व इसके नुकसान, बकाया राशि की स्थिति व उसके बढ़ने के कारण, सरकार के विभागों पर बकाया के समाधान की स्थिति, सीएम विंडो, जन संवाद की गतिविधियों की स्थिति व प्रदर्शन, सोशल मीडिया, नया कनेक्शन, सरल टिकट और सरल स्कोर का विवरण लिया गया। एमसीओ, पीडीसीओ, बढ़े हुए बिलों के लंबित होने की स्थिति, चोरी का पता लगाने की स्थिति, प्रयोगशाला से जांच के लिए पैक किए गए संदिग्ध चोरी मीटरों की स्थिति, उप केन्द्रों, फीडरों एवं वितरण ट्रांसफार्मरों के निवारक व अनुरक्षण की स्थिति तथा दिए गए कार्यादेश का विवरण एवं उनकी भौतिक व वित्तीय प्रगति जानी गई।



एमडी अमित खत्री।

# मतदाता सूचियों का किया जाएगा पुनरीक्षण



**पलवल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक हुई।

उपायुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी एक जनवरी 2024 को कवालिफाइंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निश्चित किया जा चुका है, जिसमें मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 17 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा व अंतिम प्रकाशन पांच जनवरी 2024 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीन अन्य क्वालिफाइंग तिथियां एक अप्रैल 2024, एक जुलाई 2024 तथा एक अक्टूबर 2024 निश्चित की गई है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी बीएलओ द्वारा 21 अगस्त 2023 तक घर-घर फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य किया जाए। इसमें बीएलओज अपने रजिस्टर में एक जनवरी 2024 तक भावी मतदाता, नामांकित पात्र लोगों की सूचना (एक अक्टूबर 2023 तक) एकत्रित करेंगे।

# बाढ़ से बर्बाद हुई फसल से किसानों में रोष, मुआवजे की मांग

## किसानों का प्रति एकड़ 50 हजार रुपये तक का नुकसान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**यमुना** नदी में आई बाढ़ से फरीदाबाद-पलवल के किसानों की हजारों एकड़ भूमि पर खड़ी फसलें बरबाद हो गई। जिससे किसानों का करोड़ों का नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है बाढ़ का पानी खेतों में खड़ी धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, ईख, अरहड़, तिल, गवार, मूंग, उदड़ आदि फसलों को बहा ले गया है।

बाढ़ प्रभावित घोड़ी, चांदहट, बलई, थंथरी, मोहना, मंझावली, छांयसा, मोहाली, सतुआगढ़ी, शोलडा, भोलडा, बागपुर, अतुआ, गुरवाडी, झुप्पा, हसनपुर, अरुआ, दोस्तपुर आदि गांवों के किसान दलीपसिंह, भागीरथ, रगुबर, राजेश, जयकरण, रामरोशनी, सतन आदि का कहना है कि यमुना में पिछले दिनों आई बाढ़ उनके लिए एक आफत साबित हुई है। उन्होंने बताया कि बाढ़ के पानी का बहाव इतना तेज था कि खेतों में खड़ी धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, गवार, तिल, मूंग, उड़द, ईख आदि सभी फसलों को अपने साथ बहा ले गई। उन्होंने बताया कि उन्होंने फसलों की बिजाई, रोपाई, खाद, बीज आदि पर हजारों रुपये प्रति एकड़ खर्च किए थे। परंतु बाढ़ का पानी पूरी फसलों को ही बहा कर ले गया। खेतों में अभी भी पानी खड़ा होने की वजह से कुछ बचा होने की उम्मीद नहीं बची है। उन्होंने बताया कि फसलों के साथ किसानों के खेती के उपकरण भी पानी में बह गए हैं। जिससें किसानों को प्रति एकड़ लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ है।



“ **फसल** में बीज, खाद, सिंचाई आदि पर कर्ज लेकर पैसा लगाया था, परंतु अब सभी फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं। फसलों के बर्बाद होने की वजह से किसान अब कर्ज वापस करने में असमर्थ हैं। यदि किसानों को सरकार ने बर्बाद फसलों का मुआवजा नहीं दिया तो उनकी आगे फसलों की बिजाई के लिए भी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

**-अनिल, किसान**



“ **फसलों** के बर्बाद होने से किसानों को अपने पशुओं के लिए चारा की समस्या भी खड़ी हो गई है। खेतों में खड़ी चारे की फसल बह गई है, वहीं भूसा आदि का खराब हो गया है। सरकार को चाहिए कि तुरंत राहत दी जाए, जिससे उनकी कठनाई कम हो सके।

**-सुनील, किसान**

## संक्षिप्त समाचार

### 31 जुलाई तक फसलों का बीमा कराएं किसान : डीसी



**फरीदाबाद।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में किसान खरीफ सीजन की अपनी फसलों जैसे धान, कपास, मक्का व बाजरा आदि बीमा तक करा सकते हैं। सरकार द्वारा इस योजना को सभी किसानों के लिए स्वैच्छिक कर दिया गया है। सभी ऋणी किसान संबंधित वित्तीय संस्थान से बैंक द्वारा बीमा किये जायेंगे और सभी अऋणी किसान भी अपनी बैंक शाखा, जनसेवा केंद्र या सीधे पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करवा सकते हैं। डीसी ने सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वो 31 जुलाई तक बैंक शाखा/अटल सेवा केंद्र द्वारा या पोर्टल पर जाकर फसल का बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लक्ष्य फसल क्षेत्र मे टिकाऊ उत्पादन का समर्थन करना है व अप्रत्याशित घटनाओं से उत्पन्न फसल क्षति/ क्षति से पीड़ित किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना में किसानों को खेती में अपनी निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए किसानों की आय को स्थिर करना है। बीमा कंपनी द्वारा किसानों से सिर्फ दो प्रतिशत प्रीमियम की दर से बीमा राशि ली जाती है।

### पाली मोहब्बताबाद क्रेशर जोन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह के निर्देश पर हरियाणा उदय कार्यक्रमों के तहत लेबर डिपार्टमेंट के पाली मोहब्बताबाद के स्टोन क्रेशरों पर श्रम आयुक्त मनीराम शर्मा के मार्गदर्शन में मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मजदूरों को बताया गया कि लेबर डिपार्टमेंट लेबर की सहायता व लेबर और फैक्ट्री मालिकों के बीच अच्छा संबंध बनाए रखने के लिए, किसी भी मजदूर को स्वास्थ्य के प्रति कोई भी सुझाव या कोई समस्या हो तो लेबर कोर्ट में संपर्क कर सकते हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि हर मजदूर को विभागीय सहायता दी जा सके, मजदूरों को भी निष्ठा व मेहनत से काम करना चाहिए। श्रम विभाग उनकी सहायता के लिए तत्पर तैयार है। डॉ. हरेंद्र मान ने बताया धूल से फेफड़ों को बचाने के लिए मास्क पहन कर काम करना चाहिए, अन्यथा सिलिकोसिस जैसी गंभीर बीमारी होने की संभावना रहती है। उन्होंने सभी कारखाना मालिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन कारखानों में धूल व धुआं होता है, वहां अपने मजदूरों को मास्क मुहैया जरूर कराए जाएं। ताकि मजदूरों के व्यावसायिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सके। वहीं यदि किसी मजदूर में बीमारी का लक्षण दिखाई देते हैं तो तुरंत लेबर कोर्ट कंपलेक्स में स्थित उनके कार्यालय में सूचना दी जाए। मजदूर स्वास्थ्य जांच शिविर में श्रम विभाग के वीरसेन, नागेश, शैलेंद्र सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### हर हाथ से हो पौधारोपण अभियान की शुरुआत

**पलवल।** हर हाथ से हो पौधारोपण-मिलकर बचाएं पर्यावरण, अभियान को लेकर मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति संयोजक ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल द्वारा यह मुहीम छेड़ी हुई है। दूध, दही, छाछ आदि की खाली थैलियों को साफ कर इनमें सैंकड़ों अनाथ दिव्यांग पौधों का संरक्षण, रोपण व वितरण कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस पर 151 अनाथ जामुन पौधे तैयार करते हुए पर्यावरणविद आचार्य रामकुमार बघेल ने बताया कि जिस प्रकार हमारे वीर जवान दिन-रात भारत माता की रक्षा कर रहें हैं। उसी तरह उनसे प्रेरणा लेकर हम सबको अपने हाथों से पौधा लगाने तथा पर्यावरण को बचाने में अपना योगदान देकर प्रकृति माता की रक्षा में सहयोग करना चाहिए। इस कारगिल विजय दिवस प्रदूषण पर भी विजय प्राप्ति का संकल्प करें। एक पौधा भारत मां के वीर सपूतों, सच्चे नायक, अमर बलिदानियों के नाम लगाकर सच्ची हरित श्रद्धांजलि और देश सेवा में लगाएं। हम सभी भारत वासियों को अपने वीर सैनिकों पर गर्व है। अपने घर-परिवारों के बच्चों को वीर जवानों की शौर्य गाथाओं की जानकारी देकर देशभक्ति व देशप्रेम की शिक्षा देते रहें।

### महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन




**पलवल।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं डीएलएसए पलवल के चेयरमैन पुनीश जिंदीया के मार्गदर्शन और मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं डीएलएसए पलवल के सचिव कुनाल गर्ग के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिए कार्यशाला का आयोजन राजकीय कन्या उच्च विद्यालय हथीन में किया गया। शिविर का संचालन संस्थान के प्रधानाचार्य सतीश कुमार की अध्यक्षता में कानूनी साक्षरता के इंचार्ज भीम सिंह व प्रदीप जोशी समन्वयक प्राधिकरण द्वारा किया गया। कार्यशाला में डिप्टी डिफेंस काउंसिल जगत सिंह रावत ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हालसा/नालसा योजनाओं व मौलिक कर्तव्यों व मौलिक अधिकारों के बारे में सभी छात्राओं को जागरूक किया। पैनल अधिवक्ता रिचा ने आईपीसी में महिलाओं के लिए वर्णित धाराओं 498-ए, 354, 376, 363, 366, 377 के साथ-साथ पोक्सो एक्ट, बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं की यौन अपराधों से सुरक्षा अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पैनल अधिवक्ता फुलवास डागर ने उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम व पीड़ित महिलाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में महिला हेल्पलाइन नंबर-1091, बाल हेल्पलाइन नंबर-1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर-1930, आपातकाल हेल्पलाइन नंबर-112, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर-108, वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर-181, प्राधिकरण पलवल की कानूनी सहायता हेल्पलाइन नंबर-01275-298003 व अन्य हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जागरूक किया गया।

### अयुद्ध ने सी20 अभियान के लिए विद्या भारती से हाथ मिलाया

**फरीदाबाद।** अयुद्ध (माता अमृतानंदमयी मठ की युवा शाखा) ने इंटीग्रेटेड होलिस्टिक हेल्थ (आईएचएच) और जेंडर इक्वलिटी (जीई) पर सी20 वर्किंग ग्रुप के सहयोग से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, बिहार, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में विद्या भारती स्कूलों में सी20 अभियान शुरू किया। इन अभियानों में आईएचएच वर्किंग ग्रुप का 999 चैलेंज और जीई वर्किंग ग्रुप का वन मिलियन लाइट्स अभियान शामिल है। अयुद्ध इंडिया द्वारा आयोजित एक ऑनलाइन वर्चुअल सम्मेलन में क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर ने लांच की घोषणा की। राज्यों के विभिन्न विद्या भारती स्कूलों के 500 से अधिक प्राचार्यों और प्रशिक्षकों ने वर्चुअल सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें विद्या भारती स्कूलों के शीर्ष अधिकारी बालकिशन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर ने कहा, मैं इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल सभी लोगों की सराहना और धन्यवाद करता हूं। मैं इस लॉंच और ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेने वाले विद्या भारती स्कूलों के प्रिंसिपलों और टीचर्स को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है कि हमारे देश को जी20 की मेजबानी करने का अवसर दिया गया है और प्रधानमंत्री ने सी20 के 20 विषयों को संभालने की जिम्मेदारी विभिन्न संस्थानों को सौंपी है। मुझे यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि माता अमृतानंदमयी देवी (अम्मा) को सी20 की मेजबानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे यह हम सभी के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया है। विद्या भारती स्कूलों में, हम बच्चों को सर्वांगीण शिक्षा प्रदान करने का प्रयास करते हैं। अम्मा के मार्गदर्शन में कक्षा छठी से 12वीं तक के छात्रों के लिए 999 चैलेंज शुरू किया गया है।

# बिजली तार हटाने के झगड़े में घायल की मौत, 20 के खिलाफ हत्या का केस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**डूंडसा** गांव में एक मकान के निकट से गुजर रही बिजली की तारों को लेकर हुए झगड़े में घायल हुए व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। गदपुरी थाना पुलिस ने 20 नामजद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, डूंडसा गांव निवासी सतवीर ने दी शिकायत में कहा है कि वह मिट्टी के बर्तन की दुकान करता है। 22 जुलाई को पीड़ित अपनी दुकान पर बैठा हुआ था, तभी गांव के ही निवासी नरेंद्र व किशन उसकी दुकान पर आकर अपनी दीवार के साइड से जा रही बिजली की तारों को लेकर झगड़ा करने लगे, तो उसने तारों को हटा लेने की बात कही।

उसके बाद 23 जुलाई को उसका भाई ओमकार व परिवार के लोग घर में बैठे हुए थे। उसी दौरान गांव के ही निवासी किशन, नरेंद्र, यश, कमल, अमित, नवीन, अरविंद, बीरबल, अर्जुन, पृथ्वी, सोनपाल, रोहित, पंकज, रनजीत, सुभाष, सोभा, कविता, ममता, प्रेम व पृथ्वी का भांजा अभिषेक हाथों में लाठी, डंडा, लोहे की रॉड व तेज धारदार हथियार लेकर आ गए तथा महिलाओं ने ईंट-पत्थर लिए हुए थे।



मृतक ओमकार का फाइल फोटो।

आते ही उन लोगों ने उनपर हमला कर दिया। आरोप है कि उन लोगों ने उसे और उसके भाई ओमकार, भाई करन सिंह, भाभी महेंद्री, भतीजे लक्ष्मण व गौरव को गंभीर रुप से घायल कर दिया। झगड़े का शोर सुनकर गांव के लोग आ गए तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायलों को इलाज के लिए फरीदाबाद के निजी अस्पतालों में दाखिल करा दिया। अब उसके भाई ओमकार की मौत हो गई।

थाना प्रभारी राजबीर ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि इलाज के दौरान झगड़े में घायल ओमकार की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। अब आईपीसी की धारा 302 भी जोड़ दी है।

# फाल्ट ठीक करने गए बिजली कर्मियों से मारपीट व लूटपाट

**पलवल।** बिजली ठीक करने गांव गए दो लाइनमैनों के साथ रास्ता रोककर मारपीट कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। मुंडकटी थाना पुलिस ने एक नामजद सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, बिजली बोर्ड के लाइनमैन हेमराज ने दी शिकायत में कहा है कि जेई समय सिंह के कहने पर वह और लाइनमैन राजकुमार लोहिना गांव में जंपर जोड़ने के लिए गए थे। लेकिन जब उन्होंने वहां जाकर देखा तो गांव में कुछ भी फाल्ट नहीं मिला। जिसके बाद दोनों वहां से वापस आ रहे थे, उसी दौरान रास्ते में सुखदेव व दो अन्य व्यक्ति मिले।आरोप है कि उन लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया और जब तक वे कुछ समझ पाते तब तक आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनकी बाइक की चाबी लूट ली और दोनों को पकड़ कर बिठा लिया व उनके औजार भी लूट लिए। पीड़ित जैसे-तैसे उनके चंगुल से छूट-कर वापस आए।

पुलिस ने लाइनमैन की शिकायत पर सुखदेव व उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट कर लूटपाट करने व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# पॉलिसी के तहत 50 अवैध कॉलोनियों को किया जाएगा नियमित



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**उपायुक्त** नेहा सिंह की अध्यक्षता में जिला में नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग की जिला स्तरीय जांच समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला के नगर परिषद एरिया से बाहर के क्षेत्र में स्थित करीब 50 अवैध कॉलोनियों के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से इन्हें वैध करवाने के लिए गठित टीम के समक्ष विवरण प्रस्तुत किया गया।

बैठक में डीटीपी नरेंद्र नैन ने समिति के समक्ष क्रम अनुसार कॉलोनियों की एक-एक करके कैटगरीवाइज, एरिया, सड़क से दूरी, ग्रीन बेल्ट, निर्मित क्षेत्र, ड्रोन के माध्यम से ली गई फोटोग्राफ की पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने उपायुक्त नेहा सिंह को अवगत करवाया कि खंड पलवल में 42, होडल में तीन तथा हथीन खंड में पांच अवैध कॉलोनियां है, जिन्हें सरकार के नियमानुसार नियमित किया जा सकता है। बैठक में 50 अवैध कॉलोनियों को नियमित कराने के लिए प्रस्ताव रखा गया। जिला स्तरीय जांच समिति के सभी सदस्यों ने इन अवैध कॉलोनियों के बारे में अपनी-अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत कीं। इन कॉलोनियों में कमेटी के सदस्यों द्वारा जो सुझाव दिए गए हैं, उनको मद्देनजर रखते हुए जो कॉलोनियां पॉलिसी के अनुरूप उपयुक्त पाई जाएंगी, उनको उच्च अधिकारियों के पास अप्रूवल के लिए भेज दिया जाएगा। पॉलिसी के अनुरूप उपयुक्त पाए जाने के पश्चात इन अवैध कॉलोनियों को नियमित कराने के लिए सरकार को भेज दिया जाएगा, जिससे सरकार द्वारा इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा सके। इस मौके पर एसडीएम शशि वसुंधरा, एसडीएम रणवीर सिंह, एसडीएम लक्ष्मी नारायण, तहसीलदार संजीव नागर, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता नरेंद्र यादव मौजूद रहे।

# तांत्रिक ने नोटों की बारिश दिखा विधवा से आठ लाख ठगे

**पलवल।** तांत्रिक बाबा ने एक कमरे में नोटों की बारिश कर एक विधवा महिला को अपने जाल में फंसाकर उससे सात लाख 90 हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने बाबा सहित चार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुंडकटी थाना प्रभारी सचिन के अनुसार, बामनीखेड़ा गांव निवासी विधवा राजवती ने दी शिकायत में कहा है कि उसकी अपनी बड़ी बहन से घरेलू झगड़ा हो गया था। जिसकी शिकायत देने पीड़िता अदालत में गई थी और अदालत के बाहर एक पेड़ के नीचे बैठी हुई थी। उसी दौरान उसकी मुलाकात तेमदवाला व सलीम से हुई, तो उन्होंने उसके उदास होने का कारण पूछा। उन्होंने कहा कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान हो जाएगा, उनकी जानकारी में एक तांत्रिक बाबा है। 18 जून 2022 को तेमदवाला ने फोन किया और बाबा से मिलने के लिए होडल बुलाया। पीड़िता अपने बेटे कृष्ण के साथ वहां पहुंची तो वहां गाड़ी में तेमदवाला व सलीम के साथ एक अन्य व्यक्ति बैठा हुआ था। तीनों उन्हें राजस्थान की कामा तहसील के अताका गांव में राहुल के घर ले गए। राहुल के घर पर एक बाबा बैठा हुआ मिला। उस दौरान वहां एक कमरे में कई महिलाएं बैठी हुई थी। बाबा आया और उसने अपने सारे कपड़े उतार कर एक कंबल ओढ़ लिया।

# फर्जी क्लीनिक पर छापा मार झोलाछाप डॉक्टर काबू



**पलवल।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अल्लीका गांव में चल रहे फर्जी क्लीनिक पर छापेमारी कर अंग्रेजी दवाइयां बरामद होने पर क्लीनिक को सील कर दिया। संचालक डॉक्टर की कोई डिग्री पेश नहीं कर सका। टीम ने झोलाछाप डॉक्टर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गदपुरी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। गदपुरी थाना प्रभारी राजवीर सिंह के अनुसार, सीएससी दुधौला के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष ने दी शिकायत में कहा है कि उन्हें सीएम विंडो से शिकायत मिली कि अल्लीका गांव में एक व्यक्ति बिना डिग्री के मरीजों का इलाज करता है। शिकायत के आधार पर उन्होंने टीम गठित कर अल्लीका स्थित क्लीनिक पर छापेमारी की। उन्हें बताए गए स्थान पर क्लीनिक खुला मिला। क्लीनिक पर उन्हें वेद प्रकाश नाम का व्यक्ति मौजूद मिला।

उन्होंने वेद प्रकाश से क्लीनिक संचालक का नाम पूछा तो उसने बताया कि क्लीनिक डॉ. विशाल चलाते हैं और सप्ताह में एक दिन मरीजों को देखने आते हैं। उन्होंने क्लीनिक के ओपीडी का रिकॉर्ड मांगा, परंतु कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। टीम को डॉ. विशाल की रजिस्ट्रेशन की कॉपी क्लीनिक पर मिली। डॉ. विशाल से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि वे सप्ताह-दस दिन में या फिर आपातकालीन स्थिति में ही क्लीनिक पर आते हैं। उनकी अनुपस्थिति में वेद प्रकाश मरीजों को देखता है। टीम ने वेद प्रकाश से मरीजों के इलाज की डिग्री दिखाने को कहा तो वह कोई प्रमाण पत्र नहीं दिखा सका। जांच के दौरान मौके से 20 प्रकार की अंग्रेजी दवाइयां बरामद हुईं। बरामद दवाइयों को खरीदने और बेचने का रिकॉर्ड भी मौके से नहीं मिला। इसके बाद टीम ने दवाइयों को सील कर वेदप्रकाश को पुलिस के हवाले कर दिया।

# बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में 24 घंटे बिजली दी जाएगी

**पलवल।** बृज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। जिला पलवल के जिन गांवों से बृज 84 कोस परिक्रमा मार्ग गुजरता है, उन सभी गांवों में अब 24 घंटे बिजली आ रही है। डीसी नेहा सिंह बृज 84 कोस परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सेवा-सुविधा के मद्देनजर सड़क मार्ग, पेयजल, बॉयो टॉयलेट, बिजली, मेडिकल सुविधा सहित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के संदर्भ में जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहीं थी। उन्होंने पब्लिक हैल्थ के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे परिक्रमा मार्ग में डिमांड के अनुसार पेयजल व शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। डीसी नेहा सिंह ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस विभाग के रैडर टीम परिक्रमा मार्ग में रात-दिन गश्त लगाती रहें, ताकि अवांछित तत्व किसी प्रकार की गलत हरकत न कर पाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी परिक्रमा मार्ग में डलवाई गई मिट्टी को समतल करने की दिशा में कार्य करें, ताकि परिक्रमा करने में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परिक्रमा मार्ग में 24 घंटे मोबाइल एंबुलेंस की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें।

# बारिश के मौसम में बढ़ जाता है हेपेटाइटिस का ज्यादा खतरा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**हर** साल हेपेटाइटिस के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैरिंगो एशिया अस्पातल फरीदाबाद में लिवर ट्रांसप्लांट विभाग के डायरेक्टर एवं एचओडी डॉ. पुनीत सिंगला ने बताया कि लिवर की कोशिकाओं (सेल्स) में सूजन हो जाने को हेपेटाइटिस कहते हैं। वायरल हेपेटाइटिस इसका सबसे आम कारण है।

हेपेटाइटिस ए और ई दूषित भोजन व पानी पीने के कारण होता है। बारिश के दिनों में इसके होने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। हेपेटाइटिस बी और सी क्रोनिक बीमारी होती है, जो संक्रमित खून के ट्रांसफ्यूजन के कारण होती है। हेपेटाइटिस बी के लिए वैक्सीन उपलब्ध है, जिसे बच्चों में लगाना शुरू कर दिया गया है। अगर किसी को वैक्सीन न लगने की वजह से इंफेक्शन हो गया तो इसे एंटीबायोटिक दवाओं से ठीक से नियंत्रित किया जा सकता है। हेपेटाइटिस ई दूषित खाने की वजह से होती है, जो ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलता है। ओपीडी में महीने में हेपेटाइटिस के लगभग 50 मरीज आ जाते हैं।

कमजोरी महसूस होना, बुखार होना, जौंडिस होना, आंखें पीली होना, पेशाब पीला आना आदि लक्षण लिवर रोग की ओर इशारा करते हैं। हेपेटाइटिस बच्चे, बूढ़े, जवान सभी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है। शराब के सेवन और मोटापा के कारण भी हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। हेपेटाइटिस बी और सी का खतरा उन लोगों में ज्यादा होता है, जो संक्रमित लोगों के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाते हैं। संक्रमित खून के ट्रांसफ्यूजन, ड्रग एडिक्ट यानि दवाओं का अधिक सेवन करने वाले लोगों में भी हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए साल में एक बार रूटीन हेल्थ चेकअप लिवर फंक्शन टेस्ट जरूर कराना चाहिए, ताकि बीमारी का समय रहते पता चल जाए और इसका प्रभावी तरीके से इलाज किया जा सके।

हेपेटाइटिस रोग का पता करने के लिए लिवर फंक्शन टेस्ट, अल्ट्रासाउंड किया जाता है। रोग की स्थिति के आधार पर शुरुआत में मरीज को दवाइयां दी जाती हैं। बहुत ही कम लोगों को इमरजेंसी ट्रांसप्लांट या रूटीन ट्रांसप्लांट की जरूरत पड़ती है। ज्यादातर मरीज दवाओं से ही ठीक हो जाते हैं।

**लिवर को स्वस्थ रखने के लिए ध्यान रखने योग्य बातें**

- संक्रमित इंजेक्शन, नीडल के इस्तेमाल से बचें
- अच्छा टेस्टेड ब्लड ही चढ़ाना जाना चाहिए
- ब्लेड, रेजर किसी अन्य व्यक्ति के साथ शेयर न करें
- हमेशा स्वच्छ एवं संतुलित आहार का सेवन करें, स्वच्छ पानी पिएं
- दो साल से छोटे बच्चों को हेपेटाइटिस ए का वैक्सीन जरूर कराएं।
- हेपेटाइटिस बी का वैक्सीन पूरे परिवार को ही कराना चाहिए
- दूषित भोजन न खाएं, क्योंकि बारिश का मौसम है तो इंफेक्शन फैलने का जोखिम ज्यादा है
- संक्रमित लोगों के साथ असुरक्षित यौन संबंध से बचें
- शराब का सेवन न करें
- नियमित व्यायाम द्वारा वजन को नियंत्रित करें
- अत्यधिक दवाइयों के सेवन से बचें, क्योंकि इससे आपके लिवर को नुकसान पहुंच सकता है

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूरी गरिमा के साथ मनाया जाएगा



**पलवल।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम पलवल में जिला स्तर पर आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को पूरी गरीमा के साथ मनाया जाएगा। संबंधित विभाग समारोह के भव्य आयोजन की सभी तैयारियों को समय से पहले पूरा कर लें। एडीसी डॉ. आनंद शर्मा जिला सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलास्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन प्रति वर्ष की भांति गौरवपूर्ण तरीके से करवाया जाए। संबंधित विभागों को सौंपी गई सभी जिम्मेदारियां समय पर पूर्ण कर ली जाएं। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। एडीसी डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह देश का गौरवपूर्ण त्योहार है, इसे पूरे सम्मान और आदर के साथ मनाना हमारा परम कर्तव्य है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट आदि की रिहर्सल, स्टेज व आंगतुकों के बैठने व पेयजल की व्यवस्था, समारोह स्थल पर साफ-सफाई व सजावट, टैंट, चूना, झंडे, साजोसज्जा, रंग-रोगन, पारितोषिक वितरण, निर्बाद बिजली, पावर बैकअप के लिए साउंडप्रूफ जनरेटर, शौचालय संबंधी कार्यों की तैयारी संबंधित विभाग व अधिकारी समय पर पूर्ण कर लें। समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारी सौंपी जिम्मेवारियों को समय पर पूरा कर लें।

## मणिपुर संकट
### गंभीर कार्रवाई

**मणिपुर** संकट के फैलने का खतरा पैदा हो गया है, अत: इससे निपटने के लिए गंभीर कार्रवाई जरूरी है। प्रतिक्रिया के भय से अब पड़ोसी राज्य मिजोरम में मैतेई जनता का एक हिस्सा असुरक्षा का अनुभव कर रहा है। मणिपुर में मैतेई लोगों के एक समूह द्वारा दो कुकी महिलाओं के यौन उत्पीड़न का वीडियो वाइरल होने के कुछ दिन बाद से मिजोरम की मैतेई जनता का एक हिस्सा राज्य से पलायन का प्रयास कर रहा है। 'पीस एकार्ड एमएनएफ रिटर्नीज़ असोसियेशन'-पामरा द्वारा 21 जुलाई को जारी बयान के बाद स्थिति और खराब हुई। भूमिगत हो चुके मिजो नेशनल फ्रंट आतंकियों के इस संगठन ने मिजोरम में मैतेई लोगों से कहा कि वे 'अपनी सुरक्षा के लिए' मिजोरम छोड़ दें। खबरों के अनुसार मणिपुर सरकार मिजोरम से मैतेई लोगों को बाहर निकालने के लिए चार्टर्ड विमानों की योजना बना रही है। हालांकि, मिजोरम सरकार ने मैतेई लोगों को यह आश्वासन भी दिया है कि उनको कोई खतरा नहीं है। मिजोरम का स्थानीय मिजो समुदाय नस्ली रूप से मणिपुर के कुकी-जोमी से जुड़ा है। 3 मई को नस्ली हिंसा शुरू होने के बाद से मणिपुर के 12,584 कुकी-जोमी मिजोरम में रह रहे हैं। मिजोरम में मैतेई लोगों की संख्या 2,000 से अधिक नहीं है और उनमें से अधिकांश एजवाल में रह रहे हैं। इस प्रकार मणिपुर का असर दूसरे राज्यों में भी दिख सकता है। इस बीच मणिपुर में काफी कम होने के बावजूद हिंसा जारी है जिसके कारण राज्य सरकार पर उंगलियां उठ रही हैं। अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत तथा मन मोह लेने वाली दृश्यावली के चलते यह राज्य मशहूर था, पर अब यहां अनिश्चितता व भय की काली छाया मंडरा रही है।



विडंबना है कि गंभीर प्रयासों के बावजूद राज्य सरकार सुरक्षा का समुचित परिवेश नहीं दे पा रही है। हालांकि, यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि राज्य में विपक्ष स्थिति सुधारने में सहयोग के बजाय इसे मुख्यमंत्री वीरेन सिंह तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ 'राजनीतिक मुद्दे' की तरह प्रयोग कर रहा है। उसे यह चिन्ता भी नहीं है कि इससे चरमपंथी व आतंकी समूहों को बल मिल सकता है। स्वतंत्रता के बाद से राज्य में सरकारों की यथास्थितिवादी व 'वोटबैंक' नीतियों के चलते एक समुदाय बड़े पैमाने पर सरकारी जमीनों पर कब्जा करता रहा है तथा पड़ोसी देश से घुसपैठियों के प्रवेश व धर्मांतरण से राज्य की जनसंख्या संरचना बदलने के प्रयास किए गए। वीरेन सिंह सरकार द्वारा सरकारी जमीनों के सर्वेक्षण तथा उनसे अवैध कब्जे हटाने की व्यापक कार्रवाई के कारण हिंसा भड़काने वालों को मौका मिल गया। हिंसा के पीछे नशे व हथियारों के व्यापारियों की भूमिका को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है। विपक्ष जहां मुख्यमंत्री के इस्तीफे तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर रहा है, वहीं सरकार स्थिति संभालने के गंभीरतम प्रयास कर रही है। केन्द्र सरकार संसद में इस विषय पर चर्चा करना चाहती है, पर विपक्ष नियमों व पहले प्रधानमंत्री के बयान का बहाना बना कर इससे भाग रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी विपक्ष से चर्चा में भाग लेने का अनुरोध करते हुए यह संकेत भी दिया कि प्रधानमंत्री बाद में चर्चा का जवाब दे सकते हैं, पर विपक्ष अपनी जिद पर अड़ा है। मणिपुर समस्या अतीत से मिली है और राज्य व केन्द्र सरकार उसके समाधान के गंभीर प्रयास कर रही हैं। विडंबना है कि विपक्ष इन प्रयासों में सहयोग के बजाय राज्य व केन्द्र सरकार के खिलाफ अविश्वास पैदा करने का प्रयास कर रहा है।

# पंजाब में उद्योगों की समस्यायें

**समुचित सहायक परिवेश मिलने पर अनेक निवेश अवसरों से पंजाब का औद्योगिक क्षेत्र प्रगति कर 'वाइब्रेंट पंजाब' का परिवेश तैयार कर सकता है।**



**ए.एस. मित्तल**
(लेखिका, अर्थनीति विशेषज्ञ हैं)





पंजाब में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हाल ही में वाट्सएप नंबरों तथा कई ई-मेल आईडी की घोषणा की है। वे इन पर विभिन्न पक्षों से फीडबैक प्राप्त करना चाहते हैं। यह एक प्रशंसनीय पहल है। इन औपचारिक प्लेटफार्मों पर उद्योगपति अपनी कठिनाइयों व सुझावों को सामने रख सकते हैं। इनको संबंधित अधिकारियों को भेजा जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि इससे जवाबदेही सुनिश्चित कर सेवाओं, योजनाओं और नीतियों के क्रियान्वयन को गति दी जा सकती है। इसके साथ ही इस व्यवस्था से मुख्यमंत्री कार्यालय-सीएमओ तथा उसके आधीन काम करने वाली टीम को उद्योग के समक्ष आने वाले मुद्दों को समझने में आसानी होगी तथा समस्याओं का तेजी से समाधान सुनिश्चित किया जा सकता है। इसके साथ ही पंजाब में एक समग्र 'उद्योग शिकायत समाधान नीति' की भी आवश्यकता है ताकि मुख्यमंत्री द्वारा की जाने वाली पहल के उद्देश्य पूरे हों तथा उद्योगों के लिए एक बेहतर पहुंच वाली, पारदर्शी, जीवन्त, प्रभावी, जवाबदेह व समबद्ध शिकायत निवारण व्यवस्था बनाई जा सके।

इससे उद्योगों की अनेक समस्याओं के टिकाऊ समाधान सामने आएंगे। 2013 में पूर्व सरकार ने भी 'पीबीग्राम्स' पोर्टल की व्यवस्था इसी उद्देश्य से की थी, पर शिकायतों का त्वरित समाधान नहीं किया गया। इस व्यवस्था में पारदर्शिता व जवाबदेही की कमी का अनुभव भी अनेक उद्योगपतियों को हुआ था। अब मुख्यमंत्री भगवंत मान का इरादा पूरी तरह स्पष्ट है कि वे पंजाब में औद्योगिक विकास को गति देना चाहते हैं। राज्य को तेजी से विकास व समृद्धि के रास्ते पर लाने के लिए उम्मीद की जाती है कि राज्य में उद्योग विभाग की नौकरशाही व अन्य विभाग मुख्यमंत्री के इरादों को पूरा करने के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ेंगे। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उद्योगों के मुद्दों को फाइलों में कैद कर तार्किक नतीजे निकलने के पहले ही ठंडे बस्ते में न डाल दिया जाए। शिकायतकर्ताओं को भी यह सूचना दी जानी चाहिए कि उनकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की जा रही है। शिकायतों के पंजीकरण के मामले में भी यही गति व पारदर्शिता दिखाई देनी चाहिए।

पंजाब में औद्योगिक विकास को गति देने तथा इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही व त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। उद्योग विकास से जुड़े विभिन्न पक्ष अच्छी तरह जानते हैं कि पूरी परिस्थितिकी में क्या कमजोरियां तथा क्या महत्वपूर्ण व शक्तिशाली बिंदु हैं। इसके साथ ही पंजाब में आ रहे अवसरों को खोजने तथा प्रदेश में समुचित परिवेश बनाने की आवश्यकता है ताकि पंजाब एक वैश्विक विनिर्माण व निर्यात का गढ़ बन सके। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को उद्योग विकास से संबंधित विभिन्न पक्षों व हितधारकों से मूल्यवान सुझाव प्राप्त करने के प्रयास करने चाहिए। इस फीडबैक से प्राप्त डेटा तथा अन्य विस्तृत विवरणों का विश्लेषण आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस-एआई के माध्यम से किया जाना चाहिए। इससे न केवल फजी व संदिग्ध शिकायतों का पता लगाने में आसानी होगी, बल्कि शिकायतों में दुहराव से भी बचा जा सकेगा। एआई के प्रयोग से बड़ी संख्या में आने वाली शिकायतों का विश्लेषण कर व उनका समुचित वर्गीकरण कर सरकार विभिन्न हितधारकों की वास्तविक समस्याओं का पता लगा सकेगी। इससे समस्याओं के समाधान की दिशा में उल्लेखनीय गति प्राप्त की जा सकती है। बड़ी संख्या में प्राप्त शिकायतों व सुझावों से तैयार डेटा के समग्र विश्लेषण से प्रदेश की भौगोलिक स्थितियों के आधार पर विजुअल डेटा भी तैयार किया जा सकता है। इसका प्रयोग अनेक क्षेत्रों के उद्योगों के संकेतकों के आधार पर शिकायतों के वर्गीकरण के लिए किया जा सकता है। इस समेकित डेटा को विभिन्न वैरियेबल्स या प्राचलकों के आधार पर परिभाषित व चरणबद्ध रूप से व्यवस्थित किया जा सकता है।

इससे सरकार को उद्योगों के विभिन्न क्षेत्रों से महत्वपूर्ण सूचनायें मिलेंगी जिनके आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे विभिन्न उद्योगों की प्रकृति व समस्याओं के आधार पर निर्णय किए जा सकते हैं। सरकार उद्योगों से संबंधित सही सूचनाओं के आधार पर महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय ले सकती है। नई नीतियां बनाने या पुरानी नीतियां अद्यतन बनाने के दृष्टिकोण से एआई का विभिन्न प्रकार से प्रयोग बहुत लाभदायक सिद्ध हो सकता है। इससे पंजाब में प्रशासनिक सुधारों का रास्ता भी साफ होगा। वर्तमान परिवेश को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में प्रशासनिक सुधार पंजाब को तेजी से विकास व समृद्धि के रास्ते पर ले जाने के लिए बहुत जरूरी हो गए हैं।

पंजाब में पहले से ही अपनी भौगोलिक स्थितियों के कारण कुछ कमियां हैं। पंजाबी लोगों में उद्यमिता की भावना बहुत लोकप्रिय रूप से स्वीकार की जाती है और उनको 'अचीवर' या उपलब्धियों वाला माना जाता है। लेकिन इसके बावजूद यह राज्य चारों ओर भूमि से घिरा है। इस समस्या के बावजूद पंजाब के प्रमुख विनिर्माण उद्योगों में विकास की असीम संभावनायें हैं। इनमें आटो पार्टस, कृषि उपकरण व ट्रैक्टर, साइकिलें, यार्न टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग वस्तुयें, आदि शामिल हैं। राज्य में नया औद्योगिक निवेश लाने के साथ ही राज्य सरकार को एक सुगम वातावरण बनाना होगा जिससे बिजनेस को काम करने में आसानी हो सके। यह इसलिए भी जरूरी है ताकि राज्य में पहले से मौजूद उद्योग अपनी कार्रवाइयों का राज्य के भीतर ही और विस्तार कर सकें। आज पंजाब के सामने उद्योगों की संख्या कम होना बड़ी समस्या है और इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। सवाल है कि ऐसे समय जब केन्द्र सरकार भारत को विनिर्माण के केन्द्र के रूप में बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है तब पंजाब में गतिरोध क्यों पैदा हो गया है, जबकि पहले यह प्रमुख उद्योगों के क्लस्टर थे। पंजाब में औद्योगिक गतिविधियां आगे बढ़ने के बजाय ठहराव वाली स्थिति में हैं। पिछले पांच वित्त वर्ष में 2017-18 से 2022-23 तक पंजाब ने उद्योग क्षेत्र में 3.6 प्रतिशत कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट-सीएजीआर प्राप्त की है, जबकि पड़ोसी हरियाणा में यह 5.9 प्रतिशत तथा राष्ट्रीय औसत 5.63 प्रतिशत है। पंजाब में उद्योग क्षेत्र को केवल एक सहायक और सुगम परिवेश की आवश्यकता थी।

इसके बावजूद उद्योग विभाग तथा अन्य अधिकारियों ने उद्योग के प्रति लापरवाही वाला दृष्टिकोण अपनाया। उद्योग के समक्ष अनेक जटिल मुद्दे हैं जिनमें निर्यातकों को 2.5 प्रतिशत जीएसटी रिफंड प्राप्त करना भी है। इस संबंध में तीन साल पहले जारी एक सर्कुलर जारी किया गया था, पर उसका क्रियान्वयन शून्य रहा। हालांकि, यह एक प्रमुख समस्या है, लेकिन इसके अलावा हालिया समय में अनेक अन्य शिकायतें भी सामने आ रही हैं जिनका साझा मुख्यमंत्री के वाट्सएप नंबरों व ईमेल आईडी पर किया जा रहा है। इन प्लेटफार्मों पर शिकायतों व सुझावों से निपटने वाले अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा ध्यान देकर सुझावों व शिकायतों पर गौर करना चाहिए। यह मुख्यमंत्री का सपना पूरा करने के लिए जरूरी है।

सवाल है कि इन स्थितियों में पंजाब में औद्योगिक प्रगति तेज करने के लिए क्या किया जाना चाहिए? सुगम व सहज परिवेश बनाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को सूचना प्रौद्योगिकी-आईटी का प्रयोग करना चाहिए। इस महत्वपूर्ण उपकरण से उद्योगों की शिकायत निवारण व्यवस्था को समतापूर्ण, विकेन्द्रित, पारदर्शी, जवाबदेह, समावेशी और बेहतर पहुंच वाला बनाया जा सकता है।

इसके साथ ही एक 'उद्योग शिकायत समाधान नीति' भी होनी चाहिए जो एक मानक एकीकृत प्लेटफार्म सुनिश्चित कर सके। इस नीति की सहायता से राज्य एक सक्षम, पारदर्शी व जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था बना सकते हैं जिसका लाभ विभिन्न पक्ष प्राप्त कर सकते हैं। सभी हितधारकों के साथ आमने-सामने की बैठकों से भी शिकायत निवारण प्रक्रिया की प्रभावशीलता, क्षमता, पहुंच व पारदर्शिता का आंकलन करने में आसानी होगी। कुल मिला कर कहा जाए तो अनेक निवेश अवसर पंजाब को 'वाइब्रेंट पंजाब' बनाने में उल्लेखनीय योगदान कर सकते हैं। वे रोजगार देने के इंजन के साथ ही औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन के सूत्रधार बन सकते हैं। इसके लिए एक सहयोगी परिवेश की आवश्यकता है।

# गर्भवती महिलाओं को चाहिए बेहतर परिवहन सुविधा

> सलानी गांव और उत्तराखंड के अन्य स्थानों की गर्भवती महिलाएं मातृ स्वास्थ्य देखभाल संकट के बीच 'खुशियों की सवारी' की प्रतीक्षा में हैं।

**हेमा दानू**
(लेखक, बागेश्वर स्थित विद्यालय में कक्षा 11 की छात्रा हैं)



उत्तराखंड के जखेरा की 17 वर्षीय लड़की सुषमा (बदला हुआ नाम) की एक बच्ची को जन्म देने के छह दिन बाद मृत्यु हो गई। उनकी भाभी अंजलि (बदला हुआ नाम) 2021 की इस दुखद घटना के बारे में बताती हैं, बैजनाथ के जिस सरकारी अस्पताल में सुषमा ने अपने बच्चे को जन्म दिया, वहां कोई स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं था। नर्सों ने उसकी डिलीवरी में मदद की। बच्चे को जन्म देने के छह दिन बाद उसे अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। उसे उसके परिवार के सदस्यों की मदद से सड़क तक लाया गया, जहां से वे टैक्सी किराए पर ले सकते थे। वे उसे बैजनाथ के निकटतम सरकारी अस्पताल, जो 22 किलोमीटर दूर है, ले जाने के लिए एक वाहन प्राप्त करने में कामयाब रहे। दूर। हालांकि, अस्पताल पहुंचने के संघर्ष के दौरान उसकी जान चली गई और रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

ग्रामीण भारत में कई महिलाओं के लिए प्रसव की यात्रा अक्सर कष्टदायक और कभी-कभी घातक होती है (सुषमा की तरह)। यह विशेष रूप से उत्तराखंड के सलानी गांव जैसे दूरदराज के क्षेत्रों के लिए सच है, जहां चिकित्सा सेवाओं तक पहुंच दुर्लभ है। ऐसी स्थिति में गर्भवती महिलाओं के लिए आपात स्थिति में भीषण संकट की स्थिति पैदा हो जाती है। क्योंकि प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचने के वास्ते त्वरित परिवहन सुविधा आवश्यक है।

उत्तराखंड के बागेश्वर जिले में स्थित इस पहाड़ी गांव में विभिन्न वर्गों के लगभग 800 लोग रहते हैं। गांव में कोई प्रसूति गृह या अस्पताल नहीं है. निकटतम अस्पताल 25 किलोमीटर की दूरी पर बैजनाथ में है। गर्भावस्था और प्रसव पीड़ा के दौरान बुनियादी चिकित्सा देखभाल तक पहुंचने के लिए महिलाओं को यह दूरी तय करनी पड़ती है। इसके लिए वे निजी या सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर हैं। गांव के एक तिहाई से अधिक लोगों की पारिवारिक आय 2500 प्रति माह से कम है। लगभग 60 प्रतिशत परिवार प्रति माह 5000 से कम कमाते हैं। आजीविका के लिए कृषि और निर्माण श्रम पर प्राथमिक निर्भरता के कारण यह आय भी मौसमी और अनियमित है।

इस संदर्भ में, इन परिवारों के पास निजी परिवहन के माध्यम से आने-जाने के लिए संसाधनों की कमी है, जिसमें सलानी से बैजनाथ तक की यात्रा के लिए 1700-2000 रुपये का खर्च आता है। हैरानी की बात यह है कि मातृ स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच हमेशा इतनी अशांत स्थिति में नहीं थी, जिसका श्रेय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 'खुशियों की सवारी' योजना को दिया जाता है। 19 सितंबर, 2011 को उत्तराखंड राज्य सरकार ने अस्पताल में सुरक्षित प्रसव के बाद गर्भवती महिलाओं को मुफ्त एम्बुलेंस सेवाएं प्रदान करने के लिए खुशियों की सवारी की शुरुआत की।

आपातकालीन स्थिति में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान अस्पताल लाने में भी इन एम्बुलेंसों ने सहायता की।

समय के साथ योजना का क्रियान्वयन बिगड़ता गया। नियमित रखरखाव के अभाव में वाहन खराब होने लगे। इसके अतिरिक्त, योजना के तहत काम करने वाले श्रमिकों को समय पर पारिश्रमिक नहीं मिला, जिसके कारण उन्हें 2019 में हड़ताल का आह्वान करना पड़ा। इस स्थिति को देखते हुए, स्वास्थ्य विभाग ने योजना के संचालन से हाथ खड़े कर दिए।

यह योजना दो साल पहले लगभग ठप हो गई थी, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वाहनों के निष्क्रिय होने के कारण उनमें खराबी आ गई थी। इस योजना के प्रभाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि योजना की भारी विफलता के बाद भी ग्रामीण अभी भी इस पहल की सराहना करते हैं। वर्तमान में, गांव में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति वही हो गई है जहाँ 2011 में शुरू हुई थी, गर्भवती महिलाओं के लिए मुफ्त एम्बुलेंस की उपलब्धता नहीं थी। योजना दोबारा शुरू करने की घोषणा के बाद भी 'खुशियों की सवारी' कहीं नजर नहीं आ रही है। राज्य सरकार के अनुसार, अप्रैल 2022 से जून 2022 की अवधि के दौरान कुल 402 वाहनों ने सक्रिय रूप से महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान पिक-अप सेवाओं की सुविधा प्रदान की है, जबकि 633 वाहनों ने प्रसव के बाद उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की है। पूरे क्षेत्र में रहने वाले लोग एक विपरीत वास्तविकता व्यक्त करते हैं।

यहां तक कि इसके परिचालन वर्षों के दौरान भी, योजना के डिजाइन और कार्यान्वयन में कमियां थीं। सलानी जैसे कई गांवों में उचित नेटवर्क कनेक्टिविटी का अभाव है, जिसके कारण खुशियों की सवारी के तहत एम्बुलेंस के लिए कॉल कनेक्ट करना अक्सर मुश्किल होता था। कॉल कनेक्ट होने पर भी लोगों को एम्बुलेंस आने तक तीन से चार घंटे तक इंतजार करना पड़ता था। अगर पूरे राज्य का डेटा खंगाला जाए तो ये पहले से ही चिंताजनक स्तर पर है. उत्तराखंड में, एनएफएचएस-5 के अनुसार, केवल 66 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं पहली तिमाही में प्रसवपूर्व जांच तक पहुंच पाती हैं और मातृ मृत्यु दर प्रति हजार जन्म पर 30.6 है। इसके अलावा, 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं संस्थागत जन्म के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर निर्भर हैं। जबकि सलानी राष्ट्रीय स्तर पर मातृ स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की कमी से पीड़ित है, स्वास्थ्य के लिए बजटीय आवंटन, पिछले वर्ष से 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद भी, कुल केंद्रीय बजट का 2.06 प्रतिशत तक कम है। इसके अलावा, आधुनिक चिकित्सा पर बढ़ती निर्भरता की पृष्ठभूमि में स्वास्थ्य देखभाल में राज्य का हस्तक्षेप बिगड़ता जा रहा है।

जैसा कि गांव की बुजुर्ग महिला बचुली देवी ने बताया, इस उम्र में मैं चलने में असमर्थ हूं। ऐसे समय में हमारे लिए ऐसी किसी सुविधा का अभाव समस्या को और भी बढ़ा देता है।

## आप की बात

### अफ्रीका की विरासत

**अफ्रीका** भले ही उन्नति एवं विकास की राह में बाकी महाद्वीपों से पिछड़ गया हो। मगर यहीं से मानव सभ्यता की शुरुआत हुई। मनुष्य सबसे पहले अफ्रीका में विकसित हुआ। 6 से 2 मिलियन वर्ष पहले रहने वाले प्रारंभिक मनुष्यों के जीवाश्म पूरी तरह से अफ्रीका से आए हैं। मानव के साथ-साथ यहां जानवरों का भी खूब विकास हुआ। अफ्रीका दुनिया के सबसे प्रसिद्ध जीवों में से कई का घर है। 1930 तक यहाँ 90 लाख से ज्यादा हाथियों का वास हुआ करता था, लेकिन 2022 के आते आते उनकी संख्या महज 5 लाख ही बची है। यह बढ़ती जनसंख्या, वनों की कटाई तथा वनो में खेती के साथ ही बढ़ते औद्योगीकरण से हुआ है। हाथियों से हम मानव जाति को फायदा ही हुआ है। हाथी महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र इंजीनियर हैं। अध्ययनों से पता चला है कि हाथी पेड़ों के बीज वितरित करके मध्य अफ्रीका में वन स्वास्थ्य की रक्षा करने में मदद करते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो अफ्रीका महाद्वीप के सभी देशों को अपनी विरासत की समग्र रूप से रक्षा करनी चाहिए। इसमें मानव संस्कृति, सभ्यता व पर्यावरण के साथ विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु भी शामिल हैं। इससे अफ्रीका का सारी दुनिया में महत्व और बढ़ना निश्चित होगा।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### अविश्वास प्रस्ताव

**देश** की जनता अपनी प्रगति व उत्थान के लिए जनप्रतिनिधियों को चुनकर सदन में भेजती है। सदन की कार्यवाही पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। मगर किसी न किसी हठ को लेकर विपक्ष संसद को चलने नहीं देता है। इस बार मणिपुर को लेकर लगातार संसद ठप्प होती आ रही है और अंतत: विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का ब्रह्मास्त्र छोड़ा है। इसी बहाने 4 दिन संसद चल तो पाएगी। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव का जवाब देते हुए पिछली बार की तरह इस बार भी मोदी जी कह देंगे कि आप फिर से 2027 में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आएंगे और मैं उसका सामना करूंगा। उस समय विपक्ष की शक्ल देखने लायक होगी। इस अविश्वास प्रस्ताव ने मोदी सरकार को अपनी 9 वर्षों की सफलताएं गिनाने का भरपूर मौका मिल जाएगा जो कि आगामी चुनाव में उसके लिए लाभप्रद होगा। मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के प्रति पूरे विश्वास का परिचय दे रहे हैं। आशा है कि भारत उनके इस कार्यकाल में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। लेकिन उसे अपनी संसद की सुचारु कार्यवाही के लिए भी कठोर नियम बनाने चाहिए ताकि जनता का पैसा बरबाद न हो।

-**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### अंधी दौड़

**भारत** ही नहीं समूचा विश्व बढ़ते वायु प्रदूषण का शिकार है और दमघोटू वातावरण में जीने को मजबूर है। इसके लिए दोषी भी प्रकृति नहीं मनुष्य ही है। भौतिक सुविधाओं की अंधी दौड़ में उसने प्रकृति का अंधाधुंध दोहन शुरु कर दिया। युद्ध पिपासा को मिटाने के लिए विनाशकारी आयुध बनाए जा रहे हैं। रूस-यूक्रेन जैसे डेढ़ वर्ष से चल रहे युद्ध से वायुमंडल में कितना जहर मिला है इसका कोई अनुमान भी नहीं लगा सकता। महानगरों, शहरों और कस्बों तक में सार्वजनिक वाहनों की जनसंख्या के अनुपात में उपलब्धता नहीं होने के कारण जनता निजी वाहनों का उपयोग करती है। इससे प्रदूषण तो बढ़ता ही है पैसा भी अधिक खर्च होता है। विद्युत चलित वाहनों को प्रदूषण कम करने में कारगर माना जा रहा है मगर विद्युत बनाने में यदि सौर, पवन व जल ऊर्जा का उपयोग नहीं हो रहा है तो वह भी प्रदूषण करके ही पैदा हो रही है। प्लास्टिक रुपी जिन्न पृथ्वी की खुशहाली को खा रहा है। यह धरती, वायुमंडल और समुद्री जल के साथ हमारे खून में प्रवेश कर चुका है। हमें अपनी जीवनशैली बदलनी होगी क्योंकि इसके बिना जीना असंभव होगा।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### अति सर्वत्र वर्जयेत

**अति सर्वत्र वर्जयेत** कहावत बहुत ही सोच.समझकर गढ़ी गई होगी। आज बच्चे हों या बड़े, सभी शारीरिक व्यायाम से दूर हटते जा रहे हैं। वे टीवी या मोबाईल पर घंटों समय गुजार रहे हैं। मशीनीकरण ने अत्यधिक आटोमेटिक सुविधाएं देकर लोगों को शारीरिक कसरत से दूर कर दिया है। घर, बाजार व दफ्तरों के साथ ही खेत-खलिहानों के काम मशीनीकृत या कम्प्यूटराईज हो गए हैं। इन सभी आधुनिक सुविधाओं से कार्य की गति बढ़ गई है और लोगों का समय बच रहा है। लेकिन इन सुविधाओं से शारीरिक श्रम कम होने से अनेक बीमारियों ने हमारे भीतर घर बनाना शुरू कर दिया है। इंटरनेट ने दुनिया मुट्ठी में जरूर कर दी है, किन्तु उसके दुष्परिणाम भी आने लगे हैं। इससे दुर्घटनायें व अपराध भी बढ़ रहे हैं, फिर चाहे वे आर्थिक, व्यक्तिगत या सामूहिक हों। मोबाइल व टीवी के अति उपयोग से बच्चे, बड़े सबकी नजरें कमजोर हो रही हैं। उनमें मोटापा, बीपी, शुगर व अन्य बीमारियां हो रही हैं या भविष्य में होने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अत: अति से बचते हुए संतुलित जीवन अपनाएं।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# किसी गरीब के घर पर दबंग का कब्जा कतई स्वीकार नहीं

● सीएम योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में संतुलित, समावेशी सुस्थिर नगरीय विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप अगर हमें वन ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य प्राप्त करना है तो शहरीकरण को बढ़ाना होगा। आवास विभाग और विकास प्राधिकरणों की भूमिका इसमें बहुत अहम है। निवेश, रोजगार और नवाचार के लिए तकनीक की मदद से विकास प्राधिकरणों को स्वत: स्फूर्त से आगे बढ़ना होगा। नगरों का नियोजन आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत किया जाना चाहिए जबकि महायोजना न्यूनतम 20 वर्ष के अवधि की हो।

### मुख्यमंत्री के प्रमुख निर्देश

- ग्रीन बेल्ट पर न बसने पाए कॉलोनी, महायोजना में करें शामिल
- हर मंडलीय मुख्यालय पर बनेंगे भव्य कन्वेंशन सेंटर, तैयार करें प्रस्ताव
- आगामी 5 वर्षों में 100 नई टाउनशिप्स विकसित करने का लक्ष्य लेकर करें काम
- आने वाले 50 वर्ष की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर करें नगरीय नियोजन, 20 वर्ष की हो महायोजना
- सभी विकास प्राधिकरण मलिन बस्तियों में निवासरत लोगों के लिए बनाएं बहुमंजिला भवन
- विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी भूमि का लैंड ऑडिट कराएं व लैंड रिकाड्र्स को करें डिजिटाइज
- प्रदेश में होगा लोकल प्लानिंग अथॉरिटी और टाउन प्लानिंग निदेशालय का गठन
- नियोजित विकास के लिए शीघ्र होगा नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम
- हर पखवारे होगा मानचित्र समाधान दिवस का आयोजन

मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में संतुलित, समावेशी, सुस्थिर नगरीय विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधिकरणों और नगरीय निकायों में भूमाफियाओं के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ कठोरतम कार्रवाई का दौर लगातार जारी रहेगा। भूमि सरकारी हो या निजी, अवैध कब्जे की हर शिकायत पर पूरी संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई होगी। उत्तर प्रदेश में किसी गरीब के घर पर दबंग का कब्जा कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि भूमाफि याओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई से जनता में सकारात्मक संदेश गया है। लोगों के मन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास का संचार हुआ है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी प्राधिकरण, स्थानीय निकाय यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी किसी भी परिस्थिति में अवैध बस्तियां रिहायशी कॉलोनी में बसने न पाए। हर कॉलोनी में सभी जरूरी सुविधाएं हों। समाज के हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार है। अंत्योदय के भाव के साथ हमें मलिन बस्तियों के पुनरोद्धार के कार्य को तेज करने की आवश्यकता है। सभी विकास प्राधिकरण बहुमंजिला आवसीय परिसर तैयार करें। मलिन बस्तियों में निवासरत लोगों के लिए यह बड़ा उपहार होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में धर्मनगरी अयोध्या का विकास त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप किया जा रहा है। अयोध्या में पुरातन संस्कृति सभ्यता का संरक्षण के साथ-साथ भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आधुनिक पैमाने के अनुसार सभी नगरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पित है। प्रधानमंत्री की भावनाओं के अनुरूप तैयार अयोध्या के समग्र विकास की हर परियोजना शासन की प्राथमिकता है। योगी ने कहा कि संतुलित, समावेशी और सुस्थिर विकास के दृष्टिगत नगर पालिका व पंचायत तथा क्षेत्र पंचायत में नियोजित विकास के लिए लोकल प्लानिंग अथॉरिटी का गठन किए जाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार, प्रदेश स्तर पर टाउन प्लानिंग निदेशालय का गठन किया जाए। नियोजित विकास को ध्यान में रखते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम तैयार करें। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। सभी विकास प्राधिकरण और औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपनी भूमि का लैंड ऑडिट कराएं तथा लैंड रिकाड्र्स को डिजिटाइज़ किया जाए। लैंड के रिकाड्र्स का स्थल से सत्यापन कराया जाए। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों की भांति विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में स्थित ग्राम समाज की भूमि को विकास प्राधिकरणों को दुर्बल/अल्प आय वर्ग के भवनों के निर्माण अथवा जनसुविधाओं के विकास हेतु निशुल्क हस्तान्तरित किया जाना उचित होगा। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए।

# प्रदेश में होगा अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन: मुख्यमंत्री

● जलमार्ग सेक्टर के विशेषज्ञ होंगे प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर होंगे सीईओ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में जलमार्गों के विकास पर विमर्श किया और अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जलमार्गों के सृजन विकास और उन्हें यातायात व माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। इसे नियोजित रूप देते हुए प्रदेश में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन किया जाना चाहिए। इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश में जलमार्ग परिवहन का तेजी से विस्तार हो रहा है। प्रयागराज से हल्दिया तक राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है। अंतर्देशीय जल परिवहन में यात्रियों और कार्गो दोनों के लिये परिवहन के एक साधन के रूप में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। हमें इसे विस्तार देना होगा। उत्तर प्रदेश सदानीरा नदियों का प्रदेश है। यहां अधिकांश नदियों में हर समय नदियों में पर्याप्त जल उपलब्ध रहता है। प्रदेश में जल परिवहन की प्राचीन परंपरा रही है। एक समय था कि जब अयोध्या की राजकुमारी जलमार्ग से ही दक्षिण कोरिया गई थी। बदलते समय के साथ इस सेक्टर को उपेक्षित कर दिया गया। प्रदेश में जलमार्गों के सृजन विकास और उन्हें यातायात व माल ढुलाई के लिए प्रयोग में लाने के लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। इसे नियोजित रूप देते हुए प्रदेश में अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन किया जाना चाहिए। इस संबंध में राष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण और अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्था का अध्ययन कर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। यह प्राधिकरण नोडल अथॉरिटी के रूप में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के साथ समन्वय का कार्य करेगा। प्राधिकरण द्वारा अंतर्देशीय जल परिवहन एवं पर्यटन संबंधित समस्त गतिविधियों का रेगुलेशन किया जाएगाए साथ हीए जल परिवहन से संबंधित पर्यावरण एवं सुरक्षा कानूनों का अनुपालनए जलमार्गों के विकास एवं बेहतर उपयोग हेतु हाइड्रोग्राफ्कि सर्वेक्षण एवं जांच की जिम्मेदारी का निर्वहन भी करेगा। प्राधिकरण द्वारा अंतर्देशीय जल यातायात डेटा का अध्ययन एवं विश्लेषण किया जाना चाहिए। अंतर्देशीय जल परिवहन, पर्यटन एवं शिपिंग तथा नेविगेशन संबंधित गतिविधियों के संबंध में वैज्ञानिक अनुसंधान किया जाए।

## जनता की समस्याओं के समाधान में कोताही हरगिज न करें: मुख्यमंत्री

● सीएम ने जनता दर्शन में सुनीं 180 लोगों की समस्याए

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में आए 180 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही हरगिज न करें।

मुख्यमंत्री एक-एक करके सबके पास खुद गए और सभी की समस्याओं को विस्तार से जाना। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफ सरों को हस्तगत करते हुए जरूरी निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए भरपूर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं भूमि और संपत्ति विवाद के मामलों को संबंधित अधिकारियों को भेजकर जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया-जीतो इंडिया के विजन को देना है मूर्तरूप: केशव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार संकल्पित भाव से कार्य कर रही है और इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयासरत है। कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश बालिका ओलंपिक-23 की प्रतिभागी बालिकाएं, दुनिया में भारत का नाम रोशन करेंगी। खेल व खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमें प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया-जीतो इंडिया के विजन को मूर्तरूप देना है और निश्चित ही हम कामयाब होंगे। कई खेलों में देश की प्रतिभाओं ने दुनिया में भारत का डंका बजाया है।

उपमुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश बालिका ओलंपिक-23 की प्रतिभागी बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा यही बालिकाएं 'भारत माता की जय' के उद्घोष को दुनिया में गुंजायमान करेंगी। उप मुख्यमंत्री ने अपने सारगर्भित संबोधन में जहां खेलों और खेल प्रतिभाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस दिशा में किए जा सरकारी प्रयासों की जानकारी दी, वहीं खेल प्रतिभाओं में नए जोश और नई ऊर्जा का संचार भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री के आह्वान पर हर लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कराई गईं। उन्होंने कहा कि सांसद खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से नई खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आई।

## पुलिस विभाग में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 54 करोड़ 59 लाख की धनराशि मंजूर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● निर्माण कार्य निर्धारित मानक व समयावधि में कराना अनिवार्य, शिकायत मिली तो दोषियों पर होगी कार्रवाई: प्रमुख सचिव गृह

**विभिन्न** जनपदों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों एवं अनावसीय भवनों यथा हास्टल, बैरक, विवेचना कक्ष एवं पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र के भवन आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए 16 कुल 54 करोड़ 59 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत 24वी वाहिनी पीएसी मुरादाबाद मे मल्टी स्टोरी टाइप बी (प्रथम) के 40 नग (जी प्लस 4) के आवासीय भवनों के निर्माण कराये जाने के लिए 3 करोड़ 97 लाख 65 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद लखनऊ के सोशल मीडिया सेन्टर के लिए वातानुकूलित कक्ष मय फर्नीचर के निर्माण हेतु 23 लाख 3 हजार रुपए की धनराशि धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। संजय प्रसाद ने बताया कि जनपद बदायूं मे महिला पीएसी वाहिनी के अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए 28 करोड़ 7 लाख 74 हजार रुपऐ की धनराशि, जनपद सिद्धार्थनगर के थाना शोहरतगढ़ में 40 क्षमता के हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 15 लाख 36 हजार रुपए से अधिक की धनराशि, जनपद देवरिया के थाना रामपुर कारखाना के अन्तर्गत ग्राम महुआडीह के आवासीय भवनो (टाइप बी के 24 एवं टाइप ए के 3 नग) के निर्माण के लिए 71 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने जनपद देवरिया के थाना कोतवाली अन्तर्गत ग्राम बरियापुर में नवीन पुलिस थाना बरियारपुर के आवासीय भवनों (टाइप ए के 3 नग व टाइप बी के 23 नग आवास) के निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 84 लाख रुपए से अधिकए जनपद बरेली के सोशल मीडिया सेन्टर के लिए वातानुकूलित कक्ष मय फ र्नीचर के निर्माण के लिए 23 लाख 3 हजार रुपए की धनराशि, जनपद सुलतानपुर के तहसील कादीपुर में अग्निशमन केन्द्र के आवासीय-अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य के लिए 28 लाख रुपए से अधिक की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संजय प्रसाद ने बताया कि स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए हैं।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी, तीन किस्तों में पहुंचेगा 4167.41 करोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों की ओर से जताया प्रधानमंत्री का आभार

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा गुरुवार को लखनऊ जनपद के माती गांव विकास खंड सरोजनी नगर में प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जारी की 14 वीं किस्त के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से सोलर पंप, समेकित कृषि प्रणाली, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की।

शाही ने किसानों के प्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कृषि तथा किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता से किसानों के जीवन की गरिमा लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त से उत्तर प्रदेश के इससे उत्तर प्रदेश के कुल 1.86 करोड़ कृषक लाभान्वित होंगे इनके बैंक खातों में 2 हजार रुपए प्रति 4 माह की दर से कुल 4167.41 करोड़ रुपए धनराशि स्थानांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज किसानों को बीज से लेकर व्यापार तक की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। सोलर सिंचाई पंप पर 30 प्रतिशत राज्य सरकार 30 प्रतिशत केंद्र सरकार के द्वारा अनुदान दिया जा रहा है।

उन्होंने किसानों से कम पानी वाली फसलें अच्छा उत्पादन दे रही हैं उनकी लागत भी कम है ऐसे फ सलों को लगाने की अपील की। ज्वार, बाजरा, सावां, कोदो, रागी को किसान भाई लगाएं। लखनऊ का बाजार निकट है उन्हें अच्छा दाम भी प्राप्त होगा तथा इसकी खेती में लागत भी कम आएगी। रासायनिक खादों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि डीएपी एवं यूरिया का प्रयोग कम करें। अधिक प्रयोग से जमीन बंजर हो रही है। खेतों में ढैचे का प्रयोग करें।

## यूपी में श्वेत क्रांति लाई जाएगी: धर्मपाल सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● पशुधन मंत्री ने की कृत्रिम गर्भाधान और दुग्ध उत्पादन कार्यक्रमों की समीक्षा

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत उत्तर प्रदेश में श्वेत क्रांति लाई जाएगी। इसके लिए नन्दिनी कृषक समृद्ध योजना प्रारम्भ करने का प्रस्ताव किया जा रहा है। जिसके तहत पशुपालकों एवं कृषकों को 25 स्वदेशी उन्नतिशील नस्ल की गाय उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे दुग्ध उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी और श्वेत क्रांति की परिकल्पना साकार होगी। नन्दिनी कृषक समृद्ध योजना से गौवंशीय देशी नस्ल को बढ़ावा मिलेगा और कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश में कृषकों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र मील का पत्थर साबित होगी। पशुधन और दुग्ध विकास मंत्री ने गुरुवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृत्रिम गर्भाधान और दुग्ध उत्पादन कार्यक्रम पर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन जनपदों में पशुओं में लम्पी रोग के संक्रमण की कोई भी सूचना प्राप्त हो वहां तत्काल वैक्सीनेशन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं और किसी भी दशा में संक्रमण फैलने न पाए और रोग के बचाव एवं रोकथाम के सभी उपाय किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि लम्पी रोग की संभावना के दृष्टिगत प्रदेश स्तर पर लम्पी रोग के मानिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नामित किया जाए और उसके द्वारा नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने निदेशालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना किए जाने के भी निर्देश दिए। धर्मपाल सिंह ने पशुधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि गलाघोंटू टीकाकरण अभियान में तेजी लायी जाय और सभी पशुओं का बैठक में पशुधन एवं दुग्ध विकास के अपर मुख्य सचिव डा. रजनीश दुबे ने मंत्री को अवगत कराया कि लम्पी स्किन डिजीज के लिए विशेष रूप से नई वैक्सीन तैयार की गई है।

## अखिलेश के नेतृत्व में 6 को कन्नौज में निकाली जाएगी समाजवादी विकास-रोजगार यात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में 6 अगस्त 2023 को कन्नौज में समाजवादी विकास-रोजगार यात्रा निकाली जाएगी। कन्नौज में काऊमिल्क प्लांट से मंडी तक समाजवादी बड़ी संख्या में इस यात्रा में शिरकत करेंगे। अखिलेश यादव की यह यात्रा भाजपा सरकार के दौर में कन्नाज सहित पूरे प्रदेश में विकास कार्यों की बर्बादी को रेखांकित करेगी। अपने इत्र के लिए मशहूर कन्नौज अपने दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि अखिलेश यादव ने कन्नौज के विकास के लिए दूरदर्शी नीतियां अपनाते हुए कई कदम उठाए थे। कन्नौज इत्र उद्योग के लिए मशहूर है, इस उद्योग के विकास के साथ इत्र म्यूजियम बनाने की योजना बनाई थी। कन्नौज में काऊमिल्क प्लांट भी समाजवादी सरकार में लगा था। दुग्ध विकास की इस योजना को भाजपा ने बर्बाद कर दिया। यहां एशिया की सबसे बड़ी आलू मंडी चालू करने का काम भी हुआ था। कन्नौज में जिला अस्पताल में महिला विंग का निर्माण और कन्नैज-तिर्वा 4 लेन सड़क का भी निर्माण हुआ था।

## सपा सैनिक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर मणिपुर हिंसा पर विरोध जताया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों में काली पट्टी बांधकर कैंडल मार्च निकाला और मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए अन्याय अत्याचार पर विरोध जताया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि कारगिल युद्ध में भाग लेने वाले एक सूबेदार की पत्नी को मणिपुर में जिस तरह सैकड़ों की भीड़ ने सड़क पर निर्वस्त्र करके घुमाया और एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पत्नी को जलाकर मार दिया वह बेहद शर्मनाक और निंदनीय है।

## पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उन्हें दी गई श्रद्धांजलि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत** के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के मौके पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

प्रवक्ता कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि इस अवसर पर खाबरी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अवुल पाकिर जैनुल आबदीन अब्दुल कलाम का आज के ही दिन वर्ष 2015 में निधन हुआ, जिन्हें मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। उनका जन्म तमिलनाडू रामेश्वरम के एक गांव धनुषकोडी में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ। उनकी प्राथमिक शिक्षा की पढ़ाई में पक्षियों को उड़ते देख तय कर लिया कि भविष्य में विमान विज्ञान में ही उन्हें जाना है। प्रारंभिक दिनों में अखबार वितरित कर शिक्षा ग्रहण करते हुए एक महान वैज्ञानिक लेखक एवं देश के राष्ट्रपति पद तक पहुंचने वाले अब्दुल कलाम साहब के जीवन पर उनके पिता द्वारा दिए गए संस्कार और उनकी लगन प्रभावी रही। खाबरी ने आगे कहा कि 1972 में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़े भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह एसएलबी तृतीय प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय उन्हें हासिल हुआ। 1980 में रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित करने का श्रेय उन्हें ही जाता है। उन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसे प्रक्षेपास्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया। आज ही के दिन 2015 की शाम अब्दुल कलाम साहब भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलांग म रहने योग्य ग्रह पर एक व्यख्यान दे रहे थ, तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उन्हें बचाया नहीं जा सका। खाबरी ने अंत में कहा कि अब्दुल कलाम ने साहित्यिक रूप से अपने विचारों को चार पुस्तकों में समाहित किया है। इण्डिया 2020, विजन फ ॉर द न्यू मिलेनियम, माई जर्नी, इग्नाटिड माइंड्स-अनलीशिंग द पॉवर विदिन इण्डिया। एक महान व्यक्तित्व जिन्हें 40 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त हो चुकी है जिन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया, साथ ही पद्म भूषण, पद्म विभूषण, हूवर मेडल, वॉन ब्रौन पुरस्कार मिल चुका है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे, प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, सैफ अली नकवी, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, धीरेन्द्र सिंह धीरू, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी आदि शामिल रहे।

## बाल श्रमिकों की पढ़ाई के साथ उनकी आय का भी प्रबंध कर रही योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● बालकों को 1000, बालिकाओं को 1200 रुपए प्रतिमाह प्रदान कर रही सरकार

**आउट** ऑफ स्कूल बच्चों को वापस स्कूल लाने के साथ-साथ योगी सरकार ऐसे बच्चों को भी स्कूल वापस लाने का प्रयास कर रही है जो आर्थिक तंगी या अन्य दूसरी वजहों से बाल श्रमिक बन गए हैं। ऐसे बच्चों के लिए सरकार ने बाल श्रमिक विद्या योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत योगी सरकार प्रदेश के 20 जिलों के 2000 बच्चों को लाभ प्रदान कर रही है।

योजना के तहत बालकों को 1000 रुपए प्रतिमाह जबकि बालिकाओं को 1200 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। अब सरकार सभी 75 जिलों के 5000 बच्चों को योजना से जोड़ने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। बाल श्रमिक विद्या योजना का उद्देश्य ऐसे कामकाजी बच्चों की आय की क्षतिपूर्ति करना है, जोकि योजना में निर्धारित अर्हता के अंतर्गत आते हों ताकि उनका विद्यालय में प्रवेश व निरंतरता सुनिश्चित किया जा सके।

योजना के अंतर्गत वो कामकाजी बच्चे पात्र हैं जो 8-18 आयु वर्ग के हैं और संगठित या असंगठित क्षेत्र में कार्य कर अपने परिवार की आय की वृद्धि में सहयोग कर रहे हैं। इसमें कृषि, गैर कृषि, स्वरोजगार, गृह आधारित प्रतिष्ठान, घरेलू कार्य व अन्य श्रम सम्मिलित हैं। लाभार्थी कामकाजी बच्चे के लिए आर्थिक सहायता की धनराशि प्रत्येक माह बालकों के लिए 1000 रुपए व बालिकाओं के लिए 1200 रुपए देय होंगे। इस प्रकार योजना से आच्छादित बालकों को 12000 रुपए व बालिकाओं को 14400 रुपए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाएंगे। जो लाभार्थी कामकाजी बालक-बालिका व किशोर-किशोरी योजना के अंतर्गत कक्षा 8, 9 व 10 तक की शिक्षा प्राप्त करते हैं तो उन्हे कक्षा-8 उत्तीर्ण करने पर 6000 रुपए, कक्षा-9 उत्तीर्ण करने पर 6000 रुपए व कक्षा 10 उत्तीर्ण करने पर 6000 रुपए की अतिरिक्त धनराशि प्रोत्साहन के रूप में दी जा रही है।

आर्थिक सहायता की धनराशि आच्छादित लाभार्थी कामकाजी बच्चे या किशोर को अधिकतम 5 वर्ष या कक्षा 10 तक की शिक्षा (जो भी स्थिति पहले हो) पूर्ण करने तक ही प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत सभी आर्थिक सहायता के लाभ प्राप्त करने के लिए एक मात्र शर्त यह होगी कि लाभार्थी कामकाजी बालक-बालिका व किशोर-किशोरी द्वारा विद्यालय में 70 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी जिसका प्रमाणन योजना में दी गई व्यवस्था के अंतर्गत संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यक रूप से किया जाएगा।

### 5000 बच्चों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य

**अपर** मुख्य सचिव अनिल कुमार ने बताया कि योजना की शुरुआत वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान सीएम योगी ने की थी। तब सरकार ने श्रम विभाग को 2000 बच्चों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य दिया थाए जिसे पूर्ण कर लिया गया है। योजना की सफलता को देखते हुए अब विभिन्न संगठनों व संस्थानों की ओर से इसके विस्तार का सुझाव मिल रहा है। इस पर प्रस्ताव सीएम के विचाराधीन है। सीएम की ओर से मंजूरी मिलने के बाद इस पर क्रियान्वयन किया जाएगा। फि लहाल विभिन्न मंडलों के 20 जिलों के बाल श्रमिक इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। जो प्रस्ताव हैं, उसके अनुसार सभी 75 जिलों में 5000 बच्चों को योजना से जोड़ा जाएगा।

## सपा मुख्यालय में सादगी पूर्ण ढंग से मनाई गई पूर्व राष्ट्रपति की पुण्यतिथि



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि सादगी से मनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की तरफ से राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने डॉ. कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. कलाम की गिनती दुनिया के विख्यात वैज्ञानिकों में होती है। भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने 2002 से 2007 तक पदभार संभाला। उन्हें मिसाइल मैन के रूप में भी याद किया जाता है। उन्होंने देश के रक्षा और अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत की परमाणु क्षमताओं में डॉ. कलाम के महत्वपूर्ण योगदान ने उन्हें प्रशंसा और सम्मान दिलाया।

## प्रदेश के बीहड़ वन क्षेत्रों में आज से होगा ड्रोन सीडिंग का कार्य

**लखनऊ।** प्रदेश के बीहड़ वन क्षेत्रों के दुरूह क्षेत्रों में प्रायोगिक तौर पर ड्रोन सीडिंग तकनीकी से रोपण कराने का कार्य कराया जायेगा। ड्रोन सीडिंग का कार्य वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. अरूण कुमार सक्सेना द्वारा 28 जुलाई को हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ कराया जाएगा। ड्रोन सीडिंग तकनीकी से रोपण कार्य कराये जाने के लिए फि रोजाबाद वन प्रभाग के जलालपुर वन ब्लॉक तथा आगरा वन प्रभाग के धौर्रा वन ब्लॉक का चयन किया गया है। ड्रोन सीडिंग हेतु स्थानीय प्रजातियां जैसे-नीम, खैर, चिलबिल, शीशम, बबूल आदि के बीज का रोपण कराया जायेगा। ड्रोन सीडिंग तकनीक के माध्यम से प्रत्येक प्रजातियों के बीज के सीड बॉल तैयार किये गये हैं जिनको ड्रोन की सहायता से बीहड़ वन क्षेत्रों के दुरूह क्षेत्रों में बिखेरा जायेगा।

# सपा नेत्री की हत्या के मामले में पुलिस ने पति को गिरतार किया

**शाहजहांपुर।** सपा नेत्री की उसके पति ने धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने शेष आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दी, सपा नेत्री की उसके पति ने धारदार हथियार से हमला कर निर्मम हत्या के मामले में रकीम पुत्र सोहराब नि. मोहल्ला बंगश को थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत खजूर वाली मजार सेगिरफ्तार किया पुलिस ने शेष आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश देकर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है गौरतलब है बुधवार शाम पति ने मकान का विवाद निपटाने के लिए ससुराल गई सपा नेत्री खालदा की पति ने धारदार हथियार उसकी निर्मम हत्या कर दी थी।



चौक कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बंगश निवासी शाकिर अली ने 30 साल की बेटी खालदा बेगम की शादी 13 साल पहले थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला शांतिपुरम गदियाना निवासी सोहराब के बेटे रकीम से की थी। खालदा और ससुराल वालों के बीच घरेलु विवाद था। ससुराल में सपा नेत्री की पति ने धारदार हथियार से हत्या कर दी मृतका के भाई ने पति रकीम सास उम्मती ससुर सोहराब देवर नदीम नबील मुस्तकीम तथा ननंद फातमा के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराइ थी

### सपा में महिला सभा की नगर अध्यक्ष थी खालदा

वहीं खालदा बेगम धीरे-धीरे राजनीति में आने लगी थीं। सपा के कई कार्यक्रम में सक्रिय भुमिका निभाने के बाद खालदा बेगम को सपा में महिला सभा का नगर अध्यक्ष बना दिया गया था। दो दिन पहले मणिपुर में महिलाओं पर अत्याचार के विरोध में सपा द्वारा निकाले गए कैंडिल में भी खालदा बेगम शामिल हुई थीं, लेकिन खालदा बेगम को इस बात की जानकारी नहीं थी कि, महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने के दो दिन बाद ही उनकी आवाज को हमेशा के लिए दबा दिया जाएगा।

# 9 महीने की गर्भवती महिला की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाहजहांपुर।** 9 महीने की गर्भवती महिला की घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। पति ने पुलिस को सूचना दी। उसके बाद परिवार के लोग भाग गए। इधर ग्रामीणों से सूचना मिलने के बाद मायके पक्ष के लोग ससुराल पहुंचे। महिला का शव जमीन पर पड़ा था। आरोप है कि उसके शरीर पर चोट के काफी ज्यादा निशान थे। उसकी हत्या करने के बाद शव को फंदे पर लटकाया गया। पति दहेज में बाइक और अन्य सामान मांग रहा था। पत्नी से शराब पीने के लिए पैसे भी मांगता था। इंकार करने पर पत्नी की बेरहमी से पिटाई करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हरदोई जिले के रहने वाले सर्वेश सिंह ने 22 साल की बेटी गोल्डी की शादी 14 महीने पहले थाना अल्हागंज क्षेत्र के गांव रमापुर बझेड़ा निवासी अतुल से की थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से पति शराब पीने के लिए पैसे मांगता था। पति शराब का आदी है। दहेज में बाइक नहीं मिलने पर उसको प्रताड़ित किया जाता था। बाइक के लिए पैसे और दहेज का पूरा सामान लाने का पत्नी पर दबाव बना रहा था। पत्नी ने बाइक लाने से मना कर दिया, जिसको लेकर उसके साथ पिटाई की जाती थी।जमीन पर पड़ा मिला महिला का शव रात में उसकी हत्या करके शव को लटका दिया। आरोपी फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी गोल्डी की ससुराल पहुंच गए। उनको गोल्डी का शव जमीन पर पड़ा मिला। पूरे शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। मृतका के परिवार का आरोप है कि, उसकी पीट-पीटकर पहले हत्या की गई। उसके बाद शव को फंदे से लटका दिया। मृतका के पिता ने आरोपी पति और उसके परिवार पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि महिला की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# शैक्षिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरे मनोयोग से लगें शिक्षक

**जलालाबाद।** विकासखंड के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक याकूबपुर स्थित बीआरसी पर संपन्न हुई।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जलालाबाद विधानसभा के विधायक हरि प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे। प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक को संबोधित करते हुए जलालाबाद विधायक हरि प्रकाश वर्मा ने कहा कि हमें जलालाबाद विधानसभा के सभी विद्यालयों को निपुण बढ़ाना है और उन्हें एक मॉडल के रूप में स्थापित करना है। इसीलिए जलालाबाद विकासखंड के सभी शिक्षक अपने विद्यालयों की कार्य योजना तैयार करें और उनके अनुसार शिक्षण कार्य कराएं एवं जहां पर भी किसी भी प्रकार की जरूरत पड़ती है तो अवगत कराएं उनका पूरा सहयोग किया जाएगा।क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में बहुत सी प्रतिभाएं छिपी हुई



है उनको निकाल कर एक सही दिशा प्रदान करना वहां स्थित सरकारी विद्यालय के शिक्षक का दायित्व है। विद्यालयों में छात्र शिक्षण के प्रति आकर्षित हों इसके लिए कार्य करें। विकासखंड जलालाबाद के खंड शिक्षा अधिकारी डॉ सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमें सभी विद्यालयों को निपुण बनाना है इसीलिए शासन से जो लक्ष्य प्राप्त हुए हैं उनको पूरा करने के लिए पूरा विद्यालय स्टाफ मन लगाकर कार्य करें। नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से अधिकतम बच्चों के फार्म भराने के लिए कहा और उन बच्चों की परीक्षा की तैयारी के लिए विशेष व्यवस्था करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगी परीक्षा में बच्चे शत-प्रतिशत सफल हो इसके लिए बीआरसी स्तर से भी सेंटर की व्यवस्था की जाएगी।उन्होंने कहा कि भौतिक संसाधन के रूप में विद्यालय को सुसज्जित करें जिस से बच्चे और अभिभावक विद्यालय की तरफ आकर्षित हो और विद्यालय अपने उद्देश्य को पूरा कर सकें।जन समुदाय का सहयोग लेते हुए विद्यालय को आदर्श बनाएं।

# नरमू की मण्डलीय नान पेमेंट बैठक में रेल कर्मचारियों के हुए लाखों के भुगतान

**बरेली ।** एन.ई.रेलवे मजदूर यूनियन (नरमू) की 95वीं मंडलीय नॉन पेमेंट की बैठक इज्जतनगर मंडल कार्मिक रेल प्रशासन के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में 60 बकाया भुगतान से संबंधित लंबित मद जो मंडल के सभी विभागों के कर्मचारियों के थे। जिनका निस्तारण हुआ। जिसमें 55 लाख रुपए का बकाया भुगतान कर्मचारियों को जुलाई माह में कराए जाने के आदेश पारित हुए हैं। यही नहीं स्टेशन मास्टर संवर्ग के कर्मचारी जो 8 घंटे के बजाय 12 घंटे ड्यूटी कर रहे थे यूनियन की लंबित मांग थी कि इन्हें अतिरिक्त 4 घंटे का ओवरटाइम का भुगतान कराया जाए। जिन कर्मचारियों ने अपना दावा प्रस्तुत किया उनको भुगतान कराए जाने के आदेश पारित हो गए हैं तथा इसी माह स्टेशन मास्टर के संवर्ग को 27 लाख रुपए का भुगतान हो रहा है। नरमू और रेल प्रशासन के साथ होने वाली मंडलीय नान पेमेंट बैठक में जनवरी से लेकर अब तक लगभग 2 करोड रुपए के भुगतान हो चुके हैं। कर्मचारियों के हितों के लिए नरमू सदैव तत्पर रहती है और यह नॉनपेमेंट की बैठक एक अहम बैठक है इसमें कर्मचारियों के लंबित भुगतान जो किसी कारणवश नहीं हो पाते हैं और कर्मचारियों के आवेदन करने के उपरांत भी उसका निस्तारण नहीं होता है उसे यूनियन नॉन पेमेंट की बैठक में सम्मिलित करके कर्मचारियों के भुगतान से संबंधित विवादों का निस्तारण कराती है। इस अवसर पर यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने सभी स्टेशन मास्टरों को उनके लंबित भुगतान के लिए बधाई दी और यूनियन की नान पेमेंट बैठक की टीम के जो सदस्य हैं उनकी प्रशंसा की क्योंकि नरमू की टीम के अथक प्रयास से ही वर्षों से पड़े लंबित भुगतान नान पेमेंट की बैठक के माध्यम से कराए जाते हैं। बैठक में यूनियन की तरफसे रईस अहमद, पी.के.दुबे, जगबीर सिंह यादव, सुंदर पाल सिंह व कमलेश कुमार तथा रेल प्रशासन की ओर से पी.के.भारती, निशित कुमार, राजीव यादव, शिव सिंह, एस.के.पाठक, सुरेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग के साथ हुआ जनपदीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी का आगाज, केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ

- विश्व में श्री अन्न का केंद्र बना भारत वर्षः केंद्रीय मंत्री
- दीपावली से पहले आयेगी नई सहकारिता नीतिः टेनी
- सहकारी समितियों को संगठित, मजबूत करनेए किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही सरकारः टेनी

**लखीमपुर खीरी।** कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में गुरुवार को खरीफ उत्पादकता गोष्ठी व किसान मेले का भव्य आयोजन हुआ। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने विधायक योगेश वर्मा, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ दीप जलाकर गोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं संचालन उप कृषि निदेशक अरविंद मोहन मिश्रा ने किया। शुरुआत में एलईडी स्क्रीन के जरिए जनप्रतिनिधियोंए अफसरों ने बड़ी संख्या में किसानों संग राजस्थान के सीकर जिले में आयोजित पीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग एवं प्रधानमंत्री के उद्बोधन को देखाएसुना। पीएम नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल 1.25 लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों का राष्ट्र को समर्पण किया। यूरिया गोल्ड.सल्फर कोटेड यूरिया का शुभारम्भ, पीएम किसान की 14वी किश्त के रूप में 8५5 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में रु 17,500 करोड़ से अधिक की राशि का हस्तांतरण किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र ने कहा कि भारत किसानों का देश है। आज का दिन किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण और खास है। आज भारत मिलेट ईयर मना रहा है। देश विश्व में श्री अन्न का केंद्र बना है। सरकार क्लीन प्लांट पर रिसर्च करा रही हैए किसानों को आने वाले वक्त में बिना बीमारी वाला पौध व बीज उपलब्ध कराया जाएगाए ताकि फसल को कोई बीमारी न लगे। सरकार ने वर्ष 2019 में देश में सहकारिता मंत्रालय का सृजन किया। सहकारी समितियों को संगठितए मजबूत करने व किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही। आने वाले तीन वर्षों में हर गांव प्राथमिक सहकारी समिति से जुड़ेंगे। भंडारण का काम भी सहकारी समितियां करेंगी। दीपावली से पहले नई सहकारिता नीति लाएगी।

सरकार किसानों की बेहतरी और खुशहाली के लिए पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही। कृषि बजट को लगातार बढ़ाया जा रहा है। एग्रीकल्चर इंफ्रा विकसित करने के लिए एक लाख करोड़ए 20 लाख करोड़ कृषि क्षेत्र में ऋण के लिए उपलब्ध कराया। कृषि क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन के जरिए मंडियों को बड़े पैमाने पर जोड़ा। एफपीओ के जरिए किसानों को समृद्ध बनाने पर काम किया। सरकार किसानों को उत्तम बीजए उर्वरकए कम ब्याज पर ऋण एवं बाजार उपलब्ध कराने के साथ उनके जीवन स्तर में सुधार लाने एवं आर्थिक उन्नति के लिए संकल्पित होकर काम कर रही।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि कृषक केंद्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ कृषकों की आय को दो गुना करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। कृषकों की आय में बढ़ोत्तरी के लिए केंद्र व राज्य सरकार की ओर से अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने किसानों के लिए संचालित सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का प्रयास कर रही है।

## क्विक न्यूज

### ट्रेनों में लूटेरे पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**शाहजहांपुर।** प्रभारी निरीक्षक रेहान खान थाना जीआरपी ने रेलवे स्टेशनो पर चलती ट्रेनो में भीड भाड का फायदा उठाकर चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा कर गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की। प्रभारी निरीक्षक रेहान खान ने बताया ट्रेनो में भीड भाड का फायदा उठाकर चोरी करने वाले गिरोह के गैग लीडर शुभम महतो पुत्र चुन्नु महतो निवासी झारखण्ड गैग के अन्य सदस्यो के साथ मिलकर रेलवे स्टेशनो पर यात्रियो के सामान की चोरी के अपराधी है । जिनका आम जनता व यात्रियों मे भय एव आतंक व्याप्त है इनके भय व आतंक के कारण यात्री इनके विरूद्ध गवाही देने से डरता है। इसका साथी अश्विनी कुमार व शमशुल के विरूद्ध उप्र गिरोहबन्द एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही की गई। सभी शातिर किस्म के अपराधी है जिसका एक अन्तर्गजनपदीय संगठित गिरोह है इस गिरोह का गैग लीडर शुभम महतो पुत्र चुन्नु महतो निवासी कस्वा व थाना तीन पहाड जिला साहिबगंज झारखण्ड उम्र 23 वर्ष अपने गैग के अन्य सदस्यो के साथ मिलकर रेलवे स्टेशनो पर यात्रियो के सामान की चोरी, लूट, डकैती करने के अभ्यस्त अपराधी है।

### एमआरपी में 35 से 40 प्रतिशत की कटौती

गोरखपुर। इमामी एग्रोटेक लिमिटेड इमामी ग्रुप की खाद्य तेल एवं खाद्य.निर्माण इकाई ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल के दामों में आई गिरावट का लाभ अपने उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। कंपनी ने खाद्य तेल ब्रैंड्स इमामी हेल्दी एंड टेस्टी और हिमानी बेस्ट चॉइस की एमआरपी में कटौती की है। जुलाई 2022 से लगातार 12 महीनों की अवधि में खाद्य तेलों की कीमतें 35.40 प्रतिशत तक घटाई गई हैं। सीईओ सुधाकर देसाई ने कहा, पिछले 12 महीनों मेंए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में काफी गिरावट आई है।

### नेशनल हाईवे पर कंटेनर ने मारी कार और बाइक को टक्कर, बाइक सवार की मौके पर मौत

बरेली । बिथरी चौनपुर के नवदिया झादा नेशनल हाइवे पर तेज गति से जा रहे कंटेनर ने दूसरी साइड से जा रही कार और बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की शिनाख्त पीलीभीत के बीसलपुर निवासी नदीम खान के रूप में हुई है। भुता के गांव बुधौनी के कमल सिंह अपने ड्राइवर महेश पाल सिंह के शहर के एक निजी अस्पताल में विमला देवी का इलाज कराने जा रहे थे। उनके साथ, जमुना देवी, गौरी देवी, पूजा देवी, हरेंद्र सिंह इलाज के लिए जा रहे थे। जैसे ही वह बिथरी चौनपुर के नवदिया झाले के पास हाइवे पर पहुंचे। तभी शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे एक कंटेनर ने कार और बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार सवार घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं उपचार के लिए घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान पीलीभीत के थाना बीसलपुर के गांव चेना पट्टी निवासी नदीम के रूप में हुए है।

### नेत्र देखभाल सेवा क्षेत्र में विकास का प्रतीक

लखनऊ। शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स ने प्रसिद्ध अभिनेता शिशिर शर्मा को लगातार तीसरे वर्ष अपने ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की हैं।यह विशेष सहयोग नेत्र देखभाल सेवा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विकास का प्रतीक है। क्योंकि इसका उद्देश्य स्वस्थ दृष्टि बनाए रखने और उच्च गुणवत्ता वाली नेत्र देखभाल सेवाओं तक पहुंच के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।टेलीविजनए फिल्मए ओटीटी और थिएटर में अपने बहुमुखी प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले प्रतिष्ठित अभिनेता शिशिर शर्मा खास तौर पर नेत्र स्वास्थ्य और गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल के समर्थक रहे हैं। शार्प साइट आई हॉस्पिटल्स के साथ उनके सहयोग ने नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व और शार्प साइट पर अत्याधुनिक नेत्र देखभाल उपचार की उपलब्धता पर लगातार जोर दिया है।

### नई श्रेणी में प्रवेश

कानपुर। शार्प ने आज माइक्रोवेव की नवीनतम कुक वंडरश् सीरीज़ और एयर प्यूरीफायर की सुविधा के साथ एक अत्याधुनिक डीह्यूमिडिफायर के लॉन्च की घोषणा की। डीह्यूमिडिफायर में उपलब्ध यह सुविधा ग्राहकों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। भारत में शार्प की माइक्रोवेव की यह नवीनतम रेंज कन्वेक्शनए ग्रिल और सोलो माइक्रोवेव के विविध चयन के अनुरूप है। ओसामु नारिता ने कह, हम सिंपली बेटर लिविंगश् के अपने ब्रांड के वादे को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ विश्वास रखते हैं।

# लघुचा और सेमरई पीएचसी पर अनूप गुप्ता ने किया हेल्थ एटीएम का शुभारंभ

**लखीमपुर खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अंतर्गत पीएचसी लघुचा और पीएचसी सेमरई में हेल्थ एटीएम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता द्वारा गुरुवार की दोपहर किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे। सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि लघुचा और सेमरई दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों उनकी निधि से हेल्थ एटीएम लगवाए गए हैं। जिससे अब ग्रामीण अंचल में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। हेल्थ एटीएम के माध्यम से अब दोनों ही स्थानों पर 98 जांचें आवश्यकता के अनुसार हो सकेगी और डॉक्टर रिपोर्ट के अनुसार मरीज का बेहतर इलाज कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव.गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को लेकर काम कर रही है। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्होंने सामूहिक रूप से पौधारोपण भी किया।

# मिशन इंद्रधनुष को लेकर ब्लॉक सभागार रमिया बेहड मैं टास्क फोर्स बैठक का आयोजन

**रमिया बेहड़ खीरी।** विकासखंड रमिया बेहड के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर अनिल वर्मा की अध्यक्षता में मिशन इंद्रधनुष की बैठक का आयोजन दिनांक 27 जुलाई 2023 को ब्लॉक सभागार रमिया बेहड में बैठक की गई जिसमें 2023 के प्रथम चरण में होने वाले मिशन इंद्रधनुष अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई यह अभियान 7 अगस्त से शुरू होने वाले मिशन इंद्रधनुष की रूपरेखा पर तय करेगा जिसमें रविंद्र कुमार बीएमसी ने बताया कि आई एम आई 5.0 सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण होना है जिसमें बताया गया कि जो लोग बच्चे के टीकाकरण से इनकार करते हैं उन बच्चों के परिवार को स्थानीय लोकल के डॉक्टर प्रधान कोटेदार एवं गांव के प्रभावशाली व्यक्ति के द्वारा बच्चों का टीकाकरण करवाना है बीएमसी ने बताया कि 0 से 2 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों जो टीका लेने से किसी कारण वश छूट गए हो अथवा एक भी टीका नहीं लगा हो उनका टीकाकरण होना है और बताया कि 0 से 5 वर्ष के वैसे बच्चे जो खसरा रूबेला की प्रथम एवं द्वितीय खुराक से वंचित हैं उन्हें प्राथमिकता के तौर पर टीकाकरण कराया जाना है सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 3 चरणों में होना है प्रथम चरण 7 अगस्त 2023 से 12 अगस्त तक तथा दूसरा चरण 11 सितंबर से 16 सितंबर 2023 तक एवं तीसरा चरण 9 अक्टूबर 2023 से 14 अक्टूबर तक चलेगा मिशन इंद्रधनुष 5.0 के संबंध में जागरूकता एवं उत्प्रेरणा करते हुए टीकाकरण के दौरान दल के सदस्यों को आवश्यक सहयोग की अपेक्षा है सामु. स्वास्थ्य केंद्र रमिया बेहड के अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा ने बताया कि सभी लाभार्थियों को टीकाकरण सत्र स्थल पर लाया जाए जो किसी कारण टीका लेने से इनकार करता है तथा दुर्गम क्षेत्रों में कार्यक्रम का उद्घाटन किसी सम्मानित व्यक्ति से कराया जाए।

# अक्टूबर से शुरू होगी धान की खरीद

- जिलाधिकारी ने ली धान क्रय तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**जनपद खीरी** में एक अक्टूबर से शुरू होने वाली धान क्रय की गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में तैयारियों की समीक्षा कीए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि एसडीएम और बीडीओ क्रय केंद्र वाले गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों से संवाद कर धान क्रय प्रक्रिया की जानकारी दें। डीएम ने कहा कि एसडीएम एक.एक लेखपाल व बीडीओ एक.एक सचिव को प्रत्येक क्रय केंद्र के लिए नामित करते हुए उसकी सूचना डिप्टी आरएमओ और एडीएम को उपलब्ध कराए। डीएम ने निर्देश दिए कि एसडीएम सुनिश्चित कराएं कि उनके क्षेत्र की मंडी में नीलामी विधिवत एवं नियमों के अनुकूल हो। सभी क्रय एजेंसिया अभी से धान क्रय की सभी मुकम्मल तैयारियों को पूरा कर ले। डीएम ने कहा कि धान विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। किसानों को कोई प्रॉब्लम होए तो वह क्षेत्रीय एसडीएम एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी से संपर्क कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते हैं। डीएम ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि केंद्रों के सापेक्ष आवश्यक क्रय संबंधी उपकरणों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना सुनिश्चित करें।

एडीएम, जिला खरीद अधिकारी संजय कुमार सिंह ने धान क्रय के संबंध में सभी जरूरी जानकारी दी। सरकार ने सत्र 2023.24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीद के संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। इसके लिए किसानों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रदेश के किसानों को धान की बिक्री के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट बिण्नचण्हवअण्पद अथवा विभाग के मोबाइल एप न्च् ङ्यैध्।छ ड्ण्ज्। रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। किसान 31 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट और ऐप पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। विभाग की ओर से जारी गाइडलाइन के अनुसार रजिस्टर्ड किसान से ही धान की खरीद की जाएगी।

डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेल ने बताया कि एक अक्टूबर से जनपद में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 169 धान क्रय केंद्र पर खरीद होगी। उन्होंने धान खरीद की पूरी प्रक्रिया बताइ। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंहए सभी उप जिलाधिकारीए डिप्टी आरएमओ संतोष कुमार पटेलए एआरसीएस पीके शुक्ला सभी क्रय एजेंसियों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित लोग मौजूद रहे।

# लखीमपुर शहर में एक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ, कई मोहल्लों को मिलेगा लाभ

- केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगेश वर्मा ने किया शुभारंभ
- जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम भी हुआ शुरू

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी और सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा राजगढ़ में स्थित नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम का भी शुभारंभ किया गया। उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे।

नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहां कि शहर में एक और नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ से राजगढ़ मोहल्ले सहित शिव कॉलोनी, कंचन पुरी कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी, मोतीनगर कॉलोनी, राम नगर कॉलोनी सहित शहर के लोगों को और अधिक बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। अब उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए यहां से 15 किलोमीटर दूर स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय तक की यात्रा नहीं करनी होगी। वहीं जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि हेल्थ एटीएम की शुरुआत होने से गर्भवती माताओं और बच्चों को भी 98 जांचों का लाभ मिल पाएगा। इस हेल्थ एटीएम से कुछ ही देर में जांच प्राप्त की जा सकती हैए जो गर्भवती माताओं और उनके बच्चे के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। और उन्हें अधिक समय तक अस्पताल में रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में चिकित्सकए पैरामेडिकल स्टाफ व स्टाफकी तैनाती कर दी गई है और शुभारंभ अवसर से ही मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाने लगा है। अब लखीमपुर में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। इस दौरान जिला महिला चिकित्सालय सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा सहित डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और स्थानीय सभासद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कर्बला के शहीदों की याद में लगाई सबील

**बरेली ।** नॉवल्टी चौराहा पर जनसेवा टीम और शमा वेलफेयर सोसायटी ने राहगीरों की सेवा के लिये हुसैनी सबील का आयोजन किया गया,इस मौके पर जनसेवा टीम के अध्यक्ष पम्मी खान वारसी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने इंसानी मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम दुनियाभर को दिया हैं।हजरत इमाम हुसैन और हजरत इमाम हसन ने सम्पूर्ण दुनिया को हक ही हकीकत हैं,सच्चाई की राह में चलने वालों की हमेशा जीत होती हैं, इंसान के अन्दर इंसानियत होना जरूरी हैं,इंसानियत हमेशा कायम रहे इसी मकसद से कर्बला के मैदान पर बातिलो से हजरत इमाम हुसैन ने जंग लड़ी और खुद शहीद होकर दुनियाभर को हक का पैगाम दिया।बरेली हज सेवा समिति के महासचिव ई.हाजी अनीस अहमद खाँ ने कहा कि लोगों की सेवा ही इंसानियत की पहचान हैं, हजरत इमाम हुसैन और हजरत हसन ने हम सबको हक और एकता के साथ रहने की सीख दी हैं।इस मौके पर डॉ सीताराम राजपूत, मोहम्मद शादाब रजवी, मो.एजाज, सय्यद हामिद अली, मोहम्मद फैजी, मोहम्मद कसिम,हाजी साकिब रजा खाँ, निक्की वर्मा,हाजी फैजान खाँ कादरी, दानिश खान,अहमद उल्लाह वारसी आदि शामिल रहे।

# सांख्यिकीय आँकड़ों के संग्रहण के लिए संवेदीकरण कार्यशाला

**शाहजहाँपुर।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सांख्यिकीय आँकड़ों के संग्रहण के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिलाधिकारी ने कहा सर्वेक्षण से प्राप्त आँकड़े नीति निर्माण एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकारा परक योजनाओ का मूल्यॉकन करने में अहम भूमिका निभाते है। जिससे गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य देखभाल एवं नये रोजगार के सृजन में बल मिलता है। परन्तु सर्वेक्षण के दौरान सर्वेक्षण की जानकारी के अभाव में चयनित इकाईयों परिवार से ऑकड़ो के संग्रहण में अपेक्षित सहयोग प्राप्त नही हो पाता है। जिससे संग्रहित ऑकडों का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में उनके द्वारा किये जा रहे योगदान वास्तविक रूप से परिलक्षित नही हो पाता है। उन्होने कहा इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गयी है, जिससे आपको एवं आप द्वारा अन्य लोगो को सर्वेक्षण की जानकारी प्राप्त हो सके। सर्वेक्षण के दौरान एकत्रित




किये जा रहे ऑकडें गोपनीय रखे जाते है एवं किसी भी दशा में व्यक्तिगत सूचनाएं साझा नहीं की जाती है। इसका उपयोग मात्र सांख्यिकीय के कार्यों में ही किया जाता है। उन्होने समरत हितधारको से अपेक्षा की गयी कि सर्वेक्षण के दौरान सही एवं विश्वसनीय ऑकडें ही सर्वेक्षणकर्ता को दीये जाए। उन्होने विभागीय अधिकारियों को भी अपने स्तर से इस विषय पर अधिक से अधिक जागरूक करने हेतु निर्देशित किया, जिससे आम नागरिकों द्वारा दी गयी जानकारी सरकार द्वारा बनायी जाने वाली योजनाओं में कारगर हो सकें।

गोष्ठी के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एसबी सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे कई सूक्ष्म उद्योग धंधे है जिनका सर्वेक्षण नहीं हो पाता है। जो इकाईयाँ बन्द हो गयी है उनको सर्वेक्षण फ्रेम से बाहर किया जाए एवं जो नई इकाईयाँ स्थापित हुई है, उन्हें सर्वेक्षण फेम में सम्मिलित कर कवरेज बढ़ाने पर जोर दिया गया, जिससे अर्थ व्यवस्था की सही तस्वीर प्रस्तुत हो सकें।

संगोष्ठी की शुरूआत बाबू लाल, अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों, उद्योग बन्धुओं एवं उनके संगठनों के पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए इस गोष्ठी के जागरूकता करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी उनके द्वारा बताया गया कि सकल घरेलू उत्पाद को 4 गुना बढ़ाकर ही अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर किया जा सकता है। जिसके लिये विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने पर जोर दिया गया। अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियों से ऑकड़ों की शुद्धता एवं समय से प्रेषण कराने की अपेक्षा की गयी। संगोष्ठी में उपस्थित उद्यमियों एवं संगठन के पदाधिकारियों द्वारा अपने-अपने विचार रखे गये उनके द्वारा आश्वस्त किया गया कि सर्वेक्षण के दौरान सर्वेक्षणकर्ताओं का उनकी तरफ से पूरा सहयोग प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं सर्वेक्षण से सम्बन्धित उद्यमी एवं उनके संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 जुलाई, 2023



# निष्पक्षता के साथ युवाओं को मिल रहीं सरकारी नौकरियां: अशोक जाटव

● मुख्य सेविकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**संवाददाता।** चित्रकूट




**जिला** पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव के मुख्य आतिथ्य में विकास भवन सभागार में आयोजित समारोह में जनपद के तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका के पद पर प्रोन्नत महिलाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जाटव ने कहा कि योगी सरकार में निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण ढंग से अभ्यर्थियों का चयन हो रहा है। जिससे अच्छी प्रतिभाओं को आगे बढने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार मुक्त एवं पारदर्शी पूर्ण ढंग से सरकारी विभागों में नियुक्तियां हो रहीं है।उन्होने सभी चयनित मुख्य सेविकाओं से ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य कर जनता तक शासन की योजनाओं को पहुंचाने का आहवान किया।

वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे एवं जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि मोदी-योगी सरकार की ईमानदार कार्यशैली के चलते आज पूरा देश और प्रदेश भ्रष्टाचार से मुक्त हो रहा है। सपा-बसपा सरकार में होने वाली भर्तियों में धांधली होती थी,लेकिन योगी सरकार ने पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ सरकारी सेवाओं में युवाओं का चयन हो रहा है।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश के बिभिन्न जनपदों से 320 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविकाओं के पद पर पदोन्नत निदेशालय बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पारदर्शी ढंग से किया गया।

# मणिपुर हिंसा के विरोध में गुलाबी गैंग ने किया प्रदर्शन



**संवाददाता।** फतेहपुर

**मणिपुर** राज्य में दो समुदायों के बीच चल रही हिंसा के साथ ही महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय व अमानवीय कृत्यों के विरोध में गुरुवार को गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक की महिलाओं ने हाथ में लाठी लेकर व गुलाबी साड़ी पहनकर कलेक्ट्रेट में जमकर प्रदर्शन किया तत्पश्चात राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर मणिपुर राज्य सरकार को बर्खास्त करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की मांग की। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में बताया कि मणिपुर राज्य में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण अमानवीय कृत्य किया जा रहा है वह देश के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है।

मणिपुर में हिंसा व महिलाओं को सुरक्षा देने में असफल राज्य सरकार को बर्खास्त कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। ज्ञापन में जिले के भी मुद्दे गंभीरता से उठाये गए। साथ ही चेतावनी दी कि जिले की समस्याओं का निवारण न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# किसानों की आय दोगुनी करने को संकल्पित सरकार: चंद्र प्रकाश

● किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त भेजे जाने का हुआ सजीव प्रसारण

**संवाददाता।** चित्रकूट




**राजस्थान** में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 14वीं क़िस्त किसानों के खाते में भेजे जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण चित्रकूट जिले के सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों द्वारा अपने अपने प्रतिष्ठान पर ऑडियो विजुअल संयंत्रों के माध्यम से किसानों को दिखाया गया।

इस कार्यक्रम में केंद्रों पर काफी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के उचित प्रयोग की सलाह दी गई और तरल उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि के महत्व के बारे में बताया गया। कर्वी में कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने प्रतिभाग किया और सजीव कार्यक्रम को किसानों के साथ देखा।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ल व कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विकासखंड मऊ में आनंदी खाद एवं बीज भंडार पर काफी संख्या में किसानों ने सजीव प्रसारण देखा।

## अपर मुख्य सचिव ने रैपुरा पेयजल परियोजना का किया निरीक्षण



**चित्रकूट।** पंचायती राज/कृषि उत्पादन/आयुक्त अवस्थापना औद्योगिक विकास आयुक्त उप्र शासन के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माणाधीन रैपुरा पेयजल समूह का स्थलीय निरीक्षण किया। गुरुवार को अपर मुख्य सचिव पंचायती राज ने गुंता बांध में इंटेकबेल, अगरहुडा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में फिल्टर हाउस, क्लोरिफिकेटर, केमिकल हाउस, विद्युत केंद्र, वाटर सप्लाई आदि का निरीक्षण किया। पौधरोपण कर उन्होंने कार्यदाई संस्था जीबीपीबीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि माइंड पावर बढ़ाकर कार्यो को तेजी से करें। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि परियोजना से अभी दस गांव में सप्लाई की जा रही है। शेष गांव में कनेक्शन का कार्य चल रहा है।

# नाबालिग छात्रा से बलात्कार का आरोपी दो साथियों समेत गिरफ्तार




**कमालगंज,** फर्रुखाबाद। कमालगंज थाना पुलिस ने छात्रा नेहा के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले युवक उसके दो साथियों को गिरफ्तार कर लिया है। कमालगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय ने मीडिया को बताया कि मैंने पुलिस कर्मियों के सहयोग से मोहगा गंगा गली में सुनील के मकान पर रहने वाले 21 वर्षीय मंजीत पुत्र ततवीर, ग्राम तेरा अकबरपुर निवासी प्रशांत कुमार पुत्र बादाम सिंह एवं किदवई नगर निवासी दीपक गुप्ता पुत्र शिव प्रकाश को ग्राम महरूपुर रावी स्थित दीप केसरी दुर्गा मंदिर के सामने से आज दोपहर को गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया था। थाना प्रभारी ने आरोपियों के हवाले से मीडिया को बताया कि युवकों ने पुलिस को बताया हम लोगों की नेहा उर्फअप्सरा से दोस्ती थी। प्रेम संबंध होने के कारण हम लोग अक्सर आपस में मिलते थे। 19 सितंबर को नेहा अपने छोटे भाई सुशील के साथ आई थी। हम लोग नेहा को चतुर्वेदी मेडिकल के पास अंदर खेतों की ओर उस कच्चे रास्ते पर ले गए थे जो आगे बंद हो जाता है। कुछ दूरी पर प्रशांत, नेहा के भाई सुशील को पकड़कर खड़ा था। मंजीत ने बताया कि मैंने नेहा से शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश कोशिश की तो नेहा ने मना कर दिया। तब मैंने मारपीट कर जबरन नेहा से शारीरिक संबंध बनाए।

दूसरे दिन पता चला कि नेहा ने अपने घर में ही फांसी लगा ली है। मालूम हो कि पुलिस ने घटना वाले दिन ही टेंपो चालक मंजीत उसके साथी प्रशांत को पकड़ लिया था। जब परिजन नेहा के शव का पोस्टमार्टम करा कर शव घर ले जा रहे थे।

## चेयरमैन की शिकायत पर प्रभारी ईओ हटाये गये

**हमीरपुर।** नगर पंचायत कुरारा की चेयरमैन के मध्य चल रहे टकराव के बाद शासन ने आज अधिशासी अधिकारी को हटा दिया है। अब उनके स्थान पर सदर नगर पालिका के ईओ को कार्यवाहक बना दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सुमेरपुर ईओ कुलकमल यादव को नगर पंचायत कुरारा का कार्यभार सौंपा गया था। चेयरमैन आशारानी कबीर का आरोप है कि जब से इन्होंने कार्यभार संभाला तभी से इन्होंने विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न की। कार्यालय में समाजवादी पार्टी के नेताओं को बैठाकर भाजपा विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देते थे। चेयरमैन का आरोप है कि बीते दिनों शासन स्तर पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में पूरा तरह असहयोग किया। इसके बाद मुझे कार्य को संपन्न कराना पड़ा। चार माह पहले प्रभारी मंत्री के सामने ईओ ने भाजपा नेता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी इस मामले की शिकायत शासन से की गयी थी। ईओ कुलकमल शुरू से विवादों से घिरे रहे हैं। कुरारा नगर पंचायत के कर्मियों ने ईओ के हटने पर खुशी जाहिर की है।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर रात तक निकाला गया अलम का जुलूस

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**मुहर्रम** के त्योहार में बुधवार की रात में अलम निकाले गए इसके बाद गुरुवार को दिन में छड़ें उठाई गई। स्थानीय प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था से सभी कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान जगह, जगह लंगर और फातिहा का दौर चला।

मुहर्रम के त्योहार में ताजिए से दो दिन पहले रात में अलम व उसके अगले दिन छड़ों को निकाला जाता है। नगर में 7 स्थानों पर अलम रखे गए और 16 स्थानों पर छड़ें रखी गई थी। रात में अलम और दिन में छड़ों का जुलूस निकाला जाता है। बुधवार की रात रापटगंज में जायदा बेगम के यहां से अलम उठाया गया। इसके बाद अन्य स्थानों पर रखे अलम उनके साथ पूर्व निर्धारित मार्ग पर निकाले गए। अकीदतमंदों ने अलम के पास पहुंचकर फातिहा पढ़ी। इसके बाद गुरूवार की दोपहर कल्लू व मल्लू पठान के अलावा अजमेरी, अख्तर, छोटे खां, इस्माईल, ख्वाजू, शहाबुद्दीन के यहां रखी गई छड़ों पर महिलाओं और अकीदतमंदों ने दुपट्टा बांधकर अपनी मुराद पूरी होने की कामना की। इस दौरान अकीदतमंद इमाम हसन व इमाम हुसैन के नारों लगा रहे थे। छड़ों को उठाने वाले युवाओं ने आकर्षक प्रदर्शन भी किया। अलम व छड़ों के जुलूस में अकीदतमंदों द्वारा जगह जगह लंगर का भी आयोजन किया गया। घरों पर फातिहा का दौर चला और इमाम हसन व इमाम हुसैन को याद किया गया। अलम और छड़ों में कहीं कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए स्थानीय पुलिर्स के अलावा बाहर की भी पुलिस फोर्स तैनात रही। एसडीएम सुरेश कुमार, सीओ रविंद्र गौतम, कोतवाली प्रभारी समीर सिंह, चौकी प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ नगर में भ्रमण कर पल-पल की खबर लेते रहे।

## क्विक न्यूज

### पूर्व सैनिकों की शिकायतों का करें त्वरित निस्तारण: डीएम

**फतेहपुर।** जिला सैनिक कल्याण बंधु की बैठक जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में संपन्न हुई। कहा की पूर्व सैनिकों से प्राप्त शिकायतो का निस्तारण नियमानुसार कार्यवाही पूरा करते हुए प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश संबंधितों को दिए। डीएम ने पूर्व बैठक में आई शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं उनका रजिस्टर में अंकित करते हुए उनके निस्तारण की भी आख्या लगाए, जो विभागों द्वारा प्राप्त हुई है। कहा कि जो शिकायतों का जिस भी विभाग से संबंधित है उसके बारे में सैनिकों को बताया जाये। जिससे शिकायतों का निस्तारण समय से हो सके।

### पूर्व राष्ट्रपति डा. कलाम की पुण्य तिथि मनाई गई



**फर्रुखाबाद।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्य तिथि मनाई यशस्वी राष्ट्रपति मिसाइल मैन डा कलाम की पुण्य तिथि पर सभा का आयोजन भूसामंडी फतेहगढ़ स्थित मजहर मोहम्मद खा के आवास पर संपन्न हुआ।सभी का अध्यक्षता करते हुए रामजी बाजपेई ने कहा कि डा कलाम जैसे रत्न देश में मुश्किल से जन्म लेते हैं जो एक शिक्षक,एक वैज्ञानिक,एक लेखक और एक साधू देश की हिंदू मुस्लिम एकता की शक्ति थे। उनके मार्ग पर चलकर युवाओं को उनसे बहुत कुछ सीखना चाहिए। सभासद अनिल तिवारी ने कहा कि उन्होने सेना और देश को गौरव प्राप्त कराकर भारत वैज्ञानिकों और सेनाओं का सम्मान बढ़ाया।

### नवविवाहिता ने साड़ी से फांसी का फंदा बना की खुदकुशी

**जालौन, उरई।** अज्ञात कारणों के चलते विवाहिता ने घर में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर एसडीएम व नायब तहसीलदार की उपस्थिति में पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धंतौली निवासी आशीष का विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश के जनपद भिंड क्षेत्र के अमहा दबोह निवासी संतोष उदैनिया की बेटी रागिनी (25) के साथ हुआ था। बुधवार की रात घर के सभी सदस्य खाना खा पीकर सो गए थे। सुबह लगभग आठ बजे घर के सदस्य काम कर रहे थे। रागिनी भी घर का काम कर रही थी। तभी अचानक रागिनी कमरे में गई और उसने कुंडे में साड़ी का फंदा फंसाकर गले में डाल लिया और उस पर लटक गई।

### एसआई संजना ने ग्रामीण महिलाओं को किया जागरूक

**कालपी, जालौन।** सरकार के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु उठाए गए विविध कदमों से अवगत कराने के लिए कालपी कोतवाली में तैनात महिला उप निरीक्षक संजना सिंह ने घर घर जाकर महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया वे आज अपनी महिला पुलिस टीम में संध्या और सोनी गौतम के साथ यमुना बीहड़ पट्टी के गांव शेखपुर गुढ़ा पहुंची और महिलाओं बेटियों को जागरूक किया इतना ही नहीं 1076, 1090, 112 की पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वे दिन नहीं है जो डरवश लड़कियां पढ़ने नहीं जा पाती थी अब सरकार ने खास कर महिलाओं की सुरक्षा हेतु विविध कारगर कदम उठाए हैं आप सबको इसका लाभ लेना चाहिए।

# पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण में खुली गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं की पोल

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन

**ब्लॉक** क्षेत्र की गोशालाओं की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारी सख्ती बरते हुए है। बुधवार को पशु चिकित्साधिकारी ने गोशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गोशालाओं में एक भी गोवंश नहीं मिला। जिस पर उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने कार्यवाही के लिए अधिकारियों को रिपोर्ट देने की बात कही है। बुधवार को पशु चिकित्साधिकारी सबसे पहले कुशमरा बावनी पहुंचे गोशाला की हालत देख कर वह भौंचक हो गए। गोशाला तालाब बनी हुई थी। जबकि एक भी गोवंश नही दिखे। उन्होंने ग्रामीणों से बात कर जानकारी ली। उसके बाद वह खुटमिली गोशाला पहुंचे तो उनको गोशाला खाली नजर आई। ग्रामीणों ने बताया कि गोशाला में कितने मवेशी है और कब आते जाते है उनको नहीं पता। यही हाल सजेहरा गोशाला का रहा। पशुचिकित्साधिकारी कैलाश बाबू कुरील ने बताया कि कुश्मरा बावनी गोशाला में संख्या गोवंश नहीं मिले, गोशाला में पानी भरा हुआ है। संबंधितो से पूछने पर चराने ले जाने की बात कही गई है। खुटमिली और सजेहरा में भी गोशाला खाली मिली। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों पर कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वही बीडीओ एमएल यादव ने क्षेत्र की बरखेरा गोशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूसा स्टॉक, पानी आदि व्यवस्था देखी। उन्होंने संबंधित सचिव को नियमित निरीक्षण के आदेश दिए। वही दो दिन पहले पशु चिकित्साधिकारी ने बवीना, उदनपुर और कदौरा स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण किया था जिसमें अनियमितताएं मिलीं थीं।

# मोहर्रम के मद्देनज़र एडीजी व आईजी ने शहर का किया भ्रमण

**फतेहपुर।** मोहर्रम पर्व पर जिले की शांति व्यवस्था को परखने के उद्देश्य से प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर व पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश ने शहर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया और व्यवस्थाएं देखीं। तत्पश्चात अधिकारियों ने आमजन से संवाद कर पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। प्रयागराज जोन के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर व पुलिस महानिरीक्षक चंद्र प्रकाश का काफिला गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन पहुंचा। जहां स्थानीय पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। द्वेय अधिकारियों ने गार्द का निरीक्षण कर टर्न आउट भी चेक किया।

# पेज एक का शेष

## भ्रष्टाचारियों-वंशवादियों...

राजग सरकार के नौ साल के कार्यकाल के दौरान इसे पूरा किया गया है। महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए अपने प्रशासन की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि यदि पिछली सरकार (कांग्रेस और उसके सहयोगियों की) सत्ता में बनी रहती तो एक लीटर दूध की कीमत 300 रुपए होती। उन्होंने कहा, महंगाई के मामले में उनका ट्रैक रिकॉर्ड देखिए। जब वे सत्ता में थे, तो मुद्रास्फीति की दर 10 प्रतिशत थी। अगर हमने मुद्रास्फीति को नियंत्रित नहीं किया होता तो आज कीमतें आसमान छू रही होतीं। अगर वे वर्तमान में सत्ता में होते, तो आज कीमतें आसमान छू रही होतीं। एक लीटर दूध की कीमत 300 रुपए होती जबकि एक किलो दाल 500 रुपए में बेची जाती।

## लाल डायरी...

था। महात्मा गांधी के अंग्रेजों भारत छोड़ो नारे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, आज का नारा है- भ्रष्टाचार छोड़ो इंडिया, परिवारवाद छोड़ो इंडिया, तुष्टिकरण छोड़ो इंडिया। गुढ़ा ने हाल ही में राज्य विधानसभा में कथित 'लाल डायरी' लहराई थी। बाद में उन्होंने दावा किया कि डायरी में दो नंबर का लेनदेन दर्ज है और इसमें मुख्यमंत्री का नाम भी है। इसकी ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलाई है और झूठ का बाजार सजाया है। कांग्रेस का मतलब ही है लूट की दुकान, झूठ का बाजार। लूट की इस दुकान का सबसे ताजा प्रॉडक्ट है, राजस्थान की लाल डायरी। मोदी ने कहा, कहते हैं कि इस लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि लाल डायरी के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस लाल डायरी का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है। हालांकि इसको लेकर मोदी पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि असली लूट तो प्रधानमंत्री ने लाल सिलेंडर (एलपीजी सिलेंडर)1,150 रुपए में बेचकर मचा रखी है। इसके साथ ही गहलोत ने दावा किया कि ऐसी कोई लाल डायरी मौजूद नहीं है और यह कपोलकल्पित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि आने वाले समय में जनता भाजपा को लाल झंडा दिखाएगी। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं और इस साल में मोदी का राजस्थान में यह सातवां कार्यक्रम था। इसमें उन्होंने राज्य में विभिन्न भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने को लेकर भी गहलोत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पेपर लीक का उद्योग चल रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस सरकार को हटाना होगा। मोदी ने कहा, इस बार एक ही नारा है- नहीं सहेगा राजस्थान , बहन-बेटियों पर अत्याचार-नहीं सहेगा राजस्थान। सभा में बड़ी संख्या में मौजूद लोगों की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा, ये जन सैलाब बता रहा है कि आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। अब राजस्थान की करवट भी बदलेगी और मेरी गारंटी है...राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी। उन्होंने कहा, इसलिए आज राजस्थान में एक ही गूंज है, एक ही स्वर है, एक ही नारा है... जीतेगा कमल, खिलेगा कमल।

## जयशंकर का...

उपलब्धि नहीं है बल्कि पूरे देश के लिए एक उपलब्धि है। भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अन्य देशों से सर्वोच्च सम्मान मिलने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप राष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर सकते, उपराष्ट्रपति का सम्मान नहीं कर सकते, प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं कर सकते, अगर आप विदेश मंत्री को सदन में बयान देने की अनुमति नहीं देंगे तो फिर यह बहुत खेदजनक स्थिति है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हितों के मामलों में राजनीति को दरकिनार कर देना चाहिए।

## सत्ता के...

एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यूपीए (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) का नाम बदला है ताकि ये आतंकवाद के सामने घुटने टेकने का अपना पाप छिपा सकें। मोदी ने कहा, इनका तरीका वही है जो हमेशा देश के दुश्मनों ने अपनाया है। पहले भी इंडिया के नाम के पीछे अपने पाप को छुपाने का प्रयास किया गया है। इंडिया नाम तो ईस्ट इंडिया कंपनी में भी था। लेकिन वहां इंडिया नाम अपनी भारत भक्ति दिखाने के लिए नहीं, बल्कि भारत को लूटने के इरादे से लगाया गया था। कांग्रेस के शासनकाल में सिमी यानी स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया बना था। नाम में इंडिया था लेकिन मिशन, इंडिया को आतंकी हमलों से बर्बाद करने का था। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर पलटवार करते हुए कहा, विपक्षी गठबंधन ने बहुत सुंदर नाम चुना, जो हमारे दिल से निकला, इंडिया। हम इंडिया हैं। हमने जैसे ही यह नाम दिया, उसी इंडिया को नरेन्द्र मोदी जी ने गाली देना शुरू कर दिया, उन्होंने ये भी नहीं सोचा कि वह इस पवित्र शब्द हिंदुस्तान को गाली दे रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि यह अहंकार है। कांग्रेस नेता ने कहा, देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। एक तरफ आरएसएस, भाजपा की विचारधारा और दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा है। कांग्रेस की विचारधारा, संविधान की विचारधारा, देश को जोड़ने की विचारधारा, सबको एक साथ लेने की विचारधारा है। आरएसएस और भाजपा चाहते हैं कि कुछ चुने हुए लोग इस देश को चलाएं, पूरा का पूरा धन उन चुने हुए लोगों के हाथों में हो, सभी संस्थाएं उन्हीं लोगों के नियंत्रण में रहें।

## ईडी निदेशक...

अपने आदेश में कहा, हम मानते हैं कि सामान्य परिस्थितियों में ऐसे आवेदन पर विचार नहीं किया जाता। व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए हम प्रतिवादी संख्या-2 (संजय कुमार मिश्रा) को कुछ समय तक पद पर बने रहने की अनुमति देने के पक्ष में हैं। इसने कहा, ऐसे में हम प्रतिवादी संख्या-2 (संजय कुमार मिश्रा) को 15 सितंबर, 2023 तक प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक पद पर बने रहने की अनुमति देते हैं। हम स्पष्ट कर रहे हैं कि प्रतिवादी संख्या-2 को कार्यकाल विस्तार देने के किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि प्रतिवादी संख्या-2, 15-16 सितंबर, 2023 की दरमियानी रात (15 सितंबर रात 12 बजे के बाद) से ईडी के निदेशक नहीं रहेंगे। न्यायालय ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में वह ऐसे आवेदन पर विचार नहीं करता, विशेष रूप से तब जब उसने 17 नवंबर, 2021 और 17 नवंबर, 2022 को जारी आदेशों के माध्यम मिश्रा को दिए गए कार्यकाल विस्तार को गैरकानूनी करार दिया था। इसने कहा कि उसने पदभार का सुगम हस्तांतरण सुनिश्चित करने के लिहाज से मिश्रा को 31 जुलाई तक का कार्यकाल विस्तार दिया था। पीठ द्वारा आदेश पढ़े जाने के बाद केन्द्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह मिश्रा को 30 सितंबर तक कार्यकाल विस्तार देने पर विचार करे। इस पर पीठ ने मेहता से स्पष्ट कहा, नहीं। यह भी (15 सितंबर तक का कार्यकाल विस्तार) हमने व्यापक राष्ट्रहित में दिया है। सामान्य परिस्थितियों में हमने आपके आवेदनपर विचार भी नहीं किया होता, लेकिन आपने राष्ट्रहित की बात रखी है। इसके बाद कोई सवाल नहीं। वह 15-16 सितंबर, 2023 की मध्यरात्रि से पदमुक्त हो जाएंगे। सुनवाई के दौरान मिश्रा के कार्यकाल विस्तार का अनुरोध कर रही केन्द्र सरकार से पीठ ने पूछा कि निवर्तमान प्रमुख के अलावा क्या पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है। पीठ ने मेहता से कहा, क्या हम यह छवि पेश नहीं कर रहे हैं कि और कोई नहीं है तथा पूरा विभाग अयोग्य लोगों से भरा पड़ा है। क्या यह विभाग का मनोबल तोड़ने जैसा नहीं है कि अगर एक व्यक्ति नहीं है तो विभाग काम नहीं कर सकता। सरकार के शीर्ष विधि अधिकारी ने दलील दी कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की समीक्षा के मद्देनजर ईडी के मौजूदा नेतृत्व का बने रहना आवश्यक है क्योंकि एफएटीएफ की रेटिंग मायने रखती है। एफएटीएफ वैश्विक धनशोधन रोधी और आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन उपलब्ध कराने जैसी गतिविधियों पर नजर रखने वाली संस्था है। मेहता ने कहा कि मिश्रा का रहना अनिवार्य नहीं है लेकिन उनकी उपस्थिति पूरी समीक्षा प्रक्रिया और रेटिंग के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, एफएटीएफ की टीम तीन नवंबर को आ रही है लेकिन बातचीत उससे पहले हो रही है। यहां प्रश्न नेतृत्व की निरंतरता का है। इससे देश को मदद मिलेगी और एफएटीएफ द्वारा दी गई रेटिंग अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है क्योंकि क्रेडिट रेटिंग सहित बहुत कुछ इस पर निर्भर है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति गवई ने कहा, मैं भारत का प्रधान न्यायाधीश बनने वाला हूं। अगर कुछ अप्रिय घटना हो जाए तो क्या उच्चतम न्यायालय काम करना बंद कर देगा? मेहता ने कहा कि मिश्रा सहित किसी का भी होना अनिवार्य नहीं है लेकिन वह पिछले कई साल से संस्था के प्रमुख के पद पर काम कर रहे हैं और एफएटीएफ की समीक्षा प्रक्रिया के दौरान उनकी निरंतरता आवश्यक है। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू ने कहा, कुछ पड़ोसी देश चाहते हैं कि भारत एफएटीएफ की ग्रे सूची में पहुंच जाए और ऐसे में ईडी प्रमुख का पद पर बने रहना आवश्यक है।

## अलकायदा के...

देश ने यह भी बताया कि एक्यूआईएस के कुछ सीमित लड़ाके या तो आईएसआईएल-के के साथ जुड़ने या सहयोग करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट में अफगानिस्तान में मौजूद ग्लोबल आतंकी नेटवर्क के इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत चैप्टर का भी जिक्र किया गया है। संयुक्त राष्ट्र के एक अन्य सदस्य देश ने एक्यूआईएस के तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ विलय की संभावना की ओर इशारा किया है। एक्यूआईएस अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे से उत्साहित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सदस्य देश ने आकलन किया है कि एक्यूआईएस पाकिस्तान के भीतर बढ़ते हमलों के लिए टीटीपी को मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। एक्यूआईएस बनानेकी घोषणा अल-कायदा के पूर्वप्रमुख अयमान अल-जवाहिरी नेसितंबर 2014 में की थी। पाकिस्तान स्थित असीम उमर इस आतंकी संगठन का मूल नेता था। जब अफगानिस्तान में अमेरिकी सैन्य अभियान के दौरान उमर मारा गया था तब ओसामा महमूद 2019 में एक्यूआईएस का प्रमुख बन गया। ओसामा महमूद को पाकिस्तानी नागरिक माना जाता है। क्षेत्र में इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्रांत के साथ एक्यूआईएस के सहयोग की अब तक कोई रिपोर्ट नहीं है।

## ज्ञानवापी मामले...

यह नहीं कह सकता कि विशेषज्ञ मत ना आए। जैन ने बताया कि एएसआई ने अपने हलफनामे में कहा है कि यह पूरी प्रक्रिया हम ढांचे को क्षति पहुंचाए बगैर करेंगे। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को पूरी तरह से सुनने के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रखा है। सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता अजय मिश्रा ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य सरकार है और सर्वेक्षण को लेकर कोई चिंता नहीं है। वहीं हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि एक तार्किक परिणाम पर पहुंचने के लिए अदालत ने एएसआई सर्वेक्षण का आदेश पारित किया जोकि आवश्यक है। जैन ने मस्जिद के पश्चिम तरफ के फोटोग्राफ भी दिखाए जिसमें हिंदू पूजा स्थल के संकेत मौजूद हैं। इससे पूर्व, मस्जिद कमेटी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा, जब वादी के पास अपने मामले के समर्थन में कोई साक्ष्य ना हो तो अदालत साक्ष्य संग्रह करने के लिए विशेषज्ञ नहीं भेजा करती। इस पर जैन ने कहा, देवताओं का अस्तित्व होना या ना होना, साक्ष्य का मामला है। साक्ष्य प्राप्त करने के लिए जोकि वहां है और पक्षकार स्वयं इसे पेश करने की स्थिति में नहीं हैं, तब अदालत साक्ष्य एकत्रित करने के लिए विशेषज्ञ भेज सकती है। मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी ने कहा, हमने खुदाई के विभिन्न उपकरणों के फोटोग्राफ संलग्न किए हैं जिन्हें एएसआई की टीम मस्जिद परिसर लेकर पहुंची थी। यह दिखाता है कि उनका इरादा खुदाई करने का था। बाद में एएसआई के अपर निदेशक आलोक त्रिपाठी ने स्पष्ट किया कि चूंकि टीम पहली बार मस्जिद के स्थान पर गई थी, इसलिए वे अपने साथ कुछ उपकरण लेकर गए, लेकिन खुदाई के लिए नहीं, बल्कि स्थल से मलबा हटाने के लिए। सुनवाई के दौरान, विष्णु शंकर जैन ने ढांचे की पश्चिमी दीवार के फोटोग्राफ दिखाते हुए कहा कि ढांचे की दीवार पर हिंदू धर्म के विभिन्न संकेत मौजूद हैं जिसमें दीवार के कुछ हिस्सों पर स्वास्तिक के चिह्न हैं। जैन ने कहा कि मस्जिद के केंद्रीय गुंबद के नीचे एक ध्वनि सुनाई पड़ती है जिससे पता चलता है कि इसके भीतर कुछ छिपा है। उन्होंने कहा कि मस्जिद की दीवार और मस्जिद के भीतर की दीवारों पर कई हिंदू कलाकृतियां हैं। इसे विशेषज्ञ की राय से साबित किया जा सकता है और यह राय एएसआई द्वारा दी जा सकती है। उप्र सुन्नी वक्फ बोर्ड की ओर से अधिवक्ता पुनित गुप्ता ने कहा कि एएसआई सर्वेक्षण के लिए आवेदन अपरिपक्व है और यहां तक कि राम जन्मभूमि मामले में भी संबंधित पक्षों के मौखिक साक्ष्य दर्ज करने के बाद एएसआई सर्वेक्षण का आदेश दिया गया था। लेकिन मौजूदा मामले में मौखिक साक्ष्य अभी तक दर्ज नहीं किया गया है।

# दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन में युद्ध तेज हुआ, यूक्रेनी सेना को भारी नुकसान : पुतिन

भाषा। कीव

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बृहस्पतिवार को कहा कि दक्षिण-पूर्वी यूक्रेन के जपोरिजिया क्षेत्र में भीषण युद्ध हो रहा है। पश्चिमी देश के एक अधिकारी ने पहले बताया था कि कीव ने रूसी सेना को पीछे धकेलने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू किया है। अफ्रीकी नेताओं के सम्मेलन के लिए सेंट पीटर्सबर्ग में मौजूद पुतिन ने कहा कि जिस बहादुरी से रूसी सेना ने यूक्रेन के हमलों का जवाब दिया है, वह प्रशंसनीय है। न्होंने दावा किया कि रूसी सेना ने न सिर्फ कई सैन्य उपकरणों को नष्ट किया है, बल्कि कीव के बलों को भारी नुकसान भी पहुंचाया है। उनके दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी। पुतिन की इस टिप्पणी का एक वीडियो सरकारी टीवी के पत्रकार पावेल जारूबिन द्वारा टेलीग्राम पर पोस्ट किया गया।



## विपक्षी दल की रिपोर्टिंग करने के आरोप में बेलारूस के पत्रकार को छह साल की जेल

**तल्लिन (एस्तोनिया)।** विपक्षी दलों के बारे में रिपोर्टिंग के आरोप में बेलारूस के एक जाने माने पत्रकार को छह साल की जेल की सजा सुनाई गई है। विपक्षी दलों से संबंधित व्यक्तियों, स्वतंत्र पत्रकारों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के खिलाफ एक साल से जारी मुहिम में यह हालिया घटना है। पश्चिम बेलारूस में ग्रोडनो शहर में सुनवाई के दौरान पैवेल माजिका (45) पर विपक्षी राजनीतिक दल की गतिविधियों की कवरेज के लिए चरमपंथी गतिविधि में संलिप्तता का आरोप लगा है। माजिका पर बेलसैट टीवी समेत समाचार आउटलेट के लिए काम करने का आरोप है। बेलसैट टीवी के जरिए बेलारूस में प्रसारण होता है लेकिन उसका आधार पोलैंड में है।

## साइबेरिया में रूसी हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

**मास्को।** रूस के साइबेरिया क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य घायल हो गए। रूस के आपात विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रूस के इमरजेंसी मंत्रालय की अल्ताई शाखा ने बताया कि दक्षिणी साइबेरिया के अल्ताई गणराज्य में उतरने के दौरान एमआई-8 हेलीकॉप्टर बिजली की तार से टकरा गया और उसमें आग लग गई। मंत्रालय ने हेलीकॉप्टर के मलबे की एक तस्वीर भी जारी की है। मंत्रालय की शाखा ने अपने शुरुआती बयान में बताया था कि हेलीकॉप्टर में 13 लोग सवार थे, जिसमें से छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बाद में संख्या को संशोधित करते हुए बताया कि विमान में कुल 16 लोग सवार थे, जिसमें से चार लोगों की मौत हुई है।

# उत्तरी सागर में 3,000 कार लेकर जा रहे जहाज में आग लगने से एक भारतीय की मौत, 20 अन्य घायल

भाषा। लंदन

**नीदरलैंड** तट के पास उत्तरी सागर में लगभग 3,000 कार लेकर जा रहे एक मालवाहक जहाज में भीषण आग लग गई, जिससे चालक दल के एक भारतीय सदस्य की मौत हो गई और 20 अन्य घायल गए। नीदरलैंड के तटरक्षकों ने चेतावनी दी है कि यह आग बुझाने में लंबा समय लग सकता है। पनामा में पंजीकृत 199 मीटर लंबे जहाज 'फ्रीमेंटल हाईवे' पर आग मंगलवार की रात लगी, जो जर्मनी से मिस्र जा रहा था। आग लगने के बाद चालक दल के कई सदस्य जान बचाने के लिए पानी में कूद गए। नीदरलैंड स्थित भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जहाज में आग लगने के कारण एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। दूतावास ने बुधवार को एक ट्वीट में कहा, 'हम उत्तरी सागर में जहाज फ्रीमेंटल हाईवे से जुड़ी घटना को लेकर बहुत दुखी हैं, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और चालक दल के कई सदस्य घायल गए। दूतावास ने कहा कि वह मृतक के परिवार के संपर्क में है और मृतक के शव को स्वदेश वापस भेजने के लिए सहायता कर रहा है। दूतावास की ओर से किए गए एक ट्वीट में बताया गया है,दूतावास, हादसे में घायल चालक दल के 20 अन्य सदस्यों के भी संपर्क में है। सभी सुरक्षित हैं और उनका इलाज चल रहा है। नीदरलैंड के अधिकारियों और शिपिंग कंपनी की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। तटरक्षक बल के एक प्रवक्ता ने बुधवार को सीएनएन को बताया कि चालक दल के 23 सदस्यों को जहाज से बाहर निकालने के लिए बचाव नौकाओं और हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया था, क्योंकि कुछ लोग जान बचाने के लिए पानी में कूद गए थे। नीदरलैंड के राष्ट्रीय प्रसारक एनओएस ने बताया कि आग संभवत: जहाज पर मौजूद 25 इलेक्ट्रिक कारों में से किसी एक के कारण लगी होगी। वहीं, एक तटरक्षक बल के सदस्य ने कहा कि आग लगने के लगभग 16 घंटे बाद भी अग्निशमन दल, उसे बुझाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### अमेरिका : टेनेसी शहर में जलाशय के पानी में डीजल मिला, लोग परेशान

मेम्फिस। अमेरिका के टेनेसी शहर के जलाशय के पानी में डीजल मिल जाने के कारण स्थानीय लोगों के लिए परेशानी उत्पन्न हो गई है क्योंकि उनके घरों में नलों से दूषित पानी आ रहा है।टेनेसी के लोग करीब एक सप्ताह से इस समस्या का सामना कर रहे हैं और उन्हें पीने के लिए साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। जर्मनटाउन के मेम्फिस उपनगर में रहने वाले करीब 40,000 लोगों को बुधवार को एक आदेश के तहत बताया गया कि वह शौचालयों को फ्लश करने के अलावा किसी भी अन्य कार्य के लिए डीजल युक्त पानी का उपयोग न करें। एक सप्ताह बाद भी इन लोगों के लिए हालात नहीं सुधरे हैं। ए लोग नल का पानी न तो पी सकते हैं और ना ही उबाल सकते हैं। नहाने के लिए भी डीजल वाले पानी का उपयोग नहीं किया जा सकता। अधिकारियों ने व्यक्तिगत उपयोग के लिए बोतलबंद पानी का इस्तेमाल करने की सलाह दी है और शहर में गत शुक्रवार से बोतलबंद पानी वितरित किया जा रहा है।यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि नल का पानी कब उपयोग के लिए सुरक्षित माना जाएगा। टेनेसी के पर्यावरण एवं संरक्षण विभाग के प्रवक्ता एरिक वार्ड ने बुधवार को एक ईमेल में बताया कि विभाग चाहता है कि परामर्श वापस लिए जाने से पहले पानी पूरी तरह डीजल मुक्त हो जाए। शहर में पहली बार 20 जुलाई को निवासियों को बताया गया था कि एक जलशोधन संयंत्र में डीजल का रिसाव होने से जल आपूर्ति प्रणाली बाधित हो गई है। फिर निवासियों ने भी अपने पानी में ईंधन की गंध आने की शिकायत की।

### घाना की संसद ने अंतिम फांसी के 30 साल बाद मृत्युदंड समाप्त करने के लिए मतदान किया

अक्करा (घाना)। घाना की संसद ने राजद्रोह को छोड़कर अन्य सभी अपराधों के लिए मृत्युदंड को कानूनी रूप से खत्म करने के पक्ष में मतदान किया है। इस मतदान से घाना में पिछले तीन दशकों से फांसी की सजा पर स्वतः रोक को औपचारिक रूप मिल गया है। घाना में किसी अपराध के लिए आखिरी बार 1993 में फांसी दी गई थी। मंगलवार को संसद सत्र के दौरान कानून निर्माताओं ने अपराध से जुड़े कानून में प्रस्तावित संशोधन का मतदान के जरिए समर्थन किया। प्रस्तावित विधेयक को अब राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानूनी मान्यता मिल जाएगी। संसद की कार्यवाही का राष्ट्रीय टेलीविजन पर सीधा प्रसारण किया गया। कानून में बदलाव के बाद छह महिलाओं समेत उन 176 कैदियों की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया जाएगा जिन्हें विभिन्न अपराधों में दोषी ठहराए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई थी।

### नाइजर के राष्ट्रपति ने कहा - देश में लोकतंत्र कायम रहेगा

नियामे (नाइजर)। नाइजर के राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि देश में लोकतंत्र कायम रहेगा। एक दिन पहले ही विद्रोही सैनिकों ने देश की बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर उन्हें हिरासत में ले लिया था और घोषणा की थी कि उन्होंने तख्तापलट कर दिया है। राजधानी नियामे में कई लोग सामान्य रूप में अपना कामकाज किया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि देश का नियंत्रण किसके हाथ में है। सैन्य कमान की ओर से किए गए एक ट्वीट में कहा गया है कि यह जानलेवा टकराव को रोकने के लिए तख्तापलट का समर्थन करेगा जिससे रक्तपात हो सकता है।

## ट्रूडो ने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया, कई मंत्री हटाए

**टोरंटो।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया। इसे अगले संघीय चुनाव के लिए उनके अपनी टीम तैयार करने के कदम के तौर पर देखा जा रहा है। ट्रूडो ने मंत्रिमंडल से सात मंत्रियों को हटा दिया है और 23 के विभागों में फेरबदल किया है। उन मंत्रियों को मंत्रिमंडल से हटाया गया है जिनमें से कई ने कहा है कि वे अगला चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगला चुनाव अक्टूबर 2025 तक होना है। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में ट्रूडो की लिबरल पार्टी प्रतिद्वंद्वी कंजर्वेटिव पार्टी से पीछे चल रही है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों शुक्रवार को श्रीलंका का दौरा करेंगे

**कोलंबो।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अपने श्रीलंकाई समकक्ष रानिल विक्रमसिंघे के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए द्वीपीय देश की अपनी पहली यात्रा पर 28 जुलाई को कोलंबो आएंगे। यह घोषणा बृहस्पतिवार को की गई। राष्ट्रपति कार्यालय ने बताया कि श्रीलंका के साथ साथ मैक्रों पापुआ न्यू गिनी और वानुआतु के प्रशांत द्वीपों की पांच दिवसीय यात्रा के बाद फ्रांस लौटेंगे। अधिकारियों ने बताया कि मैक्रों की आधिकारिक यात्रा किसी भी फ्रांसीसी राष्ट्रपति की पहली श्रीलंका यात्रा है। मैक्रों शुक्रवार की शाम को द्विपक्षीय वार्ता के लिए विक्रमसिंघे से मिलेंगे। वह शनिवार को सुबह रवाना हो जाएंगे। विक्रमसिंघे ने मैक्रों से जून में एक नए वैश्विक वित्तीय समझौते के लिए राष्ट्राध्यक्षों के सम्मेलन के दौरान पेरिस में मुलाकात की थी।

## दक्षिणी मिशिगन में भीषण तूफ़ान से तबाही, 140,000 से अधिक घरों की बिजली गुल

**डेट्रॉयट।** दक्षिणी मिशिगन में बुधवार को भीषण तूफ़ान आया जिससे जगह जगह पेड़ उखड़ गए, शाखाएं टूट गईं तथा बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए और 140,000 से अधिक उपभोक्ताओं और प्रतिष्ठानों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा।डीटीई एनर्जी ने शाम पाँच बजकर चालीस मिनट तक लगभग 108,000 उपभोक्ताओं के बिजली संकट का सामना करने की सूचना दी। वहीं कंज्यूमर्स एनर्जी ने 32,000 से अधिक लोगों और प्रतिष्ठानों के पास बिजली न होने की सूचना दी। राष्ट्रीय मौसम विभाग ने बताया किडेट्रॉइट क्षेत्र, एन आर्बर और दक्षिणी मिशिगन में कई जगहों पर पेड़ गिर गए और शाखाएं टूट गई है।

# पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के एलओसी पार करने वाली टिप्पणी की आलोचना की

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उस टिप्पणी की निंदा की है जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत अपना सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान ने कहा कि युद्ध भड़काने वाली बयानबाजी क्षेत्रीय शांति एवं स्थिरता के लिए खतरा है। लद्दाख के द्रास में बुधवार को 24वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर करगिल युद्ध स्मारक में अपने संबोधन में सिंह ने कहा था कि देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा में कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सिंह ने कहा, हम देश का



सम्मान और प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं... अगर इसके लिए एलओसी पार करना हो, तो हम वह भी करने के लिए तैयार हैं... अगर हमें उकसाया गया और जरूरत पड़ी तो हम एलओसी को पार कर जाएंगे। उन्होंने कहा था, करगिल युद्ध भारत पर थोपा गया था। जिस वक्त भारत, पाकिस्तान के साथ बातचीत के जरिए मुद्दों की सुलझाने की कोशिश कर रहा था... पाकिस्तान ने हमारी पीठ में छुरा भोंक दिया। उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों को राष्ट्र के दुश्मनों का खात्मा करने के लिए खुली छूट दी गई है। सिंह की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान किसी भी आक्रामकता के खिलाफ अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। बुधवार को एक बयान में कहा गया, हम भारत को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह देते हैं क्योंकि उसकी आक्रामक बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा है और दक्षिण एशिया में रणनीतिक माहौल को अस्थिर करने वाली है।

# कुवैत ने 2015 के विस्फोट मामले के दोषी सहित पांच कैदियों को फांसी दी

**दुबई।** कुवैत सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 2015 में एक शिया मस्जिद में हुए धमाके के दोषी समेत पांच कैदियों को फांसी दी है। मस्जिद में हुए हमले में 27 लोग मारे गए थे और इस्लामिक स्टेट समूह ने इस धमाके की जिम्मेदारी ली थी। कुवैत के लोक अभियोजक ने एक बयान में कहा कि पांचों कैदियों को सेंट्रल जेल में फांसी दी गई। अभियोजकों ने कहा कि जिन लोगों को फांसी दी गई है, उसमें एक 2015 में मस्जिद पर हमले के मामले में दोषी था, जबकि तीन हत्या और एक मादक पदार्थ मामले का दोषी था। अभियोजक द्वारा जारी बयान में कहा गया कि हत्या के मामले में एक दोषी मिस्र और दूसरा कुवैत का नागरिक था। वहीं मादक पदार्थ तस्कर श्रीलंका का नागरिक था। बयान में तीसरे हत्यारे और मस्जिद पर हमला करने वाले दोषी कैदियों की राष्ट्रीयता का जिक्र नहीं किया गया। बयान के मुताबिक दोनों अवैध तरीके से कुवैत में रह रहे थे। वर्ष 2015 में कुवैत की सबसे पुरानी शिया मस्जिदों में से एक के अंदर शुक्रवार को दोपहर की नमाज के दौरान बम विस्फोट हुआ था। इस बम विस्फोट में 27 लोग मारे गए थे। यह कुवैत में पिछले दो दशकों में पहला आतंकवादी हमला था, जिसकी जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट समूह ने ली थी।

## युवा भारतीय जलवायु परिवर्तनकर्ताओं ने कनाडा के पर्यावरण मंत्री से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** युवाओं के नेतृत्व में क्लाइमेट एक्शन को बढ़ावा देने और विभिन्न हितधारकों के बीच दूरियों को मिटाने की कोशिश के तहत कनाडा उच्चायोग, प्रोजेक्ट फाउंडेशन और बाल रक्षा भारत ,जिसे विश्वस्तर पर सेव द चिल्ड्रेन के रूप में जाना जाता है, ने संयुक्त रूप से एक आकर्षक संवाद का आयोजन किया। भारत के युवा जलवायु परिवर्तनकर्ताओं ने वित28 अभियान में कनाडा के पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री स्टीवन गिल्बॉल्ट और अभिनेत्री और सद्भावना राजदूत दीया मिर्जा से मुलाकात की। मंत्री गिल्बॉल्ट जलवायु संकट के खिलाफ लड़ाई में एक प्रमुख सिपाही हैं। एक पर्यावरण कार्यकर्ता और एक नेता के रूप मेंए वह पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के लिए सकारात्मक प्रभाव डालने और राह बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह जी-20 पर्यावरण और जलवायु स्थिरता मंत्रियों की बैठक में शामिल होने के लिए भारत का दौरा कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में भारत और कनाडा के विभिन्न क्षेत्रों से जलवायु मुद्दों के समाधान के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय प्रयासों में सबसे आगे रहे युवा जलवायु कार्यकर्ताओंए पर्यावरण विदों और हिमायतियों का एक विविध जमावड़ा हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भाग लेने वाले युवा जलवायु नेताओं और स्थिरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए गहराई से प्रतिबद्ध दो प्रमुख हस्तियों मंत्री गिल्बॉल्ट और दीया के बीच खास बातचीत थी। वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े संकट से लड़ने के लिए बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए मंत्री गिल्बॉल्ट ने कहा ष्युवा अपने भविष्य के बारे में चिंतित हैं इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि उनकी आवाज़ सुनी जाए। सरकारों और कारोबारों को और क्लाइमेट एक्शन लेने की उनकी पुरजोर हिमायत दुनिया को जलवायु परिवर्तन से लड़ने में तेजी से और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।कश्मीर के 14 वर्षीय सुहैल ने अपने विचार रखते हुए कहा स्कूलों में जलवायु की शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए ताकि बच्चे जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को समझ सके।

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Rajeev Lochan, S/o Late Shri Desh Bandhu Gupta, R/o Flat No-151, Block-D, Sector-18, Rohini Delhi-110085. I am the Owner/Purchare of Flat No. 151, Block-D, Sector-18, Rohini Delhi-110085 vide DDA file no M-24(616) 99/RO/NP.
The original documents i.e. Allotment letter, Demand letter, DDA Possession Letter, NOC for Electric & Water connection, Site Possession Letter and all bank challan and others papers has been lost. An FIR of this has been lodged in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No: 696691/2023 on 26/07/2023.
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9456655556 within 7 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

सार्वजनिक सूचना

ICICI Home Finance
पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई-400051
शाखा का स्थानांतरण
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ने व्यवसाय के पुनर्मूल्यांकन के परिणामस्वरूप प्रथम तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 के पते पर स्थित इसकी शाखा स्थानांतरित करने का निर्णय किया है। नया शाखा पता आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, द्वितीय तल, विश्वकर्मा कॉम्प्लेक्स, प्लॉट नंबर 17/18, यशोदा अस्पताल के पीछे, कौशाम्बी, गाजियाबाद-201010 है, जो अक्टूबर, 2023 से प्रभावी होगा।
'नियामक मानकों के अनुसार विनिर्दिष्ट नोटिस अवधि समाप्त होने के बाद मौजूदा शाखा में परिचालन बंद कर दिया जाएगा।
वास्ते आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड
प्रियंका शेट्टी
कम्पनी सचिव

# चीनी युवती ने पाकिस्तानी प्रेमी संग निकाह रचाया

● सरहदों को लांघ कर लिखी गई एक और प्रेम कहानी

भाषा। पेशावर

सरहद के आर-पार प्रेम कहानी का एक और मामला सामने आया है, जिसमें अब चीन की एक महिला सोशल मीडिया पर एक पाकिस्तानी युवक से मुलाकात और उसके प्यार में पड़ने के बाद उससे मिलने खैबर पख्तूनख्वा आ पहुंची है। इतना ही नहीं चीनी युवती अपने प्रेमी जावेद से निकाह करके अब गाओ फेंग से किस्वा बन गई है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान गाओ फेंग के रूप में हुई है, जो तीन महीने के वीजा पर गिलगिट के रास्ते चीन से बुधवार को इस्लामाबाद पहुंची। 21 वर्षीय युवती को उसका 18 वर्षीय दोस्त जावेद लेने पहुंचा था, जो अफगानिस्तानी सीमा से सटे बाजौर जनजातीय जिले का रहने वाला है।बाजौर में सुरक्षा हालात के चलते जावेद अपनी दोस्त को अपने गृहनगर न ले जाकर लोअर दीर जिले के समरबाग तहसील में अपने मामा के घर ले गया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों पिछले तीन साल से स्नैपचैट के माध्यम से एक-दूसरे के संपर्क में थे और इसी दौरान उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई। जावेद के ममेरे भाई इज्जतुल्ला खान ने फोन पर पीटीआई-भाषा को बताया कि गाओ ने इस्लाम कबूल करने के बाद बुधवार को जावेद से निकाह कर लिया और उसका नया नाम किस्वा है। इज्जतुल्ला ने बताया कि गाओ 20 जुलाई को इस्लामाबाद पहुंची थी, जहां वह और जावेद उसे लेने पहुंचे थे। वहां से 21 जुलाई को वे लोअर दीर आए, जहां गाओ समरबाग में इज्जतुल्लाह के घर पर ठहरी थी।

# उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूसी रक्षा मंत्री से मुलाकात की

भाषा। सियोल

**उत्तर कोरिया** के नेता किम जोंग उन ने सैन्य मुद्दों और क्षेत्रीय सुरक्षा माहौल पर चर्चा के लिए रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात की। सरकारी मीडिया ने यह बृहस्पतिवार को जानकारी दी। उसने यह भी बताया कि यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध के प्रति उत्तर कोरिया का समर्थन फिर सामने आया।उत्तर कोरिया आज 1950-53 के युद्धविराम की 70वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस युद्धविराम के बाद कोरियाई जंग थम गई थी।
उत्तर कोरिया की सरकारी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बताया कि किम और शोइगु की मुलाकात बुधवार को राजधानी प्योंगयांग में हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा तथा क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के माहौल को लेकर आपसी चिंता के



मामलों पर सहमति व्यक्त की। जिन मुद्दों पर सहमति बनी उनके बारे में स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं दी गई। केसीएनए के अनुसार इस भेंटवार्ता के दौरान शोइगु ने किम को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा लिखा गया शुभकामना संदेश सौंपा। लेकिन न्यूज एजेंसी की खबर में यह नहीं बताया गया कि दोनों ने किन सैन्य मामलों पर चर्चा की।उत्तर कोरिया यूक्रेन युद्ध के सिलसिले में रूस के पक्ष में खड़ा रहा है। उसका कहना है कि अमेरिका की अगुवाई में पश्चिमी देशों की वर्चस्ववादी नीति ने रूस को अपने सुरक्षा हितों की रक्षा के वास्ते सैन्य कार्वाई करने के लिए बाध्य किया है। अमेरिका के बाइडन प्रशासन ने उत्तर कोरिया पर यूक्रेन युद्ध में रूस को हथियार देने का आरोप आया है। लेकिन उत्तर कोरिया ने इस आरोप से इनकार किया है।केसीएनए ने कहा कि किम शोइगु भेंट से राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग बढ़ाने में मदद करेगी।

ऋण वसूली

न्यायाधिकरण-2, चेन्नई टी. ए. सं. 541/2022
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, तृतीय तल, पश्चिम स्कंध, भू खंड सं. 24, अम्बत्तूर औद्योगिक एस्टेट, चेन्नई-600058
..........आवेदक
बनाम
बुलडायर्स इंटीग्रेटेड सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड
नंबर 48, आर्कोट रोड, सालिग्रामम चेन्नई-600093 तथा 5 अन्य
..........प्रतिवादीगण
सेवा में,
डी 3. श्रीमती रेणु राय (07-04-1971) पत्नी संतोष कुमार राय R2 5/290, गेट नंबर 5बी, 5सी, गीतांजलि पार्क, वेस्ट सागरपुर, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110046
डी 4. श्री संतोष कुमार राय (08-07-1958) पुत्र बिसुन राय R2 5/290, गेट नंबर 5बी, 5सी, गीतांजलि पार्क, वेस्ट सागरपुर, दक्षिण पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110046
सम्मन
जबकि आवेदक ने बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के बकाया ऋण की वसूली अधिनियम, 1993 की धारा 19 के तहत आपके विरूद्ध एक आवेदन, रू. 5,43,15,323 की वसूली, चालू एवं भावी ब्याज एवं अन्य राहतों सहित करने हेतु प्रस्तुत किया है।
आपको एतद्द्वारा इस न्यायाधिकरण के समक्ष 25-08-2023 को पूर्वा. 10.30 बजे अथवा उसके पश्चात न्यायाधिकरण की सुविधानुसार किसी समय उपस्थित होने तथा दावे का जवाब देने के लिए लिखित बयान प्रस्तुत करने का आदेश दिया जाता है।
यदि आप कोई दस्तावेज दाखिल करने के इच्छुक हैं, आप उन्हें दस्तावेजों की सूची सहित लिखित बयान के साथ दाखिल कर सकते हैं।
आपसे, व्यक्तिगत रूप से अथवा विधिवत अनुदेशित प्लीडर/अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष पेश होने के समय, अपना पंजीकृत पता और उपस्थिति का ज्ञाप भी दाखिल करने का अनुरोध किया जाता है।
सूचित हों कि उपरिवर्णित तिथि को माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष आपके उपस्थित होने में चूक की दशा में सुनवाई की प्रक्रिया तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
दिनांकित 27 जुलाई, 2023
स्थान :- चेन्नई
हस्ता/- आर. सुगुमारन
आवेदक हेतु काउन्सिल

# संक्रमण के दो साल बाद भी मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर प्रभाव

● लंबा कोविड: नये शोध में खुलासा

भाषा। लंदन

**संज्ञानात्मक** कार्यों या कौशलों, जैसे पुरानी बातों को याद करने की क्षमता, कार्यों पर ध्यान केंद्रित करना, या बातचीत में सही शब्द ढूंढने में आने वाली कठिनाइयां, आमतौर पर कोविड संक्रमण के बाद बताई जाती हैं।इन लक्षणों को अक्सर 'ब्रेन फ़ॉग' के रूप में संदर्भित किया जाता है, और विशेष रूप से उन लोगों में आम है जिनमें दीर्घकालिक या लगातार लक्षण होते हैं जिन्हें लॉन्ग कोविड कहा जाता है।मार्च 2023 की नवीनतम गणना के अनुसार, यूके में लंबे समय तक कोविड से पीड़ित 10 लाख लोग थे जिन्होंने ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई की सूचना दी थी, और तकरीबन साढ़े सात लाख लोगों ने स्मृति हानि या भ्रम की सूचना दी थी।अल्पावधि में, ब्रेन फ़ॉग के लक्षण लोगों की उनके सामान्य दैनिक कार्यों, जैसे कामकाज और बच्चे की देखभाल, को पूरा करने की क्षमता को प्रभावित कर सकते हैं और उनके जीवन की गुणवत्ता को कम कर सकते हैं।लंबी अवधि में,



हल्की संज्ञानात्मक हानि मनोभ्रंश जैसी अधिक गंभीर स्थितियों में विकसित हो सकती है। आम तौर पर कोविड संक्रमण को मनोभ्रंश के निदान के बढ़ते जोखिम से जोड़ा गया है।इसलिए छोटी और लंबी अवधि में लोगों की सहायता करने के लि, आमतौर पर संज्ञानात्मक कार्य पर ब्रेन फॉग और लंबे कोविड के प्रभावों की प्रकृति, आकार और अवधि को समझना महत्वपूर्ण है। एक नए अध्ययन में, मैं और मेरे सहकर्मी यह समझने के लिए निकले कि क्या कोविड संक्रमण, और लक्षण अवधि, संज्ञानात्मक परीक्षणों में प्रदर्शन को प्रभावित करती है, और समय के साथ परीक्षण प्रदर्शन कैसे बदल गया है। हमने पाया कि लगातार लक्षण वाले लोगों की स्थिति कोविड संक्रमण के दो साल बाद तक इन परीक्षणों में बदतर रही।

## 10-30 प्रतिशत भारतीय एसिडिटी-संबंधी विकारों से पीड़ित

**कानपुर।** पाचन स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के काफी मामले सामने आते हैं क्योंकि ये विभिन्न आयु समूहों में हमारी आबादी के एक बड़े हिस्से को प्रभावित करती हैं। एसिडिटी से संबंधित गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स डिसीज़ (जीईआरडी), सबसे आम बीमारियों में से एक है जिससे भारतीय आबादी पीड़ित है। शहरी भारतीयों के पाचन स्वास्थ्य को समझने के लिए इंडियन डायटेटिक एसोसिएशन, मुंबई के साथ साझेदारी में कंट्री डिलाइट द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह सामने आया है कि प्रत्येक 10 में से 7 लोग पाचन तंत्र से संबंधित किसी न किसी समस्या से जूझ रहे हैं, इस सूची में एसिडिटी सबसे ऊपर है। उत्तर प्रदेश के 4 गांवों में किए गए एक घरेलू सर्वेक्षण में यह तथ्य उभरकर आया है कि 10.7 प्रतिशत लोगों को जीईआरडी है। डॉ. राज कुमार शर्मा, निदेशक - नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट मेडिसिन, किडनी एंड यूरोलॉजी इंस्टीट्यूट, मेदांता अस्पताल, ने कहा, फ्जीईआरडी जैसा हाइपरएसिडिटी संबंधी विकार एक बहुत ही आम समस्या है जिसका सामना 10-30 प्रतिशत भारतीय आबादी को करना पड़ता है, जिसमें उत्तर प्रदेश सबसे अग्रणी राज्य है। खान-पान की आदतें, नींद संबंधी विकार और तनाव कुछ सामान्य कारण हैं जो इसके लिए जिम्मेदार हैं। हालाँकि, 2 में से 1 मरीज़ या तो अपनी मर्जी से ही कोई दवाई खा लेता है या दवाई की दुकान पर जाकर दुकानदार के कहने पर किसी दवाई का इस्तेमाल करता है। लेकिन इस स्थिति को गंभीरता से लें और आगे की जटिलताओं को रोकने के लिए डॉक्टर से परामर्श लें। आपका डॉक्टर रैनिटिडिन जैसी दवाएं लिखेगा जो पेट में एसिड पैदा करने के शरीर के सिग्नल को अवरुद्ध करके काम करती है। ऐसी परिस्थितियों में यह दवाई सुरक्षित रूप से काम करती है। बाजार में रैनिटिडिन की बिक्री 1981 से शुरू हुई और तब से यह एसिडिटी से संबंधित स्थितियों के लिए सबसे भरोसेमंद दवाओं में से एक रही है और पूरे भारत में लाखों मरीजों के उपचार के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। डॉ. सी जी अग्रवाल, पूर्व प्रोफेसर और एचओडी, मेडिसिन, केजी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने कहा, भोजन के पाचन के लिए पेट में एसिड के अधिकतम स्तर की जरूरत होती है। इतनी मात्रा में एसिड होना अच्छा है, लेकिन हाइपरएसिडिटी पाचन के साथ-साथ हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए खराब है। एसिडिटी अक्सर तले हुए/मसालेदार खाद्य पदार्थों, चाय/कॉफी, कार्बोनेटेड शीतल पेय और शराब के अधिक सेवन के कारण होती है। डॉ. अग्रवाल आगे बताते हुए कहते हैं, अम्लता या एसिडिटी के प्रबंधन के लिए एक सुरक्षित और संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। स्वस्थ जीवनशैली और नियमित व्यायाम के अलावा हमें दवाईओं का चयन करते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए।

## नेपाल व नॉर्वे के पर्वतारोहियों ने 14 चोटियों को तीन महीने में फतह कर रिकॉर्ड बनाया

**काठमांडू,।** नेपाली पर्वतारोही तेनजेन (लामा) शेरपा ने नॉर्वे की पर्वतारोही क्रिस्टिन हारिला के साथ मिलकर तीन महीने में 8000 मीटर से ज्यादा की उंचाई वाली 14 चोटियों को फतह कर सबसे तेज़ पर्वतारोही बनने का बृहस्पतिवार को नया रिकॉर्ड बनाया। अभियान को आयोजित करने वाले सेवन समिट ट्रेक्स के प्रमुख मिंगमा शेरपा ने फोन पर पीटीआई-भाषा से कहा, नेपाली समय के मुताबिक, पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे दोनों पाकिस्तान में स्थित दुनिया की दूसरी सबसे उंची चोटी के2 के शीर्ष पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही उन्होंने महज़ 92 दिन में 8000 मीटर से ज्यादा की उंचाई वाली 14 चोटियों को फतह कर लिया। मिंगमा शेरपा ने कहा, उन्होंने 8000 मीटर से ज्यादा की उंचाई वाली 14 चोटियों को फतह कर सबसे तेज़ पर्वतारोही बनने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 29 मई को माउंट एवरेस्ट को फतह किया था। इसके बाद 8000 मीटर से अधिक उंचाई वाली माउंट ल्होत्से, माउंट धौलागिरी और माउंट कंचनजंगा समेत अन्य चोटियों को फतह किया।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Meena K Thomas (Aadhar. no. 58607506376 & W/0 Mr. Thomas Panicker R/0 C-319, Sector-19 Noida ,Distt. Gutam Buddha nagar U.P-201301 that Meena K Thomas and Meena Thomas Both are same entity Person .
PD(112)A

I. Blessy Thomas (Aadhar.no-499535177411) D/0 Shri Thomas Panicker R/0 C-319, Sector -19 Noida, Distt.Gutam Buddha Nagar U.P-201301 That Blessy Thomas D/0 Shri Thomas Panicker and Blessy Thomas D/0 Shri Thomas Both are same entity Person.
PD(113)A

I, Sara Joshi W/o Shri Rajan Joshi R/o 414, Navniti Apartments, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092, have changed my name to Neetu Monga for all future purposes.
PD(114)A

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, Ameeta Mathur, D/o Late Shri Rajendra Behari Lal, R/o DDA SFS Flat No 1202, Ground + First Floor (Duplex), Pkt-A, Sec-A, Vasant Kunj New Delhi-110070 at presently I am the Co-owner/Co-Allottee of Flat No. 1202, Ground + First Floor (Duplex), Pkt-A, Sec-A, Vasant Kunj New Delhi-110070 vide DDA file no F126(771)83/SFS/VK/III.
The original documents i.e. DDA Possession Letter, NOC for Electric & Water connection, and others papers has been lost. An FIR of this has been lodged in Police Station Crime Branch, Delhi vide LR No: 693180/2023 on 25/07/2023.
Any person(s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9815217440 within 7 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB(H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023.

सार्वजनिक सूचना
लापता दस्तावेज़

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि संपत्ति मुस्तकिल नंबर १०, किला नंबर २२ (०-१८), मुस्तकिल नंबर १३, किला नंबर २/१ (४-१४), २/२ (१-३), ९/१/२ (४-२), कुल १० कनाल १७ मरला, गांव दुधोला, तहसील एवं जिला पलवल, हरियाणा मेसर्स ट्रिनिटी टच प्राइवेट लिमिटेड, डी - १०, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली - ११००२४ से संबंधित है। नीचे उल्लिखित दो विक्रय विलेख उपरोक्त संपत्ति के श्रृंखला दस्तावेजों का हिस्सा हैं। (१) विक्रय विलेख संख्या ३१९ दिनांक ११-०४-२००७ और (२) विक्रय विलेख संख्या ३२२ दिनांक ११-०४-२००७, दोनों उप-रजिस्ट्रार, पलवल के कार्यालय में पंजीकृत हैं। उपरोक्त दो मूल बिक्री विलेख 25.07.2023 को कंपनी के कर्मचारियों द्वारा डिफेंस कॉलोनी मार्केट का दौरा करते समय खो गए थे और इनका पता नहीं लगाया जा सका है। यदि किसी के पास उपरोक्त मूल दस्तावेज हैं, तो उनसे अनुरोध है कि वे इसे नीचे दिए गए पते पर सौंप दें। मेसर्स ट्रिनिटी टच प्राइवेट लिमिटेड
डी-१०, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-११००२४
फोन नंबर ०११.७१२००९००

# मणिपुर के मुद्दे पर लोकसभा में गतिरोध कायम

## हंगामे के बीच दो विधेयक पारित

**भाषा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** में बृहस्पतिवार को भी पिछले कुछ दिन की तरह मणिपुर मुद्दे को लेकर गतिरोध बरकरार रहा और सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही सरकार ने कारोबार सुगमता को बढ़ाने के उद्देश्य वाले विधेयक समेत दो विधेयक पारित कराए।

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है।

निचले सदन की कार्यवाही जब दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे आरंभ हुई तो विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते रहे। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आसन से आग्रह किया कि विपक्ष के कुछ सदस्यों ने कागज फाड़कर आसन की ओर फेंके हैं और जिन्होंने ऐसा किया है उनके नाम का उल्लेख करना चाहिए। पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने कहा कि कागज फाड़कर फेंकना उचित व्यवहार नहीं है और संसद का अपमान भी है। उनका कहना था, इस तरह का व्यवहार नहीं होना चाहिए।

सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की मांग उठाने की कोशिश की तो सोलंकी ने नियम 198 के तहत प्रावधान को पढ़ा। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव को सदन की अनुमति मिलने के बाद लोकसभा अध्यक्ष तीन दिन से दस दिन के अंदर



इसे सदन में चर्चा के लिए लेने की तारीख का निर्णय कर सकते हैं।

लोकसभा में विपक्ष की नारेबाजी के बीच ही जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक, 2023 को ध्वनि मत से मंजूरी दी गई जिसमें कारोबार सुगमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 42 अधिनियमों के 183 प्रावधानों में संशोधन कर छोटी-मोटी गड़बड़ियों को अपराध की श्रेणी से हटाने का प्रस्ताव किया गया है। सदन ने निरसन एवं संशोधन विधेयक 2022 को भी हंगामे के बीच मंजूरी प्रदान की जिसके माध्यम से वर्षों पुराने एवं अप्रचलित कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान किया गया है जिनमें एक कानून 138 वर्ष पुराना है। इन दोनों विधेयकों को पारित करने के बाद हंगामे को देखते हुए सोलंकी ने सदन की कार्यवाही अपराह्न तीन बजकर करीब 50 मिनट पर बृहस्पतिवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार सुबह शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई। निचले सदन में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक और अन्य कुछ विपक्षी दलों के सदस्य मणिपुर के हालात पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदन में बयान देने और फिर इस विषय पर चर्चा कराने की अपनी मांग पर अड़े रहे। कार्यवाही शुरू होते ही लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने प्रश्नकाल शुरू कराया और सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भारतीय जनता पार्टी के सदस्य निशिकांत दुबे के पूरक प्रश्नों के उत्तर दिए। इस दौरान विपक्ष के सदस्य आसन के समीप आकर नारेबाजी कर रहे थे और तख्तियां लहरा रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी सदस्यों से नारेबाजी बंद कर सदन चलने देने की अपील की। हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि इस तरह से सदन नहीं चल पाएगा।

उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, इस सदन की श्रेष्ठ और उच्च परंपराएं तथा मर्यादाएं रही हैं। लेकिन आप जिस तरह का व्यवहार और आचरण कर रहे हैं, वह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है और आपको शोभा नहीं देता।

अध्यक्ष ने कहा, मैं आपसे फिर से अनुरोध करता हूं कि सदन की मर्यादा और गरिमा को बनाकर रखें। हमें लोगों की भावनाओं और अभिव्यक्ति को सदन में रखना है।

उन्होंने सदन में तख्तियां दिखाने पर नाराजगी जताते हुए कहा, आप संबंधित मंत्रियों के सामने तख्ती दिखाते हैं। यह तरीका उचित नहीं है और संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। पूरा देश यह देख रहा है।

इसके बाद उन्होंने कार्यवाही शुरू होने के करीब पांच से छह मिनट बाद ही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे फिर से आरंभ होने पर केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही अपतट क्षेत्र खनिज (विकास और विनियम) संशोधन विधेयक, 2023 पेश किया।

# विपक्षी दलों ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक का बहिष्कार किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**मणिपुर** के मुद्दे पर संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्षी दलों ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक का बहिष्कार किया। विपक्ष के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी।

कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन इंडिया के अन्य घटक दल मानसून सत्र के पहले दिन से ही मणिपुर के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संसद में वक्तव्य देने और चर्चा कराए जाने की मांग कर रहे हैं। इस मुद्दे पर हंगामे के कारण दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित रही है।

राज्यसभा की बीएसी में सदन के सभापति सहित 11 सदस्य होते हैं। 26 दलों वाले विपक्षी गठबंधन इंडिया के तीन सांसद जयराम रमेश (कांग्रेस), मीसा भारती (राजद) और डेरेक ओब्रायन (टीएमसी) बीएसी समिति में हैं। इन तीनों के अलावा भारत राष्ट्र समिति के केशव राव भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

इससे पहले, बुधवार को विपक्षी सदस्यों ने सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी संसद की स्थाई समिति की बैठक से नए निजी डेटा संरक्षण विधेयक पर रिपोर्ट स्वीकार किए जाने का विरोध करते हुए बहिर्गमन किया था। शिवसेना सांसद प्रताव राव जाधव इस समिति के प्रमुख हैं।

विपक्षी सदस्यों का कहनाा था कि यह विधेयक समिति के पास कभी औपचारिक रूप से नहीं भेजा गया और अनौपचारिक चर्चा के आधार पर यह रिपोर्ट तय कर ली गई है।

गत 20 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मणिपुर मुद्दे पर संसद में बयान नहीं दिए जाने और दिल्ली के सेवा मामले पर अध्यादेश के अदालत के विचाराधीन होने के बावजूद सरकार द्वारा इसके स्थान पर विधेयक लाए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के कई नेताओं ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक का बहिष्कार किया था।

## क्विक न्यूज

### मिजोरम छोड़कर गए मेइती समुदाय के 600 से ज्यादा लोग

**आइजोल।** हाल में मणिपुर में भीड़ द्वारा दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हे घुमाए जाने का वीडिया सोशल मीडिया पर व्यापकरूप से प्रसारित होने के बाद हुए विरोध प्रदर्शन और निशाना बनाए जाने के डर से मेइती समुदाय के 600 से ज्यादा लोग मिजोरम छोड़कर चले गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपराध जांच विभाग के पुलिस अधीक्षक (विशेष जांच) वनलालफाका राल्ते ने यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि इस वीडियो के सामने आने के बाद एक पूर्व उग्रवादी संगठन ने परामर्श जारी किया है, ऐसे में मेइती लोग हमले का शिकार बनाए जाने के भय से मिजोरम से चले गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नागरिक संस्थाओं द्वारा मंगलवार को एकजुटता मार्च निकाले जाने के कारण भी मेइती लोगों में असुरक्षा की भावना है। राल्ते के मुताबिक मंगलवार तक 600 से अधिक मेइती अपने गृह राज्य जा चुके है। उनका कहना है कि बुधवार से मेइती लोगों के जाने की कोई खबर नही है। मेइती संगठन के एक नेता ने हालांकि दावा किया कि बृहस्पतिवार तक मेइती लोगों का मिजोरम से जाना जारी था। ऑल मिजोरम मणिपुरी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामबीर ने कहा कि राज्य की प्रमुख नागरिक संस्थाओं के समूह द्वारा हाल ही में की गई विरोध रैली के कारण मेइती लोगो का मिजोरम छोड़ना जारी है क्योंकि वे असुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होंने दावा किया कि मिजोरम में 3000 से अधिक मेइती रहते है जिनमे अधिकतर अध्यापक, विद्यार्थी एवं श्रमिक है।

### बिष्णुपुर में दो समूहों के बीच गोलीबारी, घर जलाया गया

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बृहस्पतिवार को दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य की राजधानी से करीब 50 किलोमीटर दूर यहां फौबाक्चाओ इखाई में हुई गोलीबारी के दौरान एक घर को भी जला दिया गया। दो पक्षो के बीच गोलीबारी मे शामिल भीड़ को खदेड़ने के लिए पुलिसकर्मियो को हस्तक्षेप करना पड़ा। अधिकारियो के मुताबिक, हमले के दौरान तेरा खोंगसांगबी के समीप स्थित घर मे आग लगा दी गई। अभी यह जानकारी नही है कि घटना में कोई हताहत तो नही है। मणिपुर में करीब तीन महीने पहले कुकी और मेइती समुदाय के बीच जातीय हिसा भड़की थी और तब से इसमे 160 से ज्यादा लोगो की मौत हो चुकी है।

### वेस्टलाइफ का प्रथम तिमाही मजबूत प्रदर्शन

**मुंबई।** वेस्ट लाइफ फूड वर्ल्ड लिमिटेड जिसे पहले वेस्टलाइफडेवलपमेंट बीएसई 505533 के नाम से जाना जाता था,और पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स रेस्तरां के मालिक.संचालक ने 30 जून 2023 को समाप्त होने वाली तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। समीक्षाधीन तिमाही म वेस्टलाइफ़ ने 6.14 बिलियन रुपये की बिक्री वृद्धि दर्ज की। जो की सालाना आधार पर 14 प्रतिशत बढ़ा। एसएसएसजी मे सालाना 7प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। कंपनी ने 670 मिलियन रुपये की नकद पीएटी हासिल कीए जो सालाना आधार पर 22प्रतिशत अधिक है। मेहमानों की संख्या में भारी वृद्धि के कारणए ऑन.प्रिमाइस व्यवसाय में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी गईए जबकि उच्च आधार पर ऑफप्रिमाइस व्यवसाय में साल दर साल 9प्रतिशत की वृद्धि हुई। वेस्टलाइफफूडवर्ल्ड लिमिटेड के चेयरपर्सन अमित जाटिया ने कहा कि हम अपने पहली तिमाही के प्रदर्शन से खुश हैं, जो हमारे बिजनेस मॉडल के तन्यकता और पश्चिम और दक्षिण भारत में मैकडॉनल्ड्स ब्रांड की ताकत को दर्शाता है। चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूदए हम मुख्य मेनू नवाचारए डिजिटल प्रपंतरण और ग्राहक सुविधा को बढ़ाकर विकास को गति देने में सक्षम हैं।

### हरित परिवहन से सुधरेगा पर्यावरण

**नई दिल्ली।** जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चिंताओं को देखते हुए, अपनी रोजाना की जिन्दगी में स्थायित्वपूर्ण पद्धतियों को अपनाना बेहद महत्वपूर्ण हो गया है। एक क्षेत्र, जहाँ हम उल्लेखनीय प्रभाव ला सकते हैं, वह है हमारे परिवहन विकल्प। परिवहन के पर्यावरण-हितैषी तरीकों को अपनाकर हम कार्बन का उत्सर्जन कम करने और अपनी धरती के लिए अधिक स्वच्छ तथा सेहतमंद भविष्य बनाने में योगदान दे सकते हैं। हमने पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के महत्व पर जोर दिया और न्यूगो की पेशकश की, जोकि एक क्रांतिकारी इलेक्ट्रिक बस सेवा है और यह अंतर्शहरी यात्रा के स्थायित्वपूर्ण विकल्पों की पेशकश करती है। पर्यावरण के अनुकूल परिवहन में वे विभिन्न विकल्प आते हैं, जो पर्यावरण के संरक्षण एवं ऊर्जा क्षमता को प्राथमिकता देते हैं। शहरों के भीतर चलते हुए लोग पैदल, बाइक से काम चला सकते हैं या कार में अकेले यात्रा करने के बजाए सार्वजनिक परिवहन को चुन सकते हैं। इससे न सिर्फ यातायात की सघनता कम होती है, बल्कि कार्बन का उत्सर्जन भी कम होता है। सार्वजनिक परिवहन प्रणालियाँ, जैसे के बसें और ट्रेन सक्षम तरीके से लोगों की एक बड़ी संख्या का परिवहन कर सकती हैं, जिससे सड़कों पर कुछ वाहन ही होंगे और वायु प्रदूषण कम होगा। निजी वाहनों पर भरोसा करने वालों के लिये भी स्थायित्वपूर्ण विकल्प उपलब्ध हैं।

# फिल्म उद्योग में पायरेसी को नियंत्रित करने पर केन्द्रित विधेयक राज्यसभा में पारित

**भाषा।** नई दिल्ली

**फिल्म** उद्योग में पायरेसी मुद्दों को नियंत्रित करने पर केन्द्रित चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 बृहस्पतिवार को राज्यसभा में ध्वनिमत से पारित हो गया। इस विधेयक में फिल्मों की अनधिकृत रिकॉर्डिंग एवं उसका प्रदर्शन करने पर दोषियों के खिलाफ जुर्माने व सजा का प्रावधान भी किया गया है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि पायरेसी के कारण फिल्म उद्योग को काफी नुकसान होता है और यह विधेयक इसके कारण फिल्मों को होने वाले नुकसान से बचाएगा।

यह विधेयक चलचित्र अधिनियम 1952 को संशोधित करेगा। ठाकुर ने कहा, पायरेसी कैंसर की तरह है और इस कैंसर को जड़ से खत्म करने के लिए हम इस विधेयक



के माध्यम से प्रयास कर रहे हैं। पायरेसी के कारण फिल्म जगत को 20,000 करोड़ रुपए का नुकसान होता है। आज फिल्म जगत की बहुत लंबे समय से आ रही मांग को पूरा करने का काम किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक में फिल्म प्रमाणन की प्रक्रिया को भी आसान करने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जहां कहानी सुनाने की प्रथा रही है और भारत के पास वह सब उपलब्ध है जो भारत को दुनिया का कंटेंट हब बना सकता है।

उन्होंने कहा, आज विश्व की बड़ी से बड़ी फिल्मों का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम हिंदुस्तान में होता है। एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट, ग्राफिक्स सेक्टर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुल मिलाकर फिल्म जगत को एक बहुत बड़े अवसर के रूप में देखना चाहिए और एक बहुत बड़ी ताकत के रूप में देखना चाहिए। इससे पहले विधेयक पर चर्चा करते हुए विभिन्न दलों के सदस्यों ने फिल्मों की पायरेसी को विश्व में सर्वाधिक फिल्में बनाने वाले इस देश के मनोरंजन उद्योग की एक बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि इससे निपटने के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने चाहिए। साथ ही उन्होंने सेंसर बोर्ड की प्रमाणन प्रक्रिया को और अधिक मजबूत बनाने की वकालत की ताकि फिल्मों में भारतीय संस्कृति का समुचित चित्रण हो सके।

# मणिपुर मुद्दे का समाधान होगा: माणिक साहा

## कहा, भाजपा त्रिपुरा के जनजातीय इलाके में अपनी पैठ बना रही

**भाषा।** अगरतला

**इस** वर्ष की शुरुआत में त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को सत्ता में लाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले मुख्यमंत्री माणिक साहा का मानना है कि पड़ोसी राज्य मणिपुर में समस्याओं का समय रहते समाधान हो जाएगा। पीटीआई-भाषा के साथ विशेष साक्षात्कार में साहा ने यह भी दावा किया कि भाजपा राज्य के जनजातीय इलाके में अपनी पैठ बना रही है जो अब तक जनजातीय संगठन टिपरा मोथा का गढ़ था और उनका मानना है कि यह क्षेत्र अपनी ही समस्याओं से जूझ रहा है।

मुख्यमंत्री साहा (70) ने कहा, मणिपुर में पहले भी इस तरह की चीजें (समस्याएं) हुई हैं। मेरा मानना है कि समय रहते (जातीय हिंसा) मामले को सुलझा लिया जाएगा। उनके अपने राज्य में जहां जनजातीय संघर्ष और हिंसा का लंबा इतिहास रहा है, वहां इस सप्ताह की शुरुआत में कुकी समुदाय एवं जमपुई पर्वतीय क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय समुदाय के लोगों ने मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर प्रदर्शन किया था। टिपरा मोथा का गठन चार वर्ष पूर्व हुआ था। राज्य के पूर्व राजघराने के वंशज प्रोद्युत माणिक्य देबबर्मा और पूर्व उग्रवादी बिजॉय कुमार ह्रांगखॉल के नेतृत्व में टिपरा मोथा आदिवासी नियंत्रित ग्रेटर टिपरालैंड के साथ-साथ त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद (टीटीएएडीसी) के लिए अधिक धन और स्वायत्तता की मांग को लेकर त्रिपुरा सरकार और केंद्र से बातचीत कर रहे हैं। मणिपुर में पिछले तीन महीनों से जातीय हिंसा जारी रही है। मणिपुर हिंसा के विरोध में कुकी और अन्य जनजातीय समुदायों के लोगों ने इन जातीय हिंसा के समाधान



के रूप में एक अलग प्रशासन या मणिपुर से वृहद स्वायत्तता की मांग की है। हालांकि अब तक त्रिपुरा में बातचीत में गतिरोध कायम है, जबकि मणिपुर में कुकी नेताओं के साथ बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है। दंत चिकित्सक (सर्जन) से राजनेता बने साहा को लगता है कि इससे आगामी 2024 के संसदीय चुनावों में पार्टी की छवि खराब नहीं होगी। उन्होंने दावा किया कि टिपरा मोथा के भीतर असंतोष है और संकेत दिया कि इसका मतदाता आधार कम हो सकता है। उन्होंने कहा, उनकी (टिपरा मोथा) अपनी समस्याएं हैं। हम जनजातीय क्षेत्रों तक पहुंच बना रहे हैं... जनजातीय संगठनों के माध्यम से हमारी स्थिति मजबूत हुई है। टिपरा मोथा ने 60 सदस्ईय त्रिपुरा विधानसभा में 13 सीटें जीती थीं और लगभग 20 प्रतिशत वोट हासिल किए थे और माना जाता है कि उसने त्रिकोणीय चुनावों में निर्णायक भूमिका निभाई थी, जिसके परिणामस्वरूप गैर-जनजातीय बहुल निर्वाचन क्षेत्रों में प्राप्त वोट प्रतिशत के कारण कई विपक्षी उम्मीदवारों की हार हुई थी।

# कमजोर आदिवासी समूहों से मिलीं राष्ट्रपति, शिक्षा पर जोर दिया

**भाषा।** भुवनेश्वर

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) के सदस्यों से यहां राजभवन में मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने अपने गृह राज्य की तीन दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन यहां राजभवन में आयोजित बैठक में कहा कि पीवीटीजी सबसे पिछड़े हैं और इसलिए उनके उत्थान के लिए तत्काल सरकारी मदद की जरूरत है।

उन्होंने पीवीटीजी से शिक्षा को अत्यधिक महत्व देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के अलावा राष्ट्रीय फेलोशिप और विदेशी छात्रवृत्ति योजना में पीवीटीजी समुदाय के छात्रों के लिए सीटों का विशेष प्रावधान है। उन्होंने बैठक में मौजूद ओडिशा के जनजातीय मामलों के मंत्री से पीवीटीजी की शिक्षा और कौशल विकास पर जोर देने को कहा।

बैठक में शामिल लोगों से राष्ट्रपति ने कहा, अपने बच्चों को स्कूल जरूर भेजें। लड़का और लड़की



दोनों को शिक्षा हासिल करनी चाहिए क्योंकि केवल यही आपकी समस्याओं को दूर कर सकता हैं।

जब राष्ट्रपति को पता चला कि पीवीटीजी समुदाय की एक लड़की स्नातक है तो उन्होंने काफी खुशी व्यक्त की। वह लड़की बेरोजगार है इसीलिए उन्होंने राज्य के अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अनुसूचित जाति (एससी) विकास, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री से उसकी मदद के लिए कदम उठाने को कहा।

उन्होंने केंद्र की ओर से प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन की शुरुआत करने पर खुशी जताई और उन्होंने समुदाय की महिलाओं तक इसका लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। एक प्रतिभागी ने बताया कि राष्ट्रपति ने 10 पीवीटीजी के लगभग 50 सदस्यों से मुलाकात की और लोगों के स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में कदम उठाने पर जोर दिया।

देश की पहली आदिवासी राष्ट्रपति के रूप में पिछले साल कार्यभार संभालने के बाद से वह 1800 पीवीटीजी सदस्यों से मिल चुकी हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इससे पहले उन्होंने अपने गृह जिले मयूरभंज की यात्रा के दौरान तीन पीवीटीजी के सदस्यों से मुलाकात की थी। भारत में 75 पीवीटीजी में से 13 ओडिशा में रहते हैं और राज्य की आबादी का 22 प्रतिशत हिस्सा हैं।

एक अधिकारी ने बताया कि मुर्मू की पीवीटीजी सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान ओडिशा के राज्यपाल गणेशी लाल, राज्य के एसटी और एससी विकास, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के मंत्री जगन्नाथ सारका और विभाग के सचिव उपस्थित थे।

# झारखंड में महिला को पीटा, अर्ध-नग्न अवस्था में पेड़ से बांधा

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में 26 वर्षीय महिला की पिटाई कर उसे अर्ध-नग्न अवस्था में पेड़ से बांध दिया गया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह महिला को बचाया और उसे एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि घटना में कथित संलिप्तता के लिए चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, घटना राज्य की राजधानी रांची से करीब 170 किलोमीटर दूर सरिया पुलिस थाना इलाके के अंतर्गत एक गांव में बुधवार रात 11 बजे हुई। बगोदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) नौशाद आलम ने पीटीआई-भाषा को बताया, शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि महिला का एक व्यक्ति के साथ अवैध संबंध था। उस व्यक्ति ने परिवार के तीन अन्य सदस्यों के साथ मिलकर बुधवार रात को अपराध को अंजाम दिया। सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल मामले में एनआईए ने पांचवीं गिरफ्तारी की

**भाषा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की हिंसक गतिविधियों को महाराष्ट्र में बढ़ावा देने के आरोप में एक और आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। आतंकवाद विरोधी संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी की पहचान 43 वर्षीय अदनान अली सरकार के तौर पर हुई है और वह 28 जून को दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया गया पांचवां आरोपी है। अधिकारी ने कहा कि सरकार को पुणे के कोंधवा इलाके में स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने उसकी गिरफ्तारी को आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल मामले में बड़ी सफलता करार दिया।

अधिकारी ने कहा कि छापेमारी के दौरान इस्लामिक स्टेट इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से संबंधित दस्तावेज़ और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसी सामग्री मिली है।

प्रवक्ता ने बताया कि यह सामग्री आरोपी के आईएसआईएस के साथ संबंध और संवेदनशील युवाओं को भड़काकर और उन्हें भर्ती कर संगठन के हिंसक एजेंडे को बढ़ावा देने में उसकी भूमिका को बेनकाब करती है।

एनआईए के मुताबिक,आरोपियों ने आईएसआईएस की आतंकी गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची थी। उसने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र आईएसआईएस मॉड्यूल के माध्यम से सरकार देश की एकता, अखंडता, सुरक्षा और संप्रभुता को नुकसान करने की कोशिश कर रहा था और उसने भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने साजिश रची थी। इससे पहले एजेंसी ने मुंबई से ताबिश नासिर सिद्दीकी, पुणे से जुबैर नूर मोहम्मद शेख उर्फ अबू नुसैबौ, और ठाणे से शरजील शेख और जुल्फिकार अली बड़ौदावाला को तीन जुलाई को गिरफ्तार किया था।

# अजित पवार ने राकांपा के चिह्न पर ठोका दावा

## शरद पवार गुट ने कहा चुनाव आयोग को भेजेंगे जवाब

**भाषा।** मुंबई

**शरद** पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न को लेकर किए गए दावे पर निर्वाचन आयोग ने उनकी प्रतिक्रिया को लेकर एक पत्र भेजा है, जिसका वे जवाब भेजेंगे। हालांकि अजित पवार गुट के नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। एनसीपी में बगावत करते हुए अजित पवार गुट दो जुलाई को महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल हो गया था। सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद जबकि आठ अन्य विधायकों को मंत्री पद प्रदान किया गया था।

शरद पवार नीत राकांपा गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रास्टो ने



बृहस्पतिवार को कहा कि चुनाव आयोग ने अजित पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और चिह्न पर दावा किए जाने को लेकर उनकी (शरद पवार गुट की) प्रतिक्रिया जानने के लिए एक पत्र भेजा है। क्रास्टो ने कहा, हम तदनुसार जवाब देंगे।

प्रफुल्ल पटेल ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, मैं अपनी पार्टी के अंदरूनी मामलों से संबंधित मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, शरद पवार हमारे आदर्श बने रहेंगे और हम चाहते हैं कि वह (शरद पवार) हमारे द्वारा लिए गए राजनीतिक फैसले को स्वीकार करें। हम उन्हें मनाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव सिर्फ एक बहाना है।

पटेल ने कहा, यह विपक्ष की कुंठा को दर्शाता है और वे जानते हैं कि लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास जो संख्या है, उसे देखते हुए अविश्वास प्रस्ताव का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के लिए एक स्थिर विकल्प मुहैया कराना आसान नहीं होगा।

पटेल ने कहा कि इस तरह की पहल 1977, 1989 और 1996 में भी विफल हो चुकी है, क्योंकि ए राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता की ओर ले जाती हैं। पटेल ने यह भी कहा कि राकांपा और भाजपा के बीच दोस्ती मजबूत हुई है। उन्होंने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पूर्ण रूप से समर्थन करते हैं। यह बहुत जरूरी है कि एक ऐसे चेहरे के साथ एक स्थिर सरकार दी जाए, जिसपर लोग विश्वास करते हों। यह वक्त की जरूरत है।

# परशुराम जन्मस्थली जाएंगे शाह

**भाषा।** इंदौर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह 30 जुलाई (रविवार) को एक दिवसीय दौरे पर इंदौर आएंगे। इस दौरान वह भगवान परशुराम की जन्मस्थली के दर्शन करेंगे और साल के आखिर में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे।



भाजपा के एक राष्ट्रीय पदाधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। शाह ने राज्य विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजधानी भोपाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कोर समिति की बैठक की बुधवार को अध्यक्षता की थी। इसके अगले ही दिन भाजपा ने उनके इंदौर दौरे की घोषणा की। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने संवाददाताओं को बताया कि शाह 30 जुलाई को इंदौर आने के बाद इस शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर जानापाव कुटी में भगवान परशुराम की जन्मस्थली के दर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि शाह अपने एक दिवसीय दौरे में इंदौर में भाजपा के संभागीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर पूरी ताकत से जुटने का संकल्प दिलाया जाएगा ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत हासिल करने के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए भाजपा को फिर से सत्ता में लाया जा सके।

कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष कमलनाथ ने बुधवार को घोषणा की थी कि अगर विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी और उनके कृषि ऋण तथा बकाया बिजली बिल माफ कर दिए जाएंगे। विजयवर्गीय ने कमलनाथ की इस घोषणा को किसानों को बहलाने की कोशिश करार दिया और कहा कि कमलनाथ के झांसे में अब कोई नहीं आएगा। भाजपा महासचिव ने कहा, कमलनाथ ने वर्ष 2018 के पिछले विधानसभा चुनाव में भी कृषि कर्ज माफी और बेरोजगार युवकों को भत्ता देने के वादे किए थे। लेकिन सबको याद है कि कमलनाथ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के 15 मिनट के भीतर ही ए वादे भूल गए थे। विजयवर्गीय ने कांग्रेस पर मतदाताओं से वादाखिलाफी का आरोप लगाया और कहा कि कमलनाथ और कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, दोनों को ही कोई भी व्यक्ति गंभीरता से नहीं लेता है।

# सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत 10 साल में वह हासिल करेगा जो चीन तीन दशक में नहीं कर पाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बृहस्पतिवार को कहा कि चिप के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहन और सहयोग से भारत एक दशक में सेमीकंडक्टर की वैश्विक आपूर्ति-श्रृंखला में प्रमुख भूमिका निभाने की ओर अग्रसर है।



उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने पिछले साल वेदांता और ताइवान की फॉक्सकॉन जैसी कंपनियों को आकर्षित किया था। इन कंपनियों ने चिप विनिर्माण के लिए अरबों डॉलर के निवेश से इकाइयां स्थापित करने का वादा किया था। चिप का उपयोग मोबाइल फोन से लेकर वाहनों तक में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर परिवेश में ऐसा कोई नहीं है जो भारत को निवेश और नवाचार के लिए एक बहुत विश्वसनीय, व्यवहार्य और तेजी से उभरते गंतव्य के रूप में नहीं देखता है।

उन्होंने कहा कि भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में अगले 10 साल में 10 अरब डॉलर (लगभग 81,993 करोड़ रुपए) के साथ वह उपलब्धि हासिल करने के लिए तैयार है, जिसे प्राप्त करने के लिए चीन ने तीन दशक तक प्रयास किया है। उन्होंने कहा, हम 10 अरब डॉलर के साथ अगले 10 साल में वह हासिल करने की ओर अग्रसर हैं, जिसे प्राप्त करने में चीन को 25-30 साल लगे और उसके बावजूद वह सफलता हासिल नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि माइक्रोन के साथ एटीएमपी परियोजना से सेमीकंडक्टर उद्योग में 5,000 प्रत्यक्ष और 15,000 अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होंगे। उन्होंने कहा, वैश्विक मेमोरी समाधान क्षेत्र में माइक्रोन दुनिया की अग्रणी कंपनी है। चंद्रशेखर ने कहा, कभी-कभी कुछ लोग या तो समझ की कमी या जानबूझकर पिछले 15 महीनों के प्रयास को अलग-अलग तरीकों से चित्रित करते हैं।

# कुलदीप-जडेजा की फिरकी में फंसा वेस्टइंडीज

## ● वनडे पहला मैच- भारत पांच विकेट से जीता

**भाषा।** ब्रिजटाउन



**कुलदीप यादव** और रविंद्र जडेजा के फिरकी के जादू के बाद सलामी बल्लेबाज इशान किशन के अर्धशतक से भारत ने गुरुवार को यहां पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज पांच विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में I-0 की बढ़त बनाई। बाएं हाथ के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप ने सिर्फ छह रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के ही स्पिनर जडेजा ने 37 रन देकर तीन विकेट चटकाए जिससे वेस्टइंडीज की टीम सिर्फ 23 ओवर में 114 रन पर सिमट गई। शारदुल ठाकुर (14 रन पर एक विकेट), हार्दिक पंड्या (17 रन पर एक विकेट) और मुकेश कुमार (22 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इसके जवाब में भारत ने इशान (46 गेंद में 52 रन, सात चौके, एक छक्का) के अर्धशतक से 22.5 ओवर में ही पांच विकेट पर 118 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने दो सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में से एक कप्तान रोहित शर्मा (नाबाद 12) को सातवें नंबर पर उतारा जबकि विराट कोहली क्रीज पर नहीं उतरे। जडेजा 16 रन बनाकर नाबाद रहे। बाएं हाथ के स्पिनर गुडाकेश मोती ने वेस्टइंडीज की ओर से 26 रन पर दो विकेट चटकाए। कप्तान शाई होप इससे पहले 43 रन बनाकर वेस्टइंडीज के शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा एलिक अथानाजे (22) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। वेस्टइंडीज ने अपने अंतिम सात विकेट 26 रन पर गंवाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ने रोहित की जगह शुभमन गिल के साथ इशान को पारी का आगाज करने भेजा। गिल सात रन बनाने के बाद चौथे ओवर में ही जेडन सील्स की गेंद पर स्लिप में ब्रेंडन किंग को कैच दे बैठे। इशान और सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद लय में बल्लेबाजी की। सूर्यकुमार ने सील्स के लगातार ओवरों में चौका और छक्का जड़ा जबकि इशान ने डोमिनिक ड्रेक्स पर दो चौके मारे। इशान और सूर्यकुमार ने 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सूर्यकुमार (19) हालांकि जब अच्छी लय में दिख रहे थे तब मोती की गेंद पर पगबाधा हो गए। इशान ने लेग स्पिनर यानिक कारिया का स्वागत दो चौकों के साथ किया। हार्दिक पंड्या (05) दुर्भाग्यशाली तरीके से रन आउट हुए। इशान ने यानिक की गेंद पर करारा शॉट मारा। गेंदबाज ने कैच लपकने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके हाथ से छूटकर विकेटों से टकरा गई जबकि हार्दिक क्रीज से बाहर खड़े थे। इशान ने अथानाजे की गेंद पर दो रन के साथ 44 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि अगले ओवर में मोती गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप मिडविकेट पर रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे। शारदुल ठाकुर (01) भी अगले ओवर में यानिक की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे जिससे भारत का स्कोर पांच विकेट पर 97 रन हो गया। भारत को इस समय 18 रन की जरूरत थी और कप्तान रोहित ने जडेजा के साथ मिलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। इससे पहले रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पंड्या ने अपने दूसरे और पारी के तीसरे ओवर में ही काइल मायर्स (02) को मिड ऑन पर कप्तान के हाथों कैच करा दिया। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में पदार्पण करने वाले अथानाजे एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए।

### स्कोरबोर्ड

**वेस्टइंडीजः** किंग बो शारदुल 17,मायर्स का रोहित बो पंड्या 02,अथानाजे का जडेजा बो मुकेश 22, होप पगबाधा बो कुलदीप 43, हेटमायर बो जडेजा 11 ,पावेल का गिल बो जडेजा 04,शेपर्ड का कोहली बो जडेजा 00,ड्रेक्स पगबाधा बो कुलदीप 03,कारियाह पगबाधा बो कुलदीप 03, मोती नाबाद 00,सील्स का पंड्या बो कुलदीप 00,**अतिरिक्तः** 09,कुलः 23 ओवर में सभी विकेट खोकरः 114 रन,**विकेट पतनः** I-7, 2-45, 3-45, 4-88, 5-96, 6-96, 7-99, 8-107, 9-114,**गेंदबाजीः**पंड्या 3-0-17-0,मुकेश 5-I-22-I,शारदुल 3-I-14-I,जडेजा 6-0-37-3,उमरान 3-0-17-0, कुलदीप 3-2-6-4

**भारतः**इशान का पावेल बो मोती 52, गिल का किंग बो सील्स 07,सूर्यकुमार पगबाधा बो मोती 19, पंड्या रन आउट 05,जडेजा नाबाद 16,ठाकुर का अथानाजे बो यानिक 01,शर्मा नाबाद 12,अतिरिक्तः 06,कुलः 22.5 ओवर में पांच विकेट परः 118 रन, **विकेट पतनः** I-18, 2-54, 3-70, 4-94, 5-97,गेंदबाजीः ड्रेक्स 4-0-19-0,सील्स 4-0-21-I,मायर्स I-0-6-0, शेपर्ड I-0-2-0,मोती 6.5-0-26-2,यानिक 5-0-35-I,अथानाजे I-0-7-0

# भारत की फुटबाल टीम पुरुषों के ड्रा में चीन, बांग्लादेश और म्यामां के साथ

## ● एशियाई फुटबाल : महिला टीम के ग्रुप में थाईलैंड, ताइपे

**भाषा।** हांगझोउ

**भारतीय** पुरुष फुटबॉल टीम को एशियाई खेलों के लिए गुरुवार को यहां हुए ड्रा में चीन, बांग्लादेश और म्यामां के साथ ग्रुप ए में रखा गया है जबकि महिला टीम ग्रुप बी में थाईलैंड और चीनी ताइपे के साथ शामिल है। खेल मंत्रालय ने मौजूदा चयन मापदंड में राहत देते हुए भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीमों की एशियाड में भाग लेने की अनुमति दी। पुरुषों की स्पर्धा में छह ग्रुप हैं। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें तथा सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली चार टीमें राउंड 16 में जगह बनाएंगी। वहीं महिलाओं के वर्ग में प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष टीम तथा सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमें क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। भारतीय पुरुष टीम के कोच इगोर स्टिमक ने ट्विटर पर कहा, मेजबान देश चीन हमारे युवा खिलाड़ियों के लिए काफी प्रतिस्पर्धी टीम होगा और मुझे उम्मीद है कि इस मैच से ग्रुप का विजेता तय होगा। उन्होंने कहा, बांग्लादेश और म्यामां की टीम कई तरीकों से हमारी तरह ही है जिनके काफी युवा सीनियर राष्ट्रीय टीम में हैं, हमें मैदान पर उन्हें पराजित करने की जरुरत है। मुझे उम्मीद है कि हमारे युवा खिलाड़ी भारत के लिए शानदार काम करेंगे और मुझे चीन के खिलाफ पहला स्थान हासिल करने की उम्मीद है। स्टिमक ने 2026 विश्व कप क्वालीफायर के बारे में भी बात की, उन्होंने कहा, विश्व कप क्वालीफायर ड्रा 2026 एक तरह से हमारे लिए भाग्यशाली नहीं रहा। हमारे ग्रुप में एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीम में शुमार कतर भी है जिसे हराना मुश्किल काम होगा। लेकिन हमने कुछ समय पहले ही साबित किया कि हम इस तरह की मजबूत टीमों के खिलाफ भी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा, कुवैत सर्वश्रेष्ठ टीम है और फिर अफगानिस्तान या मंगोलिया, जिनके खिलाफ हम हाल में खेले थे, हमें काफी स्पष्ट रहना होगा। ग्रुप में दूसरा स्थान हमारा ही होना चाहिए। हमें अच्छी तैयारी के लिए सबकुछ करना होगा। अच्छी तैयारी के लिए भारतीय फुटबॉल के सभी हितधारकों से काफी समय लेना होगा और सुनिश्चित करना होगा कि भारत विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर तक पहुंच जाए।

### भारतीय प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगामी एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम की भागीदारी की पुष्टि को देश में खेल के प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर बताते हुए कहा कि इससे आने वाली प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। खेल मंत्रालय के चयन मानदंडों में ढील देने के फैसले के बाद भारतीय पुरुष और महिला फुटबॉल टीम चीन के हांगझोउ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों में भाग लेगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने पहले भारतीय फुटबॉल टीमों को इस आधार पर खेलों में भेजने से इनकार कर दिया था कि वे एशिया में शीर्ष आठ देशों की रैंकिंग में शामिल नहीं थी।

### भारत के पांच साल के तेजस फिडे रेटिंग हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने

**चेन्नई।** भारत के पांच साल के तेजस तिवारी शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे की रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के सबसे युवा खिलाड़ी बने। तेजस की फिडे स्टैंडर्ड रेटिंग 1149 है। फिडे ने कहा कि किंडरगार्टन के छात्र तेजस ने उत्तराखंड के रुद्रपुर में पहली दिवंगत धीरज सिंह रघुवंशी ओपन फिडे रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट के दौरान अपनी पहली रेटिंग (1149) हासिल की। मात्र साढ़े तीन साल की उम्र में अपने परिवार के सदस्यों को खेलते हुए देखकर तेजस की शतरंज में रुचि जगी।

### आशीष ने एबीएफ कांटिनेंटल हेवीवेट खिताब जीता

बैंकॉक। भारतीय मुक्केबाज आशीष भंडोर ने यहां प्रबल दावेदार एकाफोब औरेवान को 5-I से हराकर एशियाई मुक्केबाजी महासंघ (एबीएफ) महाद्वीपीय हेवीवेट खिताब अपने नाम किया। आशीष ने 10 दौर में यह प्रतिस्पर्धी मुकाबला जीता। जज के स्कोर 93:96, 95:96, और 95:94 से इस मुकाबले की आक्रामकता साफ झलकती है जिसमें आशीष ने विभाजित फैसले के बाद खिताब जीता। पहले दौर में ही दोनों के बीच चुनौतीपूर्ण संघर्ष साफ दिखा जिसमें आशीष ने जानदार मुक्के से एकाफोब ऑफ गार्ड हो गए।

### लेनोवो से मिलेगा नया गेमिंग अनुभव

**नोएडा।** ग्लोबल टेक्नालॉजी लीडर लेनोवो ने लखनऊ में अपने नवीनतम उपभोक्ता उपकरणों का अनावरण किया। जिसका ध्यान गेमिंग, इमर्सिव सिनेमाई मनोरंजन, गेमिंग और रिमोट उत्पादकता के लिए नए मानक स्थापित करने पर है। प्रदर्शित उत्पादों में शोस्टॉपिंग डुअल स्क्रीन योगा बुक 9 प और शक्तिशाली गेमिंग लैपटॉप लीजन प्रो 7 प शामिल थे। 2023 योग पोर्टफोलियो का संचालन योग बुक 9प था, जो ड्युल स्क्रीन बहुमुखी प्रतिभाए मल्टी-मोड कार्यक्षमता और बेहतर मनोरंजन प्रदान करता है। हाइब्रिड कार्यस्थानों और मीटिंगों के लिए आदर्शए यूजर्स एक स्क्रीन पर स्लाइड प्रेजेंटेशन प्रदर्शित करने के लिए टेंट मोड का उपयोग कर सकते हैं जबकि दूसरी स्क्रीन से प्रेजेंटेशन को देख और नियंत्रित कर सकते हैं। प्रदर्शन. केंद्रित सामग्री निर्माताओं के लिए विशेष रूप से निर्मित प्रीमियम डिवाइस . योगा 9पए 7प, प्रो 7प और स्लिम 7प कार्बन भी लॉन्च किए गए हैं।

### लखनऊ मुए थाई के पदक विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**लखनऊ।** लखनऊ मुए थाई एसोसिएशन के खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में गत 21 से 23 जुलाई तक आयोजित एशियन मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2023 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण व एक रजत पदक जीतकर उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया। यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के तत्वावधान में आयोजित इस चैंपियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ियों को लखनऊ मु थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा सैयद रफत जुबैर रिजवी,कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ एवं चेयरमैन उत्तर प्रदेश मु, थाई एसोसिएशनद्ध ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस बात पर हर्ष जताया कि सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं। उन्होंने बताया कि स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी नवंबर में होने वाली आगामी अंतरराष्ट्रीय मुएथाई चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर लखनऊ मुएथाई एसोसिएशन के सचिव धर्मेंद्र चौरसिया ने भी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया व शुभकामनाएं दी।

# बुमराह आयरलैंड जा सकता है : जय शाह

## ● बीसीसीआई ने कहा- पूरी तरह फिट है

**भाषा।** नई दिल्ली

**आयरलैंड में** होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत दूसरे दर्जे की टीम भेजेगा लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने गुरुवार को कहा कि उम्मीद है कि पूरी तरह फिट हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को मालाहिडे में होने वाले तीन मैचों के दौरान खिलाया जा सकता है। बुमराह अपनी पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर की सर्जरी के बाद इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और उनके अंतिम फैसला लिए जाने से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने की उम्मीद है। शाह ने प्रेस कांफ्रेंस के दौरान पत्रकारों से कहा, बुमराह पूरी तरह फिट हैं और वह आयरलैंड जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप से पहले 12 वनडे ही बचे हैं और प्रयास इस बात पर होगा कि चयन में निरंतरता बरती जाए। शाह ने यह साफ किया कि वापसी करने वाले बुमराह को छोड़कर विश्व कप टीम के सीनियर खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के खत्म होने के छह दिन के अंदर शुरु होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए नहीं चुना जाएगा जिसमें टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। शाह ने कहा, आयरलैंड दौरे के अलावा चयन में निरंतरता होगी। शाह ने यह भी कहा कि यह देखना बीसीसीआई का कर्तव्य है कि अन्य क्रिकेट बोर्ड भी अच्छी स्थिति में रहें इसलिए इतना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला जा रहा है। उन्होंने कहा, अन्य बोर्ड के अस्तित्व के लिए हमें हर जगह दौरा करना होगा। इतना ज्यादा क्रिकेट होने के कारण चोट भी लगेंगी। हमें अन्य बोर्ड का ध्यान भी रखना होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट मैच खेलने होंगे जो भारतय टीम का हिस्सा नहीं हैं। शाह ने कहा, हाल में सीनियर खिलाड़ी जैसे चेतेश्वर पुजारा और सूर्यकुमार यादव दलीप ट्राफी में खेले थे। जो भी खिलाड़ी एनसीए में नहीं हैं और भारतीय टीम का हिस्सा नहीं हैं, उसे घरेलू क्रिकेट में खेलना होगा। 80 प्रतिशत खिलाडियों ने फिटनेस जांच पास कर ली है।

### तीन सदस्य बोर्ड ने विश्व कप कार्यक्रम में बदलाव को लेकर आईसीसी को लिखा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने गुरुवार को कहा कि तीन पूर्ण बोर्ड सदस्यो ने भारत में होने वाले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय विश्व कप में अपने मैचों के कार्यक्रम में बदलाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को पत्र लिखा है।विश्व कप मुकाबलों की मेजबानी करने वाले संघों के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे को अगले तीन से चार दिन में सुलझा लिया जाएगा। शाह ने गुरुवार को मीडिया कांफ्रेंस में कहा, तीन सदस्यों ने कार्यक्रम में बदलाव को लेकर आईसीसी को लिखा है। सिर्फ तारीख और समय मे बदलाव होगा, स्थलो मे बदलाव नही किया जाएगा। दो मैच के बीच में अगर छह दिन का अंतर है तो हम इसे चार से पांच दिन करने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने कहा, तीन से चार दिन में तस्वीर साफ हो जाएगी। आईसीसी की सलाह से बदलाव किए जाएंगे। बीसीसीआई सचिव ने हालांकि यह स्पष्ट नही किया कि किन देशो ने तारीख मे बदलाव का आग्रह किया है।भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को होने वाले मुकाबले के कार्यक्रम मे बदलाव के बारे में पूछे जाने पर शाह ने इस बहुप्रतीक्षित मुकाबले का संदर्भ दिए बिना कहा, जैसा कि मैने पहले कहा, कुछ सदस्य बोर्ड ने आईसीसी को लिखा है और जल्द ही फैसला किया जाएगा। बीसीसीआई और आईसीसी ने विश्व कप के कार्यक्रम की घोषणा पिछले महीने की थी और अब इसमे बदलाव से प्रशंसकों को समस्या हो सकती है। भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 10 स्थलो पर कुल 48 मुकाबले खेले जाएंगे।

### अरूणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ियों को दिया गया नत्थी वीजा , टीम को रोका गया

भाषा। नई दिल्ली

अरूणाचल प्रदेश के तीन वुशु खिलाड़ियों को चीनी दूतावास से नत्थी वीजा जारी किया गया है जिसके कारण शुक्रवार से चेंगडू में शुरु होने वाले विश्व यूनिवर्सिटी खेलों में हिस्सा लेने वाली पूरी टीम को रोक दिया गया जबकि अन्य खेलों के खिलाड़ी देश से रवाना हो गए। आठ वुशु खिलाड़ियों और चार टीम अधिकारियों को यहां गुरुवार को तड़के (सुबह एक बजे) आईजीआई हवाईअड्डे से चीन के लिए रवाना होना था लेकिन सरकार द्वारा सभी को रूकने के लिए कहा गया है। तीन खिलाड़ी नेमान वांगसू, ओनिलू टेगा और मेपुंग लामगू अरूणाचल प्रदेश के हैं। भारतीय वुशु संघ के एक अधिकारी ने कहा कि एशियाई खेल या ओलंपिक की तरह किसी भी बहुस्पर्धीय प्रतियोगिता के विपरीत विश्व यूनिवर्सिटी खेलों के लिए खिलाड़ियों और अधिकारियों का एक्रीडिटेशन स्थल पर ही लिया जाना था और उन्हें वीजा के लिए आवेदन करने की जरूरत थी। बीते समय में भी किसी विशेष खेल के एशियाई और विश्व संचालन संस्था के अंतर्गत

### वेस्टइंडीज वनडे से सिराज को आराम, स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को विश्व कप से पहले टखने की चोट के कारण एहतियात के तौर पर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला से आराम दिया गया है। मोहम्मद शमी की गैर मौजूदगी मे टेस्ट श्रृंखला मे भारतीय तेज आक्रमण की कमान संभालने वाले सिराज टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों रविचंद्रन अश्विन, अजिंक्य रहाणे , केएस भरत और नवदीप सैनी के साथ स्वदेश लौट आए है। बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति मे कहा , मोहम्मद सिराज को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला से पहले भारत की वनडे टीम से फारिग किया गया है।उनके टखने मे चोट है और एहतियात के तौर पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आराम की सलाह दी है। भारत ने सिराज का कोई विकल्प नही चुना है। सिराज ने दोनो टेस्ट खेले थे और दूसरे मैच मे एक पारी मे पांच विकेट चटकाए थे। उनकी गैर मौजूदगी मे भारत का तेज आक्रमण जयदेव उनादकट , उमरान मलिक, शार्दुल ठाकुर और मुकेश कुमार संभालेंगे।

### कई बार इस सवाल का जवाब दे चुका हूं, विदेश में कोहली के टेस्ट फॉर्म पर बोले रोहित

**ब्रिजटाउन।** पिछले कुछ वर्षों मे विदेश मे विराट कोहली के फॉर्म को लेकर बार बार पूछे जाने वाले सवालो से आजिज आ चुके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि बाहर की आवाजों का टीम पर असर नही होता। पूर्व कप्तान कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पोर्ट आफ स्पेन में ड्रॉ रहे दूसरे टेस्ट मे शतक जमाया। विदेश मे इस प्रारूप मे उन्होंने पांच साल बाद शतक लगाया है। एक पत्रकार ने पूछा कि क्या कोहली के बड़ी पारी नही खेल पाने को लेकर चिंता थी, रोहित ने कहा कि टीम बाहर की बातो पर ध्यान नही देती। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , मै इस सवाल का कई बार जवाब दे चुका हूं। ए सब बाहरी बाते कि किसने कितने रन बनाए , कितने विकेट लिए। जो लोग ऐसी बाते करते है, उन्हें पता नही होता कि टीम के भीतर क्या होता है। जो भीतर होता है, वह भीतर ही रहता है। हम ऐसा ही चाहते है। सबसे अहम बात मैच और श्रृंखलाएं जीतना है, यह नही कि कौन क्या कह रहा है।

### आयरलैंड ने टी20 विश्व कप 2024 में जगह पक्की की

**एडिनबर्ग।** आयरलैंड ने जर्मनी के खिलाफ गुरुवार को यहां क्वालीफाइंग दौर का मैच बारिश की भेंट चढ़ने के बाद वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में जगह सुनिश्चित की। आयरलैंड ने शुक्रवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ होने वाले मैच से पहले ही कम से कम दूसरे स्थान पर रहना सुनिश्चित कर दिया। स्कॉटलैंड की टीम पहले ही टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। शीर्ष दो यूरोपीय क्वालीफायर टीम मुख्य दौर में जगह बनाएंगी। आयरलैंड ने अब तक खेले पांच मैच में से चार में जीत दर्ज की जबकि आज का मैच बेनतीजा रहा। टीम अगर कल स्कॉटलैंड को हरा देती है तो अंक तालिका में शीर्ष पर रहेगी। क्वालीफिकेशन के बारे में बात करते हुए आयरलैंड के कप्तान पॉल स्टर्लिंग ने कहा कि उनकी टीम इस उपलब्धि का जश्न मनाएगी लेकिन वे क्वालीफायर में शीर्ष पर रहना चाहते है। कप्तान ने कहा, हमें खुशी है कि हमने अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का अपना प्राथमिक लक्ष्य हासिल कर लिया।

### श्रीलंका के खिलाफ क्लीनस्वीप से आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में पाकिस्तान का दबदबा

दुबई। पाकिस्तान ने गुरुवार को श्रीलंका का दो टेस्ट की श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ करते हुए 2023-24 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की। पाकिस्तान ने पहले टेस्ट में गॉल में श्रीलंका को चार विकेट से हराने के बाद कोलंबो में दूसरे टेस्ट में मेजबान टीम को पारी और 222 रन से हराया। इस जीत से पाकिस्तान के दो टेस्ट में 24 अंक हो गए है। पाकिस्तान का अंक प्रतिशत शत प्रतिशत है। पाकिस्तान अब अपनी अगली श्रृंखला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी की सरजमी पर खेलेगा जो तीन मैच की श्रृंखला होगी।वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट की श्रृंखला में I-0 की जीत के साथ भारत 16 अंक के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में दूसरे स्थान पर चल रहा है। भारत के 66.67 प्रतिशत अंक है।मौजूदा डब्ल्यूटीसी चैंपियन ऑस्ट्रेलिया (26 अंक, 54.17 प्रतिशत अंक) तीसरे, इंग्लैंड (14 अंक, 29.17 प्रतिशत अंक) चौथे और वेस्टइंडीज (चार अंक, 16.67 प्रतिशत अंक) पांचवे स्थान पर है।

### पाकिस्तान ने पांच विकेट पर 576 रन पर पारी घोषित की, 410 रन की बढत

कोलंबो। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 576 रन के स्कोर पर घोषित की जिससे उसे पहली पारी में 410 रन की बढत मिल गई। अपने कल के स्कोर पांच विकेट पर 563 रन से आगे खेलते हुए पाकिस्तान ने सिर्फ 10 मिनट बल्लेबाजी की और कप्तान बाबर आजम ने पारी घोषित करने का फैसला किया। मोहम्मद रिजवान ने सुबह अपना अर्धशतक पूरा किया। यह टेस्ट क्रिकेट में उनका आठवां अर्धशतक है। पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक ने 201 और आगा सलमान ने नाबाद 132 रन बनाए। श्रीलंका के लिए सिर्फ असिथ फर्नांडो ही तीन विकेट ले सके।

# प्रणय, लक्ष्य, सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## ● जापान ओपन

**भाषा।** तोक्यो





**भारत के एच** एस प्रणय , लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21-14, 21-16 से हराया। कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21-17, 21-11 से मात दी। वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19-21, 21-9, 21-9 से हराया। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिरारू शिडा ने 21-21, 21-19 से मात दी। सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया। पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया। वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते। सात्विक और चिराग के लिए मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की। इस सत्र में सात्विक और चिराग ने कोरिया ओपन सुपर 500, स्विस ओपन सुपर 300 और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 खिताब जीते हैं।

### तैराकी विश्व चैम्पियनशिप : श्रीहरि नटराज 200 मीटर बैक्स्ट्रोक स्पर्धा में 31वें स्थान पर रहे

फुकुओका (जापान)। भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज गुरुवार को यहां फीना विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में निराशाजनक 31वें स्थान पर रहे। नटराज (22 वर्ष) अपनी हीट में 2:04.42 सेकेंड के समय से अंतिम स्थान पर रहे जिससे वह सेमीफाइनल मे जगह नही बना सके। स्पर्धा मे भाग ले रहे 39 तैराकों के बीच चार हीट (सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइंग रेस) मे से शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते है। नटराज इस स्पर्धा मे भारत के सर्वश्रेष्ठ तैराक है जिसमे उन्होने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलो मे हासिल किया जिसमे उन्होने 2:00.84 सेकेंड का समय लिया था।

# इंग्लैंड को लगे शुरुआती झटका, तीन विकेट गिरे

## ● एशेजःअंतिम टेस्ट आस्ट्रेलिया की उम्दा गेंदबाजी

**भाषा।** लंदन



आस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के पहले दिन लंच तक इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों और जो रूट का अहम विकेट झटक लिया। इंग्लैंड ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद पहले सत्र में तीन विकेट गंवाकर 131 रन बना लिए। हैरी ब्रूक 48 रन और मोईन अली 10 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। श्रृंखला का पहला टॉस जीतने के बाद गेंदबाजी का फैसला करने वाली आस्ट्रेलियाई टीम एशेज अपने नाम कर चुकी है। इंग्लैंड ने केवल 60 गेंद में बिना विकेट गंवाए 50 रन बना लिए थे। पहले विकेट के लिए आक्रामक अर्धशतकीय साझेदारी में अहम रहे बेन डकेट 12वें ओवर में 41 रन पर आस्ट्रेलियाई टीम के रिव्यू लेने के बाद आउट हुए। मिशेल मार्श की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने कैच लपका। आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने अगले ओवर में जाक क्रॉले (22 रन) को स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद रूट महज पांच रन ही बना पाए थे कि जोश हेजलवुड की गेंद पर बोल्ड हो गए जिससे आस्ट्रेलिया ने अहम विकेट हासिल किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेन से 2-2 से ड्रा खेला

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय महिला** टीम ने गुरुवार को यहां नवनीत कौर के दो गोल की बदौलत वापसी करते हुए स्पेनिश हॉकी महासंघ के 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मेजबान स्पेन से 2-2 से ड्रा खेला। नवनीत ने 14वें और 29वें मिनट में गोल दागे। स्पेन ने जांटल जिने (13वें मिनट) की मदद से बढ़त हासिल की और घरेलू टीम के लिए दूसरा गोल लाइया विदोसा ने 26वें मिनट में दागा। स्पेन ने घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए पहले क्वार्टर में भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाया। लेकिन भारतीय गोलकीपर सविता हर प्रयास को विफल करती रहीं। पहले क्वार्टर के अंत में स्पेन ने जवाबी हमले किए और जिने ने गोल कर अपनी टीम को I-0 से आगे कर दिया। नवनीत सर्कल के अंदर लंबे पास का फायदा उठाने में सफल रही, उन्होंने गोल कर भारत को I- I की बराबरी पर ला दिया। अब दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में एक और गोल की तलाश में थीं जिसमें भारतीय खिलाड़ी दीपिका का जानदार शॉट नेट के ऊपर से निकल गया जिससे मेजबान टीम ने राहत की सांस ली। इस क्वार्टर के खत्म होने में कुछ ही मिनट बचे थे और विदोसा ने पेनल्टी कॉर्नर का पूरा फायदा उठाते हुए गोल कर दिया जबकि इससे पहले भारतीय गोलकीपर ने एक गोल बचाया था। फिर भारतीय टीम को नवनीत ने बराबरी दिलाई जब उन्होंने पहले हाफ से एक मिनट में स्पेनिश डिफेंस को चीरते हुए शानदार गोल किया।

## विश्व चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल्स की तारीख पर फैसला एक अगस्त के बाद : तदर्थ समिति सदस्य

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा कुश्ती के लिए नियुक्त की गई तदर्थ समिति विश्व चैम्पियनशिप के लिए ट्रायल्स कराने की तारीख की घोषणा एक से तीन अगस्त के बीच कर सकती है क्योंकि तब तक भारतीय कुश्ती महासंघ चुनावों के लिए नामांकन संख्या पर स्पष्टता हो जाएगी। तदर्थ समिति के एक सदस्य ज्ञान सिंह ने कहा, नामांकन भरने की अंतिम तारीख 31 अगस्त है तो एक अगस्त तक हमें पता चल जाएगा कि कितने उम्मीदवार संबंधित पदों के लिए लड़ रहे हैं। अगर प्रत्एक पद के लिए केवल एक ही उम्मीदवार होगा तो मेरा सोचना है कि डब्ल्यूएफआई की कमान एक अगस्त तक नए अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

# इंग्लैंड ने पहले मैच में जीत दर्ज की, हैती की हार

## ● विश्व कप फुटबॉल

**भाषा।** आकलैंड

**अपेक्षा के** अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने के बावजूद इंग्लैंड ने महिला फुटबॉल विश्व कप के पहले मैच में हैती को I-0 से हराया। इंग्लैंड ग्रुप डी में डेनमार्क के साथ शीर्ष पर है। अब उसे सिडनी में डेनमार्क से ही खेलना है जिससे शीर्ष टीम का निर्धारण होगा। दोनों टीमें यूरोपीय चैम्पियनशिप में तीन बार भिड़ चुकी हैं लेकिन महिला विश्व कप में यह उनकी पहली टक्कर होगी। डेनमार्क 2007 के बाद पहली बार महिला विश्व कप खेल रहा है और पहले मैच में उसने चीन को I- 0 से हराया।

### नाईजीरिया ने आस्ट्रेलिया को हराकर उलटफेर किया

**ब्रिसबेन।** बार्सिलोना की फॉरवर्ड असिसात ओशोआला की मदद से नाईजीरिया ने गुरुवार को यहां फीफा महिला विश्व कप 2023 के मैच में सह मेजबान आस्ट्रेलिया को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर मैदान में उतरी ओशोआला ने 72वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस जीत से नाईजीरिया ग्रुप बी में कनाडा के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गया दोनों के चार चार अंक हैं। इसका मतलब है कि चोटों से जूझ रही आस्ट्रेलियाई टीम को प्री क्वार्टर में पहुंचने की उम्मीदों को कायम रखने के लिए सोमवार को मेलबर्न में ओलंपिक चैम्पियन कनाडा को हराना होगा। नाईजीरिया के लिए ओशोआला के अलावा उचेना कानू (45़6वें मिनट) और ओसिनाची ओहाले ने 65वें मिनट में गोल दागे। आस्ट्रेलिया की ओर से एमिली वान एगमंड (45़ Iवें मिनट) और अलाना कैनेडी (90़10वें मिनट) ने गोल किए।



### पुर्तगाल ने वियतनाम को बाहर किया

**हैमिल्टन।** टेल्मा एनकार्नाको के शानदार खेल की मदद से पुर्तगाल ने महिला विश्व कप फुटबॉल के मैच में बृहस्पतिवार को वियतनाम को 2-0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही वियतनाम के नॉकआउट के रास्ते बंद हो गए। पुर्तगाल के पास अभी भी अगले चरण में पहुंचने का मौका है जिसे अमेरिका के खिलाफ जीत या ड्रॉ की जरूरत है। इसके साथ ही वियतनाम को नीदरलैंड पर जीत दर्ज करनी होगी। पुर्तगाल के लिए टेल्मा ने एक गोल किया और दूसरे गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। पुर्तगाल को अब आकलैंड में मौजूदा विश्व चैम्पियन अमेरिका से खेलना है जबकि वियतनाम का सामना नीदरलैंड से होगा।